संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



केरलम में वोट देने के बाद मीडिया को स्याही लगी हुई उंगली दिखाते हुए मतदाता।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 100 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# असम-केरलम में मतदान समाप्त, ईवीएम में कैद हुआ जनादेश

- विधानसभा चुनावः शाम 5 बजे तक असम में 84.42, केरल में 75, पुडुचेरी में 86.92 फीसदी मतदान, छिटपुट हिंसा को छोड़ दें तो मतदान लगभग शांतिपूर्ण रहा।

**वोटिंग**

- कांग्रेस पहले से ही हैरान-परेशान है और मतदान से ठीक पहले इस तरह की तस्वीरें उसे और पस्त कर देग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** असम, केरलम और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव के लिए सभी सीटों पर मतदान गुरुवार को संपन्न हो गया। छिटपुट हिंसा को छोड़ दें तो मतदान लगभग शांतिपूर्ण रहा। चुनाव आयोग के शाम 5 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक असम में 84.42, केरलम में 75.01 प्रतिशत और पुडुचेरी में 86.92 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान के अभी अंतिम आंकड़े आना बाकी हैं। क्योंकि जो मतदाता निर्धारित समय खत्म होने से पहले से कतार में खड़े थे उनको मतदान का अवसर मिलेगा। तीनों राज्यों में मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ था। असम में मतदान का समय शाम 5 बजे तक और केरल एवं पुडुचेरी में शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया था।

निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, शाम 5 बजे तक पुडुचेरी में सबसे अधिक 86.92 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि असम में 84.42 प्रतिशत और केरल में 75.01 प्रतिशत वोटिंग हुई। दिनभर मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा। दोपहर 3 बजे तक असम में 75.91 प्रतिशत, केरल में 62.71 प्रतिशत और पुडुचेरी में 72.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। वहीं दोपहर 1 बजे तक असम 59.63 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा, जबकि केरल में 49.70 प्रतिशत और पुडुचेरी में 56.83 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जिससे लोकतंत्र के इस पर्व में लोगों की सक्रिय भागीदारी साफ नजर आई। पूर्वाह्न 11 बजे तक असम में 38.92 प्रतिशत, केरल में 33.28 प्रतिशत और पुडुचेरी में 37.06 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि सुबह 9 बजे तक यह आंकड़ा क्रमशः 17.87 प्रतिशत, 16.23 प्रतिशत और 17.41 प्रतिशत रहा। इसके बाद दिन चढ़ने के साथ मतदान की रफ्तार तेज होती गई। असम में छिटपुट हिंसा में कम से कम 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। पुडुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया। केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में मतदान किया। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में मतदान किया। चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील इलाकों में वेबकास्टिंग और ड्रोन के जरिए निगरानी रखी गयी।



### केरल की 140 विधानसभा सीटों पर 890 उम्मीदवार

असम में 126 सीटों पर 41 राजनीतिक दलों के 722 उम्मीदवार मैदान में रहे, जिनमें 59 महिलाएं शामिल हैं। राज्य में लगभग 2.5 करोड़ मतदाताओं के लिए 31,490 मतदान केंद्र बनाए गए थे। यह चुनाव 2023 में हुए परिसीमन के बाद पहला चुनाव है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी अपनी सत्ता बनाए रखने की कोशिश कर रही है, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वापसी की उम्मीद में है। केरल की 140 विधानसभा सीटों पर 890 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहे। यहां 2.71 करोड़ मतदाता हैं और चुनावी मुकाबला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ), यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच त्रिकोणीय बना हुआ है। एलडीएफ जहां लगातार पांचवीं बार सत्ता में लौटने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, वहीं विपक्षी गठबंधन उसे कड़ी चुनौती दे रहे हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों पर कुल 294 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। केंद्रशासित प्रदेश में 9.5 लाख से अधिक मतदाताओं में से करीब 24,919 पहली बार मतदात बने थे।

## मुरैना में रेत माफिया ने फॉरेस्ट गार्ड को कुचला

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय मध्यप्रदेश के मुरैना में एक फॉरेस्ट गार्ड पर रेत माफिया द्वारा ट्रैक्टर ट्राली चढ़ा देने के मामले पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। गुरुवार को एक वकील ने जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए इस पर जल्द सुनवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि कोर्ट की ओर से स्वतः संज्ञान लिए गए मामलों की सुनवाई 11 मई को है। वकील ने मुरैना की घटना पर जल्द सुनवाई की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने मुरैना के मामले पर 13 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया। खनन माफिया चंबल के नये डकैत हैं।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को दिल्ली के कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित छत्रपति शिवाजी भवन में एक 'बहुआयामी संग्रहालय' का उद्घाटन किया।

**सबरीमाला मंदिरः 2018 का फैसला महिलाओं को पुरुषों से कमतर मानने की धारणा पर आधारित था**

## 'किसी को मंदिर में प्रवेश से रोकना हिंदू धर्म को बांटने जैसा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सबरीमाला मंदिर मामले पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा है कि 2018 का फैसला महिलाओं को पुरुषों से कमतर मानने की धारणा पर आधारित था। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय बेंच के समक्ष ये दलीलें रखी। नौ सदस्यीय संविधान बेंच के समक्ष इस मामले की सुनवाई का आज तीसरा दिन था। मेहता ने कहा कि ये मामला किसी एक लिंग के पक्ष का विपक्ष का नहीं है बल्कि ये धार्मिक परंपराओं और आस्थाओं से जुड़ा हुआ है। मेहता ने कहा कि देश में कई ऐसे मंदिर हैं जहां पुरुषों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध है या उन्हें विशेष परंपराओं का पालन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि केरल के कोट्टनकुलंगरा



श्री देवी मंदिर में पुरुष पारंपरिक रुप से महिलाओं की तरह साड़ी पहनकर पूजा करते हैं। ये परंपरा वर्षों से चली आ रही है। मेहता ने कहा कि हर धार्मिक स्थल की अपनी अलग परंपराएं होती हैं, जिन्हें एक ही नजरिये से नहीं देखा जा सकता है। एसजी केएम नटराज ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 25 और 25 के तहत धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए तीन स्तरीय तंत्र मौजूद हैं। पहला अनुच्छेद 25(1) के तहत व्यक्तिगत धार्मिक स्वतंत्रता, दूसरा अनुच्छेद 25(2) के तहत राज्य का नियामक अधिकार और तीसरा अनुच्छेद 26 के तहत संस्थागत अधिकार। सभी प्रावधान आपस में जुड़े हुए हैं और किसी को भी दूसरे से कमतर नहीं माना जा सकता है। तब जस्टिस बीवी नागरत्ना ने अनुच्छेद 25(2) के पहले भाग पर सवाल उठाते हुए पूछा कि इस अनुच्छेद में कुछ भी मौजूदा कानूनों को प्रभावित नहीं करेगा का क्या मतलब है। तब नटराज ने कहा कि इसका मतलब पूर्व संवैधानिक कानूनों से है। अगर ये कानून मौलिक अधिकारों के असंगत नहीं हैं।

## 100 डॉलर तक पहुंची डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में सीजफायर को लेकर बने सस्पेंस के माहौल की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल ने एक बार फिर जोरदार छलांग लगाई। आज के कारोबार में कच्चे तेल ने एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को छू लिया। हॉर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से पेट्रोलियम प्रोडक्ट के शिपमेंट में रुकावट आ सकती है।

सीजफायर टलने की आशंका के कारण ही बुधवार को 91.05 डॉलर प्रति बैरल तक गिर जाने वाला वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड आज उछल कर 100.05 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया।

इसी तरह बुधवार को 91.88 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक गिरने वाला ब्रेंट क्रूड 98.85 डॉलर प्रति बैरल तक उछल गया।

## बंगाल चुनाव में ड्यूटी कर्मचारियों की सुरक्षा का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में न्यायिक अधिकारियों और चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों की सुरक्षा का मुद्दा उच्चतम न्यायालय पहुंच गया है। अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि निष्पक्ष, निर्भीक और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का दिशा-निर्देश जारी किया जाए। याचिका में 2013 में हुए पंचायत चुनावों का हवाला दिया गया है, जिसमें चुनाव और चुनाव बाद हिंसा में 39 लोगों की मौत हो गई थी। उस समय तृणमूल कांग्रेस ने ही जीत दर्ज की थी। तृणमूल कांग्रेस के डराने धमकाने की वजह से 34 फीसदी सीटों पर निर्विरोध चुनाव हुआ था। आम मतदाता डर के मारे घर से निकलकर मतदान स्थल पर नहीं गए।

## मुख्यमंत्री ने समाधान शिविरों की औचक समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री ने वीरवार को ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर प्रदेशभर में संचालित समाधान शिविरों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों से जुड़े नागरिकों की शिकायतें सीधे सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। प्रदेश के सभी जिलों में प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को उपायुक्त तथा उपमंडल अधिकारी कार्यालयों में



समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में नागरिक अपनी समस्याएं प्रस्तुत करते हैं। जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव होता है, उनका तत्काल निपटारा किया जाता है, जबकि शेष मामलों का समाधान 7 से 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाता है। गौरतलब है कि 10 जून 2024 से आरंभ हुए इस अभियान के अंतर्गत अब तक प्रदेशभर में लगभग डेढ़ लाख शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से लगभग 78 प्रतिशत शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। बैठक में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जिलों के नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

**निर्देश**

- मुख्यमंत्री ने शिविरों की औचक समीक्षा कर अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए

## 10 से अधिक विभागों की खरीद प्रक्रियाओं को दिया गया अंतिम रूप



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में विकास कार्यों को और अधिक गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण परियोजनाओं और खरीद प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिया। यह निर्णय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं हरियाणा निवास में आयोजित हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन, डीएचबीवीएन, एचएसआईआईडीसी, पीडब्ल्यूडी, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, डीएमईआर, एफएमडीए, जीएमडीए, सिंचाई विभाग और पीएचईडी सहित 10 से अधिक विभागों की विभिन्न परियोजनाओं पर करीब 1028 करोड़ रुपये खर्च करने की स्वीकृति प्रदान की गई और बोलीदाताओं से नेगी सेशन करके करीब 96 करोड़ रुपये की बचत की गई। बैठक में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेशवासियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि कार्य निर्धारित समय सीमा में और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे हो सकें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे और सभी अधिकारी खर्च की जाने वाली राशि के सदुपयोग पर विशेष ध्यान दें। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में 11 मीटर लंबे पीसीसी पोल, सिंगल फेस और थ्री फेस नेट मीटर तथा 25 केवीए ट्रांसफार्मरों की खरीद प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया। इसके अलावा, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के हर-हित रिटेल प्रोजेक्ट के तहत पूरक पोषण कार्यक्रम के लिए 29 करोड़ रुपये की कमोडिटी खरीद को मंजूरी दी।

**स्वास्थ्य** | *स्वास्थ्य क्षेत्र में आशा और संभावनाओं के नए द्वार खोल रहा एआई : राज्यपाल*

## राज्यपाल ने किया 51वें राष्ट्रीय नैदानिक मनोविज्ञान सम्मेलन का शुभारम्भ

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित 51वें राष्ट्रीय नैदानिक मनोविज्ञान सम्मेलन (एनएसीआईएसीपी-2026) का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राणा पी. सिंह ने की। इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'मानसिक स्वास्थ्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका' था। राज्यपाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, प्रभावी और



व्यक्तिगत बनाने की क्षमता रखती है, जिससे जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता और उपचार मिल सकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में एआई के उपयोग से रोगों की पहचान और उपचार की प्रक्रिया तेज, सटीक और अधिक प्रभावी हुई है।

गुप्ता ने कहा कि आधुनिक समाज में तनाव, अवसाद, चिंता और अन्य मनोवैज्ञानिक विकार तेजी से बढ़ रहे हैं, जो सभी वर्गों को समान रूप से प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे समय में एआई स्वास्थ्य क्षेत्र में आशा और नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। फिलहाल कई डिजिटल प्लेटफॉर्म और एप्लिकेशन विकसित किए जा चुके हैं, जो व्यक्ति की भावनाओं, व्यवहार और भाषा के आधार पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की शुरूआती अवस्था की पहचान कर सकते हैं। ये तकनीकें भविष्य में और भी अधिक कारगर साबित होंगी।

राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने टेली-मानस जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जो देश के दूरदराज और वंचित क्षेत्रों तक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में सहायक हैं।

मानसिक स्वास्थ्य केवल चिकित्सा का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी का भी मुद्दा है।

**संवेदनशीलता**

- मानसिक स्वास्थ्य केवल चिकित्सा का विषय नहीं, सामाजिक संवेदनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी का भी मुद्दा है

## केवल छह साल तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर मांग की गई है कि अब केवल छह साल तक के बच्चों का ही आधार कार्ड बनाया जाए, क्योंकि बड़ों का आधार कार्ड बनाने की अब कोई जरुरत नहीं है। देश में पहले ही 144 करोड़ यानि 99 फीसदी लोगों के आधार कार्ड बन चुके हैं। याचिका में कहा गया है कि बड़े लोगों का आधार बनाने का फायदा कुछ विदेशी लोग उठा रहे हैं। वकील और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने दायर याचिका में कहा है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश के घुसपैठिये कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर पैसे देकर फर्जी आधार कार्ड बनवा रहे हैं।

# एआई आधारित शिक्षा से छत्तीसगढ़ को नवाचार का अग्रणी केंद्र बनाना हमारा ध्येयः विष्णु देव

छत्तीसगढ़ में अकआधारित शिक्षा की नई शुरूआतः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गूगल इंडिया प्रतिनिधियों की मुलाकात, रायपुर से शुरू होगा एआई सक्षम शिक्षा अभियान, 2 लाख से अधिक शिक्षकों को मिलेगा एआई प्रशिक्षण, कक्षा शिक्षण में एआई के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगाः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**शिक्षा पर बल**

गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया के प्रमुख एवं गूगल इंडिया के पब्लिक पॉलिसी प्रमुख राकेश ने मुलाकात की





**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ में शिक्षा को भविष्य की तकनीकों से जोड़ते हुए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया के प्रमुख संजय जैन एवं गूगल इंडिया के पब्लिक पॉलिसी प्रमुख राकेश रंजन ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने अतिथियों का पारंपरिक सम्मान करते हुए उन्हें शॉल एवं बस्तर कला की प्रतिकृति भेंट की। गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया के प्रमुख संजय जैन ने रायपुर जिला प्रशासन और गूगल के मध्य हुए लेटर ऑफ इंटेंट की जानकारी साझा करते हुए बताया कि रायपुर जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एआई सक्षम शिक्षा अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के माध्यम से स्कूल शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सक्षम शिक्षक अभियान के तहत राज्य में शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल टूल्स और अकआधारित शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल के प्रथम चरण की शुरूआत रायपुर से की जाएगी, जिसके बाद इसे राज्य के सभी जिलों में विस्तार दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 2 लाख से अधिक शिक्षकों को अकप्रमाणन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए गूगल फॉर एजुकेशन अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म को निःशुल्क उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है, जिससे शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त किया जा सके। कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक चरण में 200 शिक्षकों की सहभागिता से विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें गूगल फॉर एजुकेशन टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, कक्षा शिक्षण में एआई के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## 'छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को नवाचार आधारित बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही'

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक-सक्षम और नवाचार आधारित बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों को शिक्षा से जोड़ना केवल एक पहल नहीं, बल्कि प्रदेश के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इससे न केवल शिक्षण पद्धतियों में गुणवत्ता आएगी, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर नए युग के कौशल विकसित होंगे, जो उन्हें आने वाले समय की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एआई सक्षम शिक्षा अभियान जैसे कार्यक्रम शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए परिवर्तनकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अक आधारित प्रशिक्षण और डिजिटल संसाधनों से सशक्त कर कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है - छत्तीसगढ़ को एक ऐसे ज्ञान-आधारित और तकनीकी रूप से सशक्त राज्य के रूप में स्थापित करना, जहाँ हर विद्यार्थी को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अवसरों से भरपूर शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर एक सशक्त, आधुनिक और तकनीक-सक्षम शिक्षा व्यवस्था का निर्माण करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश बंसल, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मनरेगा में छत्तीसगढ़ की बड़ी छलांगः मनरेगा क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल

**जियो-टैगिंग**

ई-केवायसी, जियो-टैगिंग और क्यूआर कोड से पारदर्शिता को मिली नई गति

**टीम एक्शन इंडिया**

रायपुरः महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने विभिन्न प्रमुख मानकों पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

**97% सक्रिय श्रमिकों का ई-केवायसी पूर्ण**

1 अप्रैल 2026 की स्थिति में राज्य ने 97 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-केवायसी पूर्ण कर लिया है, जिससे भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित हुई है। जिसके तहत प्रदेश के 58.16 लाख श्रमिकों का ई-केवायसी तथा 11.32 लाख निर्मित परिसंपत्तियों का जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिससे कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग संभव हुई है।

**11,668 ग्राम पंचायतों में जीआईएस आधारित योजना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से 11,668 ग्राम पंचायतों में 2,86,975 कार्यों की जीआईएस आधारित कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप वैज्ञानिक योजना निर्माण सुनिश्चित हुआ है। इसके साथ ही मनरेगा कार्यस्थलों पर फेस ऑथेंटिकेशन आधारित एनएमएमएस प्रणाली के उपयोग से उपस्थिति की निगरानी अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनी है।

**क्यूआर कोड से आमजन को सीधी जानकारी**

ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिक, कार्यों की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एक सितंबर से अब तक लगभग 5 लाख से अधिक स्कैन दर्ज किए गए हैं।

# बिहार के बक्सर में प्रधानमंत्री पर हमले की साजिशश का पर्दाफाश

**गिरफ्तार**

सीआईए को प्रस्ताव भेजकर प्रधानमंत्री की हत्या की योजना में सहयोग के बदले बड़ी रकम की मांग की थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमले की साजिश रचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य का हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर सिमरी थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) शुभम आर्य ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमन तिवारी के रूप में हुई है, जो सिमरी के आशा पड़री गांव का निवासी है। उस पर आरोप है कि उसने अमेरिका की खुफिया एजेंसी, केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) को प्रस्ताव भेजकर प्रधानमंत्री की हत्या की योजना में सहयोग के बदले बड़ी रकम की मांग की थी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और बुधवार देर रात छापेमारी कर आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान अमन तिवारी की निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, आरोपित ने कथित तौर पर साजिश को अंजाम देने के लिए 22 दिनों का समय मांगा था।

# हरियाणा में तेज होगी फाइल निपटान प्रक्रिया

**पारदर्शी**

निर्धारित समयावधि के बाद पोर्टल पर दर्शाए गए लंबित मामलों के आंकड़ों को अंतिम और प्रमाणिक माना जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सभी विभागों, बोर्डों, निगमों तथा स्वायत्त संस्थाओं को सीएफएमएस एवं टीआईएस पोर्टल पर लंबित फाइलों की समीक्षा कर उन्हें 15 दिनों के भीतर निपटाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा गुरुवार को जारी निर्देशों के अनुसार, वर्ष 2025 और 2026 से संबंधित बड़ी संख्या में फाइलें पोर्टल पर पेंडिंग श्रेणी में दर्ज हैं। इनमें से कई फाइलें भौतिक रूप से निपटाई जा चुकी हैं, लेकिन उनकी स्थिति पोर्टल पर अपडेट नहीं की गई है, जिसके कारण लंबित मामलों की संख्या वास्तविकता से अधिक दिखाई दे रही है। सरकार ने सभी विभागों को ऐसी फाइलों की स्थिति तुरंत अपडेट करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सही आंकड़ों के आधार पर निगरानी और मूल्यांकन किया जा सके। इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडलायुक्तों तथा उपायुक्तों को 15 दिनों के भीतर यह कार्य पूरा करने को कहा गया है। निर्धारित समयावधि के बाद पोर्टल पर दर्शाए गए लंबित मामलों के आंकड़ों को अंतिम और प्रमाणिक माना जाएगा।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पेसा-एफआरए समन्वय के लिए जल्द होगा टास्क फोर्स का गठन- प्रमुख



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव बोरा ने कहा कि कॉमन्स पर जनजातिय समुदायों के अटूट विश्वास उनके सशक्तिकरण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जल जंगल, जमीन, संस्कृति और पर्यावरण, विरासत संरक्षण एवं संवर्धन में कॉमन्स की प्रभावी भूमिका है। उन्होंने न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन की बात करें तो स्थानीय लोग नीति-कार्यान्वयन में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि नीतिगत बदलाव के लिए सरकार एक समर्पित टास्क फोर्स बनाने की प्रक्रिया में है। इस टास्क फोर्स का उद्देश्य पूरे राज्य में अधिक प्रभावी कार्यान्वयन के लिए पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा) और वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के मध्य संतुलित समन्वय सुनिश्चित करना है। कॉमन्स सम्मेलन संवाद में सांस्कृतिक और पारंपरिक दृष्टिकोणों को केंद्र में रखा गया था, जिसकी शुरूआत पद्मपुरस्कार से सम्मानित जागेश्वर यादव और पांडी राम मंडावी तथा गौर मारिया नृत्य कलाकार सुलक्ष्मी सोरी जैसे सम्मानित अतिथियों के प्रारंभिक उद्बोधनों से हुई। साझा प्राकृतिक संसाधनों (कॉमन्स) के सुशासन और सामुदायिक संरक्षण पर केंद्रित दो दिवसीय ह्लछत्तीसगढ़ कॉमन्स कंवीनिंगह्व का शुभारंभ आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने किया। कार्यशाला नवा रायपुर ट्राइबल रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, सेक्टर-24, में आयोजित हो रहा है।

# मप्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन शुरू, पहले दिन हुई 1616 क्विंटल खरीदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गेहूँ का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गुरुवार से शुरू हो चुका है। पहले दिन 45 उपार्जन केन्द्रों पर 1616 क्विंटल गेहूँ का उपार्जन किया गया है। शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूँ का उपार्जन शुरू किया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रदेश में गेहूँ उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है। विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसानों के हित में सरकार द्वारा 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले वर्ष से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अभी तक 97 हजार 474 किसानों द्वारा 4 लाख 46 हजार 582 मीट्रिक टन गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं।

# मानेसर में हड़ताली कर्मचारियों ने फूंकी पुलिस की बाइक



**प्रदर्शन**

पुलिस ने कर्मचारियों पर किया लाठीचार्ज, कई कर्मचारी हुए घायल, एक कर्मचारी का सिर फूटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर में अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने गुरुवार को जब कंपनी गेट पर प्रदर्शन करना चाहा तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज कर दिया। गुस्साए कर्मचारियों ने भी बदले में पुलिस की राइडर बाइक फूंक दी और गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। इसमें कई कर्मचारी घायल हो गए। इस घटना में एक कर्मचारी का सिर फूट गया तो किसी के हाथ व मुंह पर गहरी चोटें आई। गुरुवार की सुबह जब कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर एकजुट हो रहे थे तो पुलिस ने उन्हें वहां से खदेडना चाहा। विवाद बढ़ गया और पुलिस ने कर्मचारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। कर्मचारी बचाव के लिए इधर-उधर भागने लगे। पुलिस की लाठी से एक कर्मचारी की सिर फूट गया। इससे कर्मचारियों में आक्रोष पैदा हो गया। कर्मचारी अब तक तो कंपनी प्रबंधन के खिलाफ ही थे, अब वे पुलिस के भी खिलाफ हो गए हैं। पुलिस की कार्यप्रणाली से उनमें रोष है। पुलिस की इस कार्रवाई से इससे कर्मचारियों का विरोध और अधिक बढ़ गया। कर्मचारी पुलिस के खिलाफ भी हो गए। कर्मचारियों ने ऐलान किया कि अपनी मांगों के पूरा हुए बिना वे काम पर नहीं लौटेंगे। आईएमटी मानेसर के सेक्टर-4 में रिचा ग्लोबल प्लांट में हड़ताल कर रहे सेंकड़ों कर्मचारियों को पुलिस ने गेट बंद कर घेर लिया है। काफी संख्या में कंपनी के बाहर मौजूद कर्मचारियों ने कुर्सी और बेंचों में आग लगा दी। आग की सूचना पर पास में ही खड़ी मानेसर दमकल विभाग से गाडियों को लाकर आग पर काबू पाया गया।

# कृषि केवल आजीविका नहीं, संस्कृति और अर्थव्यवस्था की है धुरी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषि केवल आजीविका नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा रही है। कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की धुरी है और प्रदेश के समग्र विकास का आधार भी है। आज कृषि एक नए मोड़ पर खड़ी है, जहां जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़, मृदा की घटती उर्वरता और बाजार की अस्थिरता जैसी चुनौतियां हमें नई सोच और नवाचार की ओर प्रेरित कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के कृषि क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजनाओं का विस्तार हुआ है, तकनीक को खेतों तक पहुंचाया गया है और नवाचार को जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। ड्रोन दीदी जैसी पहल के माध्यम से महिलाएं भी आधुनिक कृषि तकनीक से जुड़ रही हैं, वहीं कृषि सखियों के माध्यम से जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषिः मूलं जीवनम्ह्व का भाव हमारे समाज की जीवन-दृष्टि को व्यक्त करता है। कृषि धन्य है, पवित्र है और जीवन का मूल आधार है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए समृद्ध किसान-समृद्ध मध्य प्रदेश की थीम पर पूरे वर्ष 2026 को प्रदेश में कृषि उत्सव मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों को भविष्य की कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना और कृषि को लाभकारी, स्थायी तथा तकनीक आधारित रोजगार सृजन मॉडल में परिवर्तित करना है।

इन परियोजनाओं से जब किसान के खेतों तक पानी पहुँचेगा तो मिट्टी सोना उगलेगी। किसानों को भरपूर पानी मिलेगा, जिससे वे एक वर्ष में तीन-तीन फसलें ले सकेंगे

# नदी जोड़ो परियोजनाएं बन रही किसानों की समृद्धि और प्रदेश की तरक्की का आधारः मोहन

**परियोजना**

तीन पड़ोसी राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के साथ नदी जोड़ो परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की तीन अंतरराष्ट्रीय सिंचाई परियोजनाएं किसानों की समृद्धि और प्रदेश की तरक्की का आधार बन रही हैं। इन परियोजनाओं से जब किसान के खेतों तक पानी पहुँचेगा तो मिट्टी सोना उगलेगी। किसानों को भरपूर पानी मिलेगा, जिससे वे एक वर्ष में तीन-तीन फसलें ले सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि तीन पड़ोसी राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के साथ प्रदेश में तीन बड़ी अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है। उत्तर प्रदेश के साथ केन-बेतवा लिंक परियोजना, राजस्थान के साथ पार्वती-चंबल-कालीसिंध परियोजना और महाराष्ट्र के साथ मेगा-तापी अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्ज परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर मध्य प्रदेश में कृषि, उद्योग, पेयजल के लिए पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध होगा। इन परियोजनाओं की विशेषता यह है कि इन पर आने वाली लागत का 90% खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मध्य प्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग 55 लाख हेक्टेयर है। वर्ष 2028-29 तक इसे 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य मध्य प्रदेश सरकार ने रखा है।

**"केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना"**

जनसम्पर्क अधिकारी पंकज मित्तल ने बताया कि अंतरराज्यीय नदियों को जोड़ने की दिशा में केन्द्र सरकार, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश सरकार मिल कर देश की प्रथम अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजना "केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना" का निर्माण कर रही है। इसकी कुल लागत 44,604 करोड़ रुपये है।

मध्य प्रदेश के कार्यांश के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना की लागत 24,293 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन द्वारा अप्रैल 2024 में जारी की गई। परियोजना के प्रथम चरण में दौधन बांध का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिसंबर 2025 को शिलान्यास किया गया। परियोजना से दो चरणों में मध्य प्रदेश में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई क्षमता विकसित की जानी है। परियोजना में 126 एम.सी.एम. जल से 10 जिलों की 41 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। इससे 103 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जायेगा। परियोजना से 10 जिले छतरपुर, पन्ना, दमोह, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, रायसेन, शिवपुरी, दतिया एवं विदिशा लाभान्वित होंगे। साथ ही छतरपुर, टीकमगढ़ एवं निवाड़ी के कुल 42 ऐतिहासिक तालाबों का जीर्णोद्धार भी किया जायेगा। जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश राज्य की अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत संशोधित पार्वती-कालीसिंध चंबल लिंक को धरातल पर लाने के लिए अनुमानित निर्माण राशि 35 हजार करोड़ रुपए है।

# हर स्तर पर जनता की आवाज बनना कांग्रेस की प्राथमिकता- रमेश मलिक

## कांग्रेस जिला कमेटी पानीपत ग्रामीण की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर किया मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 9 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत ग्रामीण के पदाधिकारियों की मासिक बैठक बृहस्पतिवार को सेक्टर 25 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने की और संचालन जिला संगठन महासचिव दीपक खटकड ने किया। बैठक में जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों, लोगों को आ रही समस्याओं और संगठन को ओर ज्यादा मजबूत करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि आम जनता




जिन परेशानियों का सामना कर रही है, उन्हें पूरी मजबूती से उठाना है और हर स्तर पर जनता की आवाज बनना कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता है। इस मौके पर एसआईआर पर भी चर्चा की गई और कहा कि बीएलओ एसआईआर में सही तरह से काम करे तथा किसी पात्र वोटर को उसकी वोट से वंचित ना किया जाये। जिला अध्यक्ष रमेश मलिक व जिला संगठन महासचिव दीपक खटकड और अन्य पदाधिकारियों ने विचार विमर्श करके संगठन को मजबूत करने को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई है। रमेश मलिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनका समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। कांग्रेस पार्टी जनता के हकों की लड़ाई में हर मोर्चे पर डटकर खड़ी है और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करती रहेगी।

# पानीपत शुगर मिल में 61 लाख 50 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई, पेराई में प्रदेश के सरकारी मिलों में रहा टॉप पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 9 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत शुगर मिल का पेराई सत्र 28 नवंबर को शुरू हुआ और 8 अप्रैल को संपन्न हो गया। शुगर मिल ने इस पेराई सत्र के दौरान 130 दिनों में 61 लाख 50 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की गई, जोकि हरियाणा प्रदेश के सभी 11 सरकारी शुगर मिलों में सबसे ज्यादा है। शुगर मिल में लगी टरबाईन की 8 मेगावाट बिजली से तो शुगर मिल को चलाया गया और बाकि बिजली को एचवीपीएन के नौल्था पॉवर को एक्सपोर्ट किया गया। शुगर मिल द्वारा एचवीपीएन को बृहस्पतिवार सुबह तक 29 करोड की 4 करोड 56 लाख यूनिट बिजली बेची गई। शुगर मिल में पेराई तो बंद हो गई पर अभी बॉयलिंग




हाउस खाली किया जा रहा है। जिससे टरबाईन अभी एक दिन और चलेगी तथा करीब 10 लाख यूनिट बिजली और बिकेगी। बिजली बेचने में पानीपत शुगर मिल प्रदेश के सभी सरकारी व निजी शुगर मिलों में सबसे उपर रहा है। मिल में पिछले साल के मुकाबले इस बार 60 हजार क्विंटल कम गन्ने की पेराई हुई पर 2.20 करोड की ज्यादा बिजली बेची। यह जानकारी शुगर मिल के एमडी एवं एसडीएम इसराना नवदीप सिंह नैन ने बृहस्पतिवार को दी। नवदीप नैन ने बताया कि उपायुक्त पानीपत एवं शुगर मिल के चेयरमैन डा. विरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में शुगर मिल ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। शुगर मिल में चीनी की रिकवरी 9.05 प्रतिशत रही। शुगर मिल का कैपेसिटी यूटिलाइजेशन (क्षमता उपयोग) 94.61 प्रतिशत रहा है और यह प्रदेश के सभी सरकारी व प्राईवेट मिलों में सबसे ज्यादा है। मिल के चेयरमैन एवं डीसी डा. विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि 1956 में शुरू हुए पानीपत मिल के इतिहास में इस बार क्षमता उपयोग सबसे ज्यादा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### आयुष विश्वविद्यालय में होम्योपैथी दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज : राजा सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के होम्योपैथी चिकित्सा केंद्र में आज 10 अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।



होम्योपैथी दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर का कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान व कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर शुभारंभ करेंगे। आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने बताया कि शिविर में सुबह दस से दोपहर एक बजे तक रोगियों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयों का वितरण, शुगर व रक्त जांच के साथ-साथ हड्डियों की जांच की जाएगी। शिविर में होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. कुलजीत कौर और डॉ. रिया शर्मा द्वारा मरीजों की जांच कर परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### सियास्ते (SIASTE) कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन कुरुक्षेत्र के निदेशक डॉ. ऋषि गोयल के दिशा-निर्देशन और संस्थान प्रभारी डॉ परवीन कुमार के मार्गदर्शन में बी.ए. बी.एड. (इ.अ. इ.एं.) और बी.एससी. बी.एड. के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। यह भ्रमण 6 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक रहा।भ्रमण इंचार्ज डॉ सुमंत कुमार गोयल ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण में संतान के 45 छात्रों ने बड़ी उत्सुकता और आनंद से भाग लिया। भ्रमण के प्रथम दिन संस्थान प्रभारी डॉ. प्रवीण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। पहले दिन विद्यार्थियों ने आईआईटी रुड़की और राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान का दौरा किया, जहाँ उन्होंने तकनीकी और वैज्ञानिक बारीकियों को समझा। इसके पश्चात ऋषिकेश में कैंपिंग का आनंद लिया।
दूसरे दिन की शुरूआत ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग और पटना वाटर फॉल की ट्रेकिंग के साथ हुई। शाम को विद्यार्थियों ने राम झूला के दर्शन किए और विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में भाग लेकर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। तृतीय और अंतिम दिन विद्यार्थी देहरादून पहुंचे, जहाँ उन्होंने भारतीय सर्वेक्षण विभाग वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान और ऐतिहासिक टपकेश्वर महादेव मंदिर व रॉबर्स केव (गुच्चूपानी) का अवलोकन किया।
इस भ्रमण का नेतृत्व टूर इंचार्ज डॉ. सुमंत कुमार गोयल ने किया। उनके साथ टीम के सदस्य के रूप में डॉ. संदीप कुमार, श्रीमती रितु त्यागी और श्री संदीप सांगवान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। संस्थान के निदेशक डॉ. ऋषि गोयल ने इस सफल शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यार्थियों और स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के दौरे विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# कुपोषण पर महिलाओं और बच्चों को दिलाई गई शपथ




**दलबीर सिंह मलिक,**
**कुरुक्षेत्र।** आज हथीरा आंगनबाड़ी केंद्र में एएनएम मेधा की अगुवाई में कुपोषण पर महिलाओं और बच्चों को शपथ दिलाई गई है इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण सरोज रितु और प्ले स्कूल एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता उपस्थित रही तथा आशा वर्कर सुमन, नीलम, संजना भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के मुख्य शिक्षक सूबे सिंह सुजान ने शपथ दिलवाई और कहा कि अपने बच्चों को साफ सफाई व्यवस्था दें और

# नशा होता अच्छा तो मां कहती खा ले मेरे बच्चेः डॉ. अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के सभागार में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रोफेसर रमेश चंद्र, डॉ राजन शर्मा, डॉ जय किशन चंदेल, डॉ अनिल कुमार के मार्गदर्शन में हुआ जबकि कार्यक्रम संयोजिका रश्मि कंसल रही। नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत वर्षों से कार्यरत हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए। अर्जित अवकाश पर होते हुए भी वे इस



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए पहुंचे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध विस्तारपूर्वक जागरूक करते हुए बताया कि प्रतिबंधित नशों के लिए भारत में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट लागू है। उन्होंने नशे के प्रकार, किस प्रकार समाज में बच्चों के बीच पहुंचता है तथा किस प्रकार नशा समाज को प्रभावित करता है बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने कहा कि ऊफवक्रर का अभिप्राय ऊएअऊ में समाहित है जिसका अर्थ है- ऊफवक्र एठऊ अछछ ऊफएअटर. उन्होंने बताया कि नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों के लिए सरकारी अस्पताल सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम के समापन पर एक शपथ ग्रहण करवाई गयी। उन्होंने बताया कि यदि कोई सूचना देना चाहता है तो वह 1933 पर दे सकता है। इस अवसर पर लोक प्रशासन विभाग से डॉ रमा विशेष रूप से उपस्थित रही और कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाना हैः सुमंत

**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम, 09 अप्रैल।** ग्रामीणों को बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली ऋण सहायता राशि व बैंक से जुड़ी अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर गांव पटौदी में हरियाणा ग्रामीण बैंक की नई शाखा शुरू की गई है, जिसका शुभारंभ हरियाणा ग्रामीण बैंक के चेयरमैन सुमंत कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि नई शाखा खोलने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाना है।
इस दौरान ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम में बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं, डिजिटल



सेवाओं एवं साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने विकसित भारत 2047 के अनुरूप एक डिजिटल एवं ग्राहक-प्रथम बैंक के निर्माण की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके साथ ही बेहतर क्रियान्वयन, ग्राहक सेवा पर विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद सिंगल ने भी बैंक की सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।
इस दौरान पटौदी खुर्द के सरपंच प्रतिनिधि सिंटू, संडवा से सरपंच कृष्ण, पटौदी के पूर्व सरपंच अतर सिंह सहित गांव के अनेक प्रबुद्ध व गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## कोटक महिंद्रा का प्रबंधक पांच दिन के रिमांड पर

**चंडीगढ़।** पंचकूला में हुए करीब 160 करोड़ के कोटक महिंद्रा बैंक घोटाले में कार्रवाई करते हुए एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को बैंक के डिप्टी वाइस प्रेजिडेंट पुष्पेंद्र कुमार को अदालत में पेश करके पांच दिन के रिमांड पर लिया है। पंचकूला शहर के सेक्टर-11 स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के तत्कालीन प्रबंधक पुष्पेंद्र ने बुधवार की रात एसीबी ऑफिस में सरेंडर किया था। सरेंडर करने के दौरान उनके साथ वकीलों की टीम मौजूद रही। उधर, सीनियर अकाउंट ऑफिसर विकास कौशिक का भी कोर्ट ने 2 दिन का पुलिस रिमांड बढ़ा दिया है।

## युवा कलाकारों की कलाकृतियों में दिखी मौलिकता और गहराईः डॉ. जितेन्द्र



**सड़क सुरक्षा**

**युवा कलाकारों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ललित कला विभाग द्वारा गुरुवार को कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें युवा कलाकारों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में समकालीन संवेदनाओं, आत्म-अन्वेषण और मानवीय अनुभवों के विविध आयामों को अभिनव कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र कुमार, अध्यक्ष, सांख्यिकी एवं ऑपरेशंस रिसर्च विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह, विभाग के संकाय सदस्य, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।
मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र कुमार ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कलाकारों की रचनाओं में निहित मौलिकता, गहराई और वैचारिक स्पष्टता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक और बौद्धिक वातावरण को समृद्ध बनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युवा कलाकारों ने पहचान, अस्तित्व और मानवीय अनुभव जैसे विषयों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया है। विभागाध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने कहा कि विभाग उभरते कलाकारों को एक सशक्त और सृजनात्मक मंच प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां न केवल कला प्रेमियों के लिए एक समृद्ध दृश्य अनुभव प्रस्तुत करती हैं।

# धूमधाम से मनेगा जिला स्तरीय बैसाखी उत्सव

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में 14 अप्रैल को बैसाखी उत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को एडीसी कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।
बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बैसाखी पर्व की गरिमा के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पारंपरिक लोक नृत्य, संगीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हों। उन्होंने सीडीएलयू ऑडिटोरियम में मंच सजावट, बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था लेकर संबंधित विभागों को पुख्ता प्रबंध करने के लिए कहा।
एडीसी अर्पित संगल ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल तक जनता की सुगम आवाजाही, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से भी अवगत करवाना है। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी दर्शना सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, कार्यकारी अभियंता कमलदीप राणा, जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल, एओ प्रेम कुमार, डीवाईडब्ल्यू कार्यालय सीडीएलयू से राजेश छिकारा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आदर्श बूथ 145 के 13 कार्यकर्ता दीनदयाल धाम की यात्रा पर गए

## बूथ 145 हरियाणा प्रदेश व देश में कुरुक्षेत्र का नाम रोशन करेगाः तजिंद्र सिंह गोल्डी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** थानेसर विधानसभा के आदर्श बूथ क्रमांक 145 की कार्य समिति के 13 कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पैतृक गांव नगला चंद्रभान, फरहा, जिला मथुरा के लिए निकले । पंडित दीनदयाल के गांव को "दीनदयाल धाम" कहा जाता है और भाजपा का कार्यकर्ता दीनदयाल धाम को एक तीर्थ के समान मानता है ।आज सवेरे 6:00 बजे बूथ 145 के कार्यकर्ताओं को कुरुक्षेत्र भाजपा के जिला अध्यक्ष सरदार तेजिंदर सिंह गोल्डी जी ने भारत माता पर पुष्प अर्पित करते हुए एवं सभी कार्यकर्ताओं का तिलक




करके और सभी को भाजपा का पटका पहनाकर व हाथ में भाजपा का ध्वज देकर व झंडी दिखाकर कुरुक्षेत्र से रवाना किया और बूथ समिति के सभी कार्यकर्ता भारत माता के चरणों में पुष्प अर्पित कर व चरणों में नमन करते हुए वाहनों में बैठे , जिला अध्यक्ष गोल्डी जी ने कहा कि थानेसर विधानसभा का हमारा बूथ 145 हरियाणा का आदर्श बूथ है इस बूथ के कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल के गांव में जाकर उनके संघर्ष, तप और त्याग के प्रसंग गांव वालों व परिवार जनों से सुनकर आएंगे और आने के बाद दुगनी उर्जा से संगठन का कार्य करेंगे और संगठन के कार्यों के दम पर बूथ का नाम एक दिन देश में भी ऊंचा करेंगे जो कि हमारे कुरुक्षेत्र के लिए गर्व की बात होगी । इस अवसर पर बूथ के पन्ना प्रमुख एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के द्वारा दर्शाए गए मार्ग एकात्म मानव दर्शन के मार्ग पर कार्य कर रही है, तभी तो भाजपा संगठन आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है पंडित दीनदयाल का 52 वर्ष का जीवन बहुत ही प्रेरणादायक, संघर्ष, तप एवं त्याग से भरा हुआ है, इसलिए दीनदयाल धाम तीर्थ के दर्शन करने के उपरांत हम वहां पर संकल्प लेंगे की हमारा बूथ 145 राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा प्रांत का नाम संगठन के रूप में ऊंचा करें ।
इस तीर्थ यात्रा पर जाने वाले कार्यकर्ताओं ने पन्ना प्रमुख एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना, बूथ अध्यक्ष श्री रामफल सहारण, बूथ पालक पुरुषोत्तम शर्मा, बी एल ए 2 पंकज बंसल, शक्ति केंद्र प्रमुख बी एल अरोड़ा, मंडल सचिव एवं पन्ना प्रमुख सुशील चित्रा, लाभार्थी प्रमुख सुनील वशिष्ठ, सह सैनिक प्रमुख विनोद शर्मा, सह शिक्षक प्रमुख जयप्रकाश शास्त्री, पन्ना प्रमुख अंग्रेज सिंह, पन्ना प्रमुख अमित धीमन, पन्ना प्रमुख सेवानिवृत ल्ल रणधीर सिंह, पन्ना प्रमुख सुखविंद्र सिंह सहित कुल 13 कार्यकर्ता "दीनदयाल धाम" की तीर्थ यात्रा पर गए

# सीजेएम ने किया जिला सैनिक बोर्ड स्थित लीगल ऐड क्लीनिक का दौरा

**सिरसा, (शुभम खटक)**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवेश सिंगला ने वीरवार को जिला सैनिक बोर्ड स्थित लीगल ऐड क्लिनिक का दौरा किया। इस अवसर पर क्लिनिक में ड्यूटी पर तैनात पीएलवी (एक्स सर्विसमैन) गुरवैल सिंह भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की वीर परिवार सहायता योजना 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस योजना के




तहत सैनिकों के परिवारों को नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए पब्लिसिटी सामग्री भी वितरित की गई।
प्रवेश सिंगला ने बताया कि सिरसा जिले के 12 अन्य गांवों में भी लीगल ऐड क्लिनिक स्थापित किए गए हैं, जहां पैनल अधिवक्ता और पीएलवी द्वारा आमजन को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है।

# हाईकोर्ट के फैसले पर कांग्रेस विधायक चंद्र मोहन का बड़ा बयान: लोकतंत्र की जीत, जनता को मिला न्याय

**पंचकूला मैनपाल** : पंचकूला में वार्डबंदी को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले का कांग्रेस विधायक चंद्र मोहन ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक करार दिया है। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह निर्णय लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है और इससे आम जनता को न्याय मिला है। चंद्र मोहन ने इस मुद्दे पर उनके साथ संघर्ष करने वाले सभी पार्षदों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पूरी लड़ाई में पार्षदों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है, जिनके सहयोग और लगातार प्रयासों के चलते यह मामला न्यायालय तक पहुंचा और अंततः सच्चाई सामने आई।

उन्होंने बताया कि नगर निगम चुनाव को लेकर पंचकूला प्रशासन ने जल्दबाजी में प्रदेश में सबसे पहले वार्डबंदी तैयार कर दी थी। कांग्रेस नेताओं ने प्रारंभिक स्तर पर ही इस प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज करवाई थी, लेकिन प्रशासन ने इन आपत्तियों को खारिज करते हुए वार्डबंदी का अंतिम प्रकाशन कर दिया। इसके



बाद कांग्रेस ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा को भी शिकायत भेजी, लेकिन वहां भी उनकी बात नहीं सुनी गई। विधायक ने आगे कहा कि वार्डबंदी के दौरान अनुसूचित जाति (एससी) वार्डों की संख्या में कमी को लेकर भी कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। इसके साथ ही वार्ड आरक्षण के लिए किए गए ड्रा की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए थे। बावजूद इसके प्रशासन ने सभी आपत्तियों को दरकिनार करते हुए अपनी प्रक्रिया को सही ठहराया। चंद्र मोहन ने आरोप लगाया कि वार्डबंदी और आरक्षण प्रक्रिया में नगर निगम पंचकूला, शहरी स्थानीय निकाय विभाग तथा पंचकूला के उपायुक्त (डीसी) शामिल थे। अब हाई कोर्ट के फैसले के बाद इन सभी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला न केवल पंचकूला बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे होने वाली चुनावी प्रक्रियाएं पूरी तरह निष्पक्ष और नियमों के अनुरूप होंगी, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की जा सके।प्रेस कॉन्फ्रेंस को विजय बंसल , सलीम दबकोरी, संदीप सोही, नवीन बंसल , उषा रानी , रामप्रशाद, गौतम प्रशाद, अरुण मादरा आदि नेताओं ने भी संबोधित किया।

## न्यूज फ्लैश

### सूखा नीम का पेड़ बना हादसों की वजह, दुकानदार ने कटवाने की लगाई गुहार



**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)** कुरुक्षेत्र के पिपली क्षेत्र में एक सूखा नीम का पेड़ स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। गांव पिपली (आदर्श कॉलोनी) निवासी श्योराम पुत्र बाबूराम, जो गीता द्वार के पास पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने ह्लसेवा ऑटो रिपेयरह्व नाम से बाइक रिपेयर की दुकान चलाते हैं, ने प्रशासन से इस पेड़ को तुरंत कटवाने की मांग की है।

श्योराम ने बताया कि उनकी दोनों दुकानों के सामने खड़ा यह नीम का पेड़ पूरी तरह सूख चुका है और कई बार इसकी टहनियां अचानक टूटकर नीचे गिर चुकी हैं। इससे न केवल उनकी दुकान में खड़ी बाइकों को नुकसान हुआ है, बल्कि आसपास आवाजाही करने वाले लोगों की जान पर भी खतरा मंडराता रहता है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 22 नवंबर 2023 को वन विभाग कुरुक्षेत्र को भी एक लिखित शिकायत दी थी, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बार-बार विभाग के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

दुकानदार के अनुसार, इस सूखे पेड़ के कारण कई बार बड़े हादसे होते-होते टले हैं। उनके पास इस संबंध में वीडियो सबूत भी मौजूद हैं। पेड़ के नीचे ही उनकी दुकान होने के कारण उन्हें और उनके ग्राहकों को हर समय जान-माल का खतरा बना रहता है।

श्योराम के साथ-साथ आसपास के अन्य दुकानदार भी इस समस्या से परेशान हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द इस खतरनाक पेड़ को हटाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस सूखे नीम के पेड़ को तुरंत प्रभाव से कटवाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### कनाडा भेजने के नाम पर 20.85 लाख के इमिग्रेशन फ्रॉड में आरोपी गिरफ्तार, आरोपी 4 दिन के पुलिस रिमांड पर



**पंचकूला/ 09 अप्रैल:-** कनाडा भेजने के नाम पर पंचकूला के युवक से लाखों रुपये ऐंठने के मामलें में पंचकूला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना रायपुररानी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने 8 अप्रैल को आरोपी लालित्य हांडा को गिरफ्तार कर आज अदालत में पेश किया, जहां उससे पूछताछ, ठगी की रकम की बरामदगी और फरार सह-आरोपी तक पहुंचने के लिए 4 दिन का रिमांड हासिल किया गया है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि पंचकूला वासी व्यक्ति ने वर्ष 2023 में कनाडा वर्क वीजा पर जाने के लिए अमरावती एन्क्लेव स्थित कंसल्टेंसी से संपर्क किया था। इस कंसल्टेंसी को आरोपी लालित्य हांडा और उसका साथी मिलकर संचालित कर रहे थे। दोनों आरोपियों ने पीड़ित को 6 महीने के भीतर कनाडा भेजने का झांसा देकर कुल 31.70 लाख रुपये में डील तय की। इसके बाद आरोपियों ने सर्विस एंड पेमेंट एग्रीमेंट किया और किस्तों में रकम वसूलनी शुरू कर दी। शिकायत के आधार पर 20 अगस्त 2025 को भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420 व इमिग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया। जांच में यह साबित हुआ कि पीड़ित से कुल 20 लाख 85 हजार रुपये लिए गए। इसके बावजूद आरोपियों ने न तो पीड़ित को कनाडा भेजा और न ही उसकी रकम वापस की। मामले की जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी लगातार पीड़ित को गुमराह करता रहा। जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोपियों ने उसे धमकाया व बाद में आरोपियों ने मोबाइल फोन बंद कर लिए और दफ्तर भी बंद कर फरार हो गए। पुलिस जांच में आरोपी लालित्य हांडा ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर पीड़ित से रकम ली थी। पंचकूला पुलिस अब आरोपी के खुलासे के आधार पर राजस्थान में रकम की बरामदगी, सह-आरोपी की गिरफ्तारी और पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। मामले में गहन जांच जारी है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ताः इस मामले में आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**कलायत।** भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी व प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा संगठन की मजबूती, जन सेवा एवं कार्यकर्ताओं के संगठन के प्रति जुड़ाव के मूल मंत्र को लेकर काम रही हैं। भाजपा ने सही मायने में देश-प्रदेश में राजनीति के मायनों को बदला है। वे भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कलायत नगर पालिका पार्षदों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोल रही थी। इसमें संयोजक के रूप में सीवन नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि संदीप सैनी, कलायत नगर पालिका से पार्षद कुमारी रेणू धानियां, नंबरदार संजय सिंगला, रवींद्र निर्मल बंटी, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, विनोद जेष्ठ, अमित वाल्मीकि, राजेश बेदी, प्रवीण कांसल व दूसरे पार्षद मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी के साथ जिला उपाध्यक्ष जंगीर सिसला, जिला सचिव अजय प्रताप राणा, अवधेश किशोर, कलायत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, महामंत्री मनीष शर्मा, एसआइआर जिला सह संयोजक महीपाल सिंह,

**भावविभोर**

**भाजपा ने सही मायने में देश-प्रदेश में राजनीति के मायनों को बदला है : जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी**

कलायत मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा, मंडल महामंत्री सचिन शर्मा, रमेश कुमार व दूसरे कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सम्मान समारोह में ज्योति सैनी के गुजराज में मायके से लेकर जिला कैथल में भाजपा की सोच के प्रचार-प्रसार से जुड़ी उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। नगर पालिका जन प्रतिनिधियों ने कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कैथल नगर परिषद से पार्षद के रूप में अपने चुनावी राजनैतिक सफर को शुरू किया। उनकी कार्यकुशलता पर न केवल आम जन ने मुहर लगाई बल्कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें बिजली निगम में निदेशक के तौर पर जिम्मेवारी देकर महिला सम्मान को बढ़ावा दिया गया।

## ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण जागरूकता पर सीएचसी में बैठक आयोजित

**तोशाम, वंदना शर्मा**

**तोशाम, 09 अप्रैल।** नागरिक अस्पताल तोशाम में वीरवार को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की ओर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण के लिए जागरुकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 14 से 15 साल की किशोरियां को एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने पर जोर दिया गया।

इस मौके पर एचपीवी संक्रमण से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर चाहर ने कहा कि सरकार की यह अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। एचपीवी वैक्सीन लगाकर लड़कियों को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है।



उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया कि अपने क्षेत्र में इस विषय पर जागरूक करते हुए 15 वर्ष तक की सभी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। अभिभावकों को भी वैक्सीन के महत्व के बारे में समझाते हुए अधिकाधिक बच्चों को इसका लाभ दिलाने का आान किया गया।

एसएमओ डॉ सुधीर चाहर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग से तालमेल कर आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से वैक्सीन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। एसएमओ ने इस सम्बंध में संबंधित विभागों से सहयोग की अपील करते हुए अभियान को सफल बनाए जाने का आग्रह किया।

**एचपीवी टीका पूरी तरह से सुरक्षित बताया---**

डॉ ओजस्वनी शर्मा ने बताया कि एचपीवी टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। टीकाकरण के बाद इंजेक्शन लगने वाली जगह पर दर्द, सूजन या लालिमा हो सकती है। बुखार, सिरदर्द और थकान, चक्कर या मतली के लक्षण दिखाई पड़ सकते हैं। इससे घबराने की जरूरत नहीं है।

14 से 15 साल की किशोरियां वैक्सीन जरूर लगवाएं। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार, स्वाथ्य विभाग से राजेन्द्र सिंह, खंड आशा कॉर्डिनेटर मंजू देवी, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर कुसुम मलिक सहित विभिन्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वाहन ने मारी टक्कर, स्कूटी सवार की मौत

**जींद।** नरवाना के पुराना हिसार रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर शहर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जाजया लिया। पुलिस ने गुरूवार को मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक निजी नर्सिंग कालेज में सुरक्षा गार्ड था। शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## घोटालों में उलझी सरकार को किसानों की कोई सुध नहीं – सुधा

**पंचकूला मैनपाल**

हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार घोटालों में लिप्त है और किसानों की समस्याओं की ओर पूरी तरह से आंखें मूंदे हुए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान आज भारी संकट से गुजर रहा है, लेकिन सरकार उसकी सुध लेने के बजाय अपनी नाकामियों को छिपाने में लगी हुई है।

सुधा भारद्वाज ने कहा कि किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, मंडियों में व्यवस्थाएं बदहाल हैं और



प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान का मुआवजा भी समय पर नहीं दिया जा रहा। इसके बावजूद सरकार किसानों के हित में कोई ठोस कदम उठाने में असफल रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां किसान विरोधी हैं, जिसके चलते खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है और आत्मनिर्भर बनने के बजाय मजबूरी में संघर्ष कर रहा है। सुधा भारद्वाज ने सरकार से मांग की कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, उन्हें उचित समर्थन मूल्य दिया जाए और फसल नुकसान का शीघ्र मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

## इंद्री में छात्रा से कथित क्रूरता: फीस विवाद में परीक्षा से रोका, बंधक बनाने के आरोप

**इंद्री 9 अप्रैल (मैनपाल कश्यप )**

इंद्री के ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ कथित क्रूरता और दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। जिसको लेकर एसडीएम इंद्री व खंड शिक्षा अधिकारी जाँच के लिए स्कूल में पहुंचे। छात्रा के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि फीस विवाद के चलते न केवल छात्रा को परीक्षा देने से रोका गया, बल्कि उसे कई घंटों तक एक कमरे में बंधक बनाकर रखा गया। इस घटना से छात्रा मानसिक रूप से गहरे आघात में चली गई, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

पीड़ित छात्रा के पिता बाबू राम व सोनू ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। उन्होंने स्कूल में करीब 50 हजार रुपये एडवांस फीस के रूप में जमा करवाए थे, जबकि 10 हजार रुपये अलग से भी दिए गए थे विवाद के पाच्यात 27830 हजार रुपए खंड शिक्षा अधिकारी के समक्ष दिए थे। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन ने 13 मार्च और 17 मार्च 2026 को छात्रा को परीक्षा देने से रोक दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उनकी बेटी परीक्षा देने के लिए स्कूल बस में चढ़ने लगी तो उसे जबरन नीचे उतार दिया गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने छात्रा को एक कमरे में कई घंटों तक बंद रखा। इस दौरान उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

घटना के बाद परिजनों ने जिला उपायुक्त, एसडीएम इंद्री, खंड शिक्षा अधिकारी और बाल कल्याण समिति करनाल को लिखित शिकायत दी। परिजनों का कहना है कि शिकायत करने पर स्कूल संचालक ने उन्हें धमकी भी दी थी



कि यदि उन्होंने कहीं शिकायत की तो उनकी बेटी के भविष्य को खराब कर दिया जाएगा।

**उपायुक्त के आदेश पर बाद में हुए पेपर**

शिकायत के बाद उपायुक्त के निर्देश पर छात्रा के पेपर तो लिए गए, लेकिन परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने जानबूझकर उसे फेल कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम से छात्रा मानसिक रूप से टूट गई और उसकी हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वहीं, परिजनों ने प्रशासनिक कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज देने से इनकार कर दिया, जिससे सच्चाई सामने नहीं आ पा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जांच के दौरान अधिकारियों ने इस पहलू पर गंभीरता नहीं दिखाई।फिलहाल प्रशासन ने दबाव बनाने की कौशिस की हमारी सरकार से मांग है की इस पुरे मामले की उच्च स्तरीय जाँच होनी चाहिए अधिकारियो की मिली भगत से मामले को दबाने की कोशिश हो रही है।

**मामले की जाँच जारी है :खंड शिक्षा अधिकारी**

खंड शिक्षा अधिकारी इंद्री गुरनाम सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले में शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि छात्रा की फीस जमा थी, ऐसे में उसे परीक्षा से रोकना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम के मुताबिक वैसे भी किसी भी छात्र को फीस के कारण परीक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता। इस मामले में लापरवाही और क्रूरता के आरोपों की गहन जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि बाद में छात्रा के 11वीं कक्षा के पेपर लिए गए, लेकिन वह परीक्षा में असफल रही। स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि छात्रा को स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (एसएलसी) जारी किया जाये ताकि वह अन्य किसी विद्यालय में दाखिला लेकर अपनी पढ़ाई जारी रख सके।

**शिकायत कर्ता ० स्कूल प्रबधन के बीच मीटिंग कराई गई है :एसडीएम**

एस एम इंद्री रमन गुप्ता ने बताया कि इस मामले में छात्रा और उसके अभिभावकों की स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक करवाई गई है। उन्होंने कहा कि परिजनों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं और वे संतुष्ट हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मामले की विस्तृत जांच खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की जा रही है।

**आरोप निराधार है :स्कूल प्रबंधन**

ज्ञान भारती स्कूल के संचालक अश्वनी कुमार बताया की सभी आरोप बेबुनियादी है जानभूझकर स्कूल को बदनाम किया जा रहा है फीस जमा नहीं करवाई गई थी लड़की के पेपर लिए गए थे जिसमे वह असफल रही एसएलसी लड़की को दे दी गई है।

वो कही दाखिला ले सकती है


## क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

### खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

### बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल के बीच यदि कोई हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेवार सरकार: धन्ना राम

**हड़ताल**

**आज के धरने की अध्यक्षता नगरपालिका यूनियन ब्लाक कैशियर धन्ना राम ने की**




**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नगर पालिका कर्मचारी संघ व अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन, संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा घोषित की गई दो दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन अग्निशमन विभाग ब्लाक गुहला व सीवन के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की व धरना दिया। आज के धरने की अध्यक्षता नगरपालिका यूनियन ब्लाक कैशियर धन्ना राम ने की और मंच का संचालन गुरदीप राम द्वारा किया गया। आज की हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ ब्लाक गुहला से जगबीर मान समर्थन देने के लिए विशेष रूप से पहुंचे। इस अवसर पर अपने सम्बोधिन में धन्ना राम ने कहा कि कि आज हड़ताल का दूसरा दिन है, लेकिन सरकार को कर्मचारियों के हितों की ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार फरीदाबाद केमिकल फैक्ट्री में आग बुझाते समय शहीद हुए कर्मचारी भविचंद शर्मा तथा रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा नहीं देती व पीड़ित परिवारों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी का प्रबंध नहीं करती, तब तक हड़ताल यूं ही जारी रहेगी। इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी संघ ब्लाक गुहला के प्रधान पृथ्वीराम ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की विभागीय मंत्री विपुल गोयल के साथ वार्ता हुई थी, जिसमें मंत्री द्वारा हमारी जायज मांगों को वित्त आयोग को भेजने का झूठा आश्वासन देकर हड़ताल को खत्म करने का दबाव बनाया गया, जिसे यूनियन ने सिरे से खारिज कर दिया और पूरे हरियाणा में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की एकजुटता को देखते हुए हड़ताल अब 2 दिन यानी 11 अप्रैल तक के लिए ओर बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि जब तक दमकल कर्मियों की सभी जायज मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो चल रही हड़ताल अनिश्चितकालीन हड़ताल में भी बदल सकती है। उन्होंने चेताया कि सरकार को समय रहते बातचीत के द्वारा कर्मचारियों की सभी जायज मांगों का समाधान तुरंत प्रभाव से करना चाहिए ताकि पूरे प्रदेश में दमकल विभाग का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे। उन्होंने कहा कि अगर इस दौरान प्रदेश में कहीं भी कोई अनहोनी होती है, तो उसके लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार होगी क्योंकि हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन, निर्देशक अग्नि शमन विभाग हरियाणा बातचीत के माध्यम से यह मामला सुलझाना चाहती थी लेकिन जब उन्होंने यूनियन की मांगों को नजरन्दाज किया, तो कर्मचारियों को मजबूरी में हड़ताल जैसा ठोस कदम उठाना पड़ा। आज की हड़ताल में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान जसवीर सिंह, धर्मपाल, सतपाल व आनंद समर्थन देने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर सभा के प्रधान जसवीर सिंह ने कहा कि जब तक अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक अखिल भारतीय किसान सभा इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी और जरूरत पर प्रदर्शन व हड़ताल जैसे कदम भी उठाए जाएंगे। इस अवसर पर नगर पालिका ब्लाक गुहला यूनियन की वरिष्ठ उप्रधान चिंतो देवी, मलकीत सिंह, गुरदीप, विजय सिंह, अमर सिंह, शंकर, सुखविंदर, सरबजीत, गुरमीत, प्रेमो व जीतो आदि कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# गैस की बचत व सही उपयोग को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

**शिविर**

**अधिकारी, कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिकों, विशेषकर गृहणियों ने भाग लिया।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/बराड़ाः** उपमंडल अधिकारी सतीन्द्र सिवाच की अध्यक्षता में लघु सचिवालय बराड़ा के सभागार में गैस की बचत एवं उसके सुरक्षित व सही उपयोग को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिकों, विशेषकर गृहणियों ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा घरेलू स्तर पर गैस के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करना रहा।एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि हम छोटे-छोटे उपायों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, तो न केवल गैस की बचत की जा सकती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

उन्होंने गृहणियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि भोजन बनाने से पहले सभी आवश्यक सामग्री एकत्रित कर लें और उसके बाद ही गैस चूल्हा जलाएं। इससे अनावश्यक गैस की खपत को रोका जा सकता है और समय की भी बचत होती है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एसडीएम ने उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर, रेगुलेटर और पाइप की नियमित जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गैस लीकेज की आशंका होने पर तुरंत संबंधित एजेंसी से संपर्क करना चाहिए और स्वयं से किसी प्रकार का जोखिम नहीं उठाना चाहिए। इसके साथ ही रसोई में उचित वेंटिलेशन बनाए रखने और गैस उपकरणों को साफ-सुथरा रखने पर भी बल दिया गया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गैस सिलेंडर का खड़े अवस्था में ही उपयोग करें, लिटाकर उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा बढ़ता है। दौरान उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और आमजन से इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 9 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी में अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्रों एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं वॉलीबॉल, क्रिकेट, दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो व रस्साकशी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक ज्ञानवर्धक सत्र के साथ हुई। जिसमें छात्रों को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने की। जबकि संचालन जसविंद्र सैनी ने किया। अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के बारे बताते हुए प्राचार्य अश्वनी कुमार ने कहा कि यह दिवस पूरे विश्व में शारीरिक फिटनेस, खेल भावना, शांति और विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। दैनिक जीवन में खेलों को शामिल करना शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।



- रादौर के ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। (छाया : कुलदीप सैनी)

# गांव कांजनू से एक भेडपालक की आठ भेडे चोरी, केस दर्ज

**रादौर, 9 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव कांजनू से एक भेडपालक की आठ भेडे चोरी हो गई। चोरी की सूचना पीड़ित को सुबह लगी। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कांजनू निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह भेड़ पालने का कार्य करता है। घर के पास ही शाम के समय उसने अपने घेर में भेड़ो को रखा हुआ जिसका वह ताला लगाकर अपने घर चला गया था।

लेकिन सुबह जब वह अपने घेर में पहुंचा तो उसने देखा कि वहां से आठ भेड़े गायब है। उसने गली में लगे पंचायती कैमरे चैक किए तो पता चला कि रात्रि करीब डेढ़ बजे चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरी की इस घटना से उसे हजारों रुपए का नुकसान पहुंचा है।

# हवन के साथ हुई लाइक पब्लिक स्कूल के नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 9 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र व स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य हवन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व स्टाफ ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान विद्यालय परिवार की सुख-समृद्धि व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर प्रधानाचार्या नेहा देवी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ समारोह का समापन हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### बाबैन में आयोजित होने वाले जयंती समारोह में पहुंचने का दिया न्यौता

**रादौर, 9 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : सैनी समाज सभा कुरुक्षेत्र के प्रतिनिधि छत्रपाल सैनी व फूल सिंह सैनी ने 11 अप्रैल को बाबैन में आयोजित होने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह का न्यौता दिया। इस दौरान उन्होंने सैनी समाज रादौर के संरक्षक डॉ. बलदेव सैनी व प्रधान धनपत सैनी को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। धनपत सैनी ने आश्वासन दिया कि रादौर से दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ लोग समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और सावित्रीबाई-ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा कई मंत्री व जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। धनपत सैनी ने कहा कि ऐसे आयोजन महापुरुषों को याद करने और नई पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ने का अच्छा माध्यम हैं। इस मौके पर प्रदीप सैनी, बलजीत सैनी, प्रवीन सैनी, नरेंद्र फतेहगढ़, नरेंद्र जगूड़ी, पार्षद रविंद्र सैनी, रामलाल पोटली, रविकांत सैनी, जसपाल पोटली, सुभाष खुर्दबन, रोशन लाल सैनी, विक्रम फतेहगढ़, सुरेश सैनी, मुकेश सैनी इत्यादि मौजूद रहे।

### पोषण पखवाड़े के तहत महिलाओं को किया पोषण व बाल विकास के प्रति जागरूक



**रादौर, 9 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव हिरण छप्पर की आंगनबाड़ी केंद्र में 8 वें पोषण पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा ने बताया कि यह अभियान 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक जिलेभर में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कुसुम लता ने ग्रामीण महिलाओं को संतुलित आहार व पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी। सुपरवाइजर वंदना कंबोज ने बताया कि इस दौरान एक आकर्षक पोषण मॉडल प्रस्तुत किया गया तथा एक गर्भवती महिला को पौष्टिक थाली भेंट की गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मानसिक विकास पर विशेष ध्यान देना है, क्योंकि बच्चे के मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास छह वर्ष की आयु तक हो जाता है। पखवाड़े के दौरान महिलाओं को घर के साधारण आहार, फल-सब्जियों के सेवन व जंक फूड से परहेज करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### पुलिस ने साइकिल चोरी करने के मामले में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीकाः** नगर पुलिस ने साइकिल चोरी करने के मामले में वार्ड नं 5 चीका निवासी गुरविंद्र सिंह उर्फ आलू को गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पटियाला रोड़ चीका निवासी अन्नत राम की शिकायत के अनुसार 3 मार्च को करीब 12 बजे वह उसका साईकिल देवीलाल पार्क चीका के गेट के सामने खड़ा करके पार्क के अन्दर गया हुआ था और जब उसने वापस आकर देखा, तो वहां से साइकिल चोरी हुआ मिला। तलाश करने बाद पता चला कि चीका निवासी गुरविंद्र उर्फ आलू उसकी साइकिल चोरी कर ले गया है। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा साइकिल बरामद कर ली गई है।

# जनगणना प्रशिक्षण का एसडीएम ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 9 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र का रादौर एसडीएम नरेंद्र कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम नरेंद्र कुमार ने बताया कि भारत में आठवीं जनगणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसे दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहले चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में जनगणना का कार्य होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा में जनगणना का प्रथम चरण 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक चलेगा। इस दौरान सभी गणना करने वाले कर्मचारी घर-घर जाकर मकानों का विवरण एकत्र करेंगे। इसी प्रक्रिया के तहत रादौर स्थित विद्यालय में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि जनगणना कार्य को सुचारू और प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। एसडीएम ने सभी सुपरवाइजर्स और एन्यूमैरेटर्स को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाएं, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# समाधान शिविर शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम: उपायुक्त

**निर्देश**

**उपायुक्त ने समाधान शिविर की अध्यक्षता कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान का एक प्रभावी एवं सशक्त माध्यम है। इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उपायुक्त अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे प्रार्थियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागाध्यक्षों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। गौरतलब है कि इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में आयोजित समाधान शिविरों में जुड़े। उन्होंने शिविरों में पहुंचे प्रार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उपायुक्तों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जिले का कोई भी नागरिक अपनी समस्या रख सकता है। उन्होंने कहा कि यह पहल आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक समाधान के उद्देश्य से शुरू की गई है। सभी विभागाध्यक्ष आपसी समन्वय बनाकर इस दिशा में प्रभावी कार्य सुनिश्चित करें। शिविर के दौरान पंजोखरा निवासी देवराज ने राशन के लिए बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट न लगने की समस्या रखी, जिस पर उपायुक्त ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रेम नगर, अंबाला शहर की नीतू ने राशन वेरिफिकेशन, कैथ माजरी की उषा रानी ने राशन न मिलने, गांव जलबेड़ा के सतेंद्र पाल सिंह ने वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजना से संबंधित समस्या प्रस्तुत की। हीरा नगर के राजेंद्र ने राशन कार्ड बनवाने, सुनीता ने विधवा पेंशन तथा दुराला निवासी राजिंद्र ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करने से संबंधी समस्या रखी।

उपायुक्त ने सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी विरेंद्र, डीआरओ राजेश ख्यालिया, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, बिजली विभाग के एसडीओ जोगिंद्र, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मनोज कालियां सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईवाईडीसी 5 ऐलनाबाद में "वीरांगना अवार्ड" से सम्मानित: डा० नीलम सांगवान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
विकास नगर में स्थित हरियाणा वैदिक स्कूल की प्राचार्या , मोटिवेशनल स्पीकर व समाज सेविका डा० नीलम सांगवान को दिव्य युवा मंच के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन 5 में " वीरांगना अवार्ड " से ऐलनाबाद में कार्यक्रम के आयोजक सुभाष चौहान व मुख्य अतिथि विधायक भरत सिंह बेनीवाल के बेटे सुमित बेनीवाल और इनेलो के हल्काध्यक्ष होशियार सिंह खोड ने श्री श्याम हवेली में सम्मानित किया`इस सम्मेलन में 5 देशों व 20 राज्यों के 100 समाज सेवी शामिल हुए`संस्था के संस्थापक व इंटरनेशनल अवार्डी सुभाष चौहान ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम युवा सशक्तिकरण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया`सम्मेलन में सामाजिक कार्यकताओं, शिक्षाविदों, और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की`इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एक वैश्विक मंच प्रदान करना था, जहाँ उन्होंने अपने विचार साझा किए और सामाजिक विकास, शांति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की दिशा में मिलकर कार्य करने की शपथ ली` सर्वप्रथम चौधरी देवीलाल चौक से लेकर गांधी चौक तक विश्व शान्ति के लिए पैदल यात्रा निकाली गई, जिसे भाजपा के वरिष्ठ नेता अमीर चंद मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया`महात्मा गॉधी जी के चरणों में पुष्प अर्पित किए और विश्व शान्ति की कामना कीस्थानीय ब्रह्मकुमारी आश्रम की ओर से सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और सहभोज किया`अगले दिन प्रातः नशा मुक्ति अभियान को बढ़ावा देने के लिए नशे के खिलाफ शहर के पंचमुखी चौक से अंबेडकर चौक तक वैश्विक साइकिल यात्रा निकाली गई`दिन भर अंतर्राष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखें`सभी उपस्थित प्रतिभागी महिलाओं को उनके साहस, नेतृत्व और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए " वीरांगना अवार्ड " प्रदान किया गया`यह सम्मान महिलाओं को प्रेरित करने और उनकी उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है`सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से टी- शर्ट, बैग, डायरी, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह दिया गया`अंतिम दिन हनुमानगढ रोड़ पर स्थित योग साधना मंदिर में सैकड़ों योग साधकों ने सभी प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया, जिससे सभी गदगद हो उठे `योग गुरु मंजू धानुक ने उन्हें योगासन करवाए और सभी ने पौधारोपण किया व पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की अपील की `आसपास के 2-3 स्थलों का भ्रमण करवाया गया`सिरसा रोड़ पर स्थित हरप्रभ आश्रम में पहुँचने पर संचालक वीर जसबिंदर सिंह ने सभी का स्वागत किया और यहाँ रह रहे लोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



# यमुनानगर के कृष्णा चुन्नी का एनडीएम में हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
यमुनानगर एनडीए टू 2025 का रिजल्ट देर रात घोषित हुआ। जिसमें कमला नगर छोटी लाइन के कृष्ण चुन्नी ने ऑल इंडिया में 263 वां रैंक हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले के लिए गौरव है। कृष्णा अब खड़गवास पुने में तीन साल की डिग्री ग्रहण करेगा। इसके बाद इंडियन मिल्ट्री अकेडमी देहरादून में एक साल की ट्रेनिंग करेगा। जिसके बाद वह सीधे लेफ्टिनेंट का पद ज्वाइंन करेगा। कृष्णा ने बताया कि उसके पास एयरफोर्स, नेवी व इंडियन आर्मी में सेवा करने का विकल्प खुला है। लेकिन वह इंडियन आर्मी ज्वाइन करेगा। कृष्णा समाज सेवी शिव चुन्नी का बेटा है। यह परिवार शुरू से ही पर्यावरण के लिए काम करता है। शिव चुन्नी ने बताया कि कृष्णा शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। इन दिनों उसने कानवेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल जगाधरी से नॉन मेडिकल में 12वीं की परीक्षा दे रखी है। अगले महीने उसका रिजल्ट आ सकता है। उधर, शहर की हर संस्था ने चुन्नी परिवार को बधाई दी और कृष्णा के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर जेसिना व काउंसलर संजय कुठियाला ने कहा कि कृष्णा पढ़ाई में अव्वल रहा है। उधर कृष्णा ने भी अपनी कामयाबी का श्रेय स्कूल स्टाफ व प्रबंधन को दिया। कृष्णा ने कहा कि इस कामयाबी के पीछे उनकी मां श्यामलता व पिता शिवचुन्नी का अहम योगदान व मार्गदर्शन रहा है। इस सपने के पीछे मां का आशीर्वाद है।



## संपादकीय

# किसी के लिए भी आसान नहीं केरल की राह

**1957** में राज्य गठन के बाद से केरल राज्य में मुख्य रूप से वामपंथी और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारें रही है जो अलग-अगल समय पर सत्ता में आती रही हैं, कभी-किसी का कालखंड ज्यादा समय के लिए वर्चस्व में नही रहा। लेकिन 2016 व 2021 से लगातार दो बार पिनाराई विजयन मुख्यमंत्री बन रहे हैं। अब सवाल यही उठता है कि क्या कांग्रेस पिनाराई विजयन के किले को भेद पाएगी? विजयन की स्थिति को इस बार भी मजबूत इसलिए माना जा रहा है चूंकि वह दशक भर से राज्य में अपने सार्थक शासन को संचालित करने में महारत हासिल कर चुके हैं। यदि कांग्रेस की बात करें तो बीते लोकसभा चुनाव में केरल के वायनाड से राहुल गांधी ने रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की थी जिससे वहां कांग्रेस की स्थिति मजबूत देखकर सब आश्चर्यचकित रह गए थे। हालांकि केरल जैसे राज्य में कांग्रेस ने हार व जीत के साथ अपनी स्थिति को मजबूत बनाए रखा है लेकिन क्या अब इन दोनों पक्षों के समीकरणों के साथ केरल के किले को भेदने में कितना सार्थक हो पाती है? मौजूदा मुख्यमंत्री अपने बीते दशक भर में किए गए कामों को कामों को मजबूती से गिनवा रहे हैं। जैसे कि लोगों की बढ़ाई हुई पेंशन, राज्य में बेहतर हुई स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और 'नवा केरलम' विजन सबसे खास हैं। इसके अलावा राज्य में सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए गए काम, सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर करने की दिशा में बढ़ाए गए कदम और राज्म में आए निवेश को लाने का जिक्र भी किया गया है। इन मुद्दों के साथ में सत्तारूढ़ गठबंधन तीसरी बार केरल की सत्ता में वापसी करने पर मेहनत कर रहा है। लेकिन इसके विपरीत कांग्रेस ने सीपीआई-एम के नेतृत्व वाली वामपंथी सरकार पर पक्षपात और भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है जिसके अहम रमुद्दे हैं यूडीएफ भ्रष्टाचार, वायनाड में भूस्खलन में अनियमितता, इनके अनुसार राज्य पहले की अपेक्षा अपराध बहुत बडे स्तर पर अपराध बढ़ा है, नौकरियों में लगातार कमी आ रही है जिससे युवा बेरोजगार हैं जिससे युवाओं को राज्य का छोड़ना लगातार जारी है, गुपचुप तरीके से अवैध रुप से नियुक्तियां जैसे मुद्दे हैं। यह सभी पार्टियों के लिए बड़ा मुद्दा है, लेकिन यूडीएफ इसे एलडीएफ सरकार की नाकामी बताकर उठा रही है। इसके अलावा बीजेपी समर्थक थर्ड फ्रंड एक ऐसा मुद्दा उठा रही है जो पार्टियों को छोटा लग रहा था लेकिन वह अचानक बड़ा बन गया और वह है जानवरों से खेती की बबार्दी। बताया जा रहा है और वहां चित्रों से भी प्रतीत होता है कि वॉयनाड जिले का वडक्कनाड में किसानों ने घर छोड़ दिए। गांव में अधिकतर घर टूटी-फूटी हालात में खाली पडें हैं चूंकि वहां के रहने वाले किसानों का कहना है कि जब फसल कटने का समय आता है तो हाथी व अन्य जंगली जानवर सब बर्बाद कर देते हैं।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# सभ्यता, संतुलन और मानवता पर मंडराता संकट



डॉ. सत्यवान सौरभ

"मानवता, विकास और शांति के पथ पर अग्रसर होने के लिए आवश्यक है कि राष्ट्र संवाद, सहयोग और पारस्परिक समझ को प्राथमिकता दें। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका को भी मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि वे संघर्षों को रोकने और समाधान खोजने में अधिक प्रभावी हो सकें। आज की दुनिया को यह समझना होगा कि असली शक्ति विनाश में नहीं, बल्कि सृजन में निहित है। जो देश और समाज इस सत्य को स्वीकार कर लेंगे, वही भविष्य में स्थायी शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर पाएंगे"

**दुनिया** एक बार फिर उसी मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहाँ शक्ति प्रदर्शन, धमकियों और सैन्य गतिविधियों के बीच मानवता की आवाज कहीं दब सी जाती है। हालिया घटनाओं ने यह प्रश्न फिर से प्रासंगिक बना दिया है कि आखिर युद्ध से किसी को वास्तव में क्या मिलता है। क्या यह केवल ताकत का प्रदर्शन भर है, या इसके पीछे कोई स्थायी समाधान भी निहित होता है? इतिहास और अनुभव दोनों इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि युद्ध किसी समस्या का अंत नहीं करता, बल्कि वह नई समस्याओं की एक अंतहीन श्रृंखला को जन्म देता है। आज जब वैश्विक परिदृश्य में अस्थिरता बढ़ती जा रही है, तब यह प्रश्न और भी अधिक गंभीर हो उठता है।

युद्ध की शुरूआत प्रायः राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मरक्षा या सम्मान की रक्षा के नाम पर होती है, लेकिन इसका परिणाम कहीं अधिक व्यापक और विनाशकारी होता है। युद्ध के बाद जिन्हें विजेता कहा जाता है, वे भी भीतर से कमजोर हो जाते हैं। उनकी अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ता है, संसाधनों की बबार्दी होती है, और सामाजिक ढांचा चरमराने लगता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास जैसे क्षेत्रों पर इसका सीधा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दूसरी ओर, पराजित देश तो पहले से ही विनाश के मलबे तले दब जाते हैं, जहाँ पुनर्निर्माण की प्रक्रिया वर्षों तक चलती है और पीढ़ियाँ उसकी कीमत चुकाती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे अधिक क्षति आम नागरिकों को उठानी पड़ती है, जिनका न तो युद्ध में कोई प्रत्यक्ष योगदान होता है और न ही निर्णय प्रक्रिया में कोई प्रभाव। युद्ध केवल भौतिक विनाश ही नहीं लाता, बल्कि यह मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी गहरे घाव छोड़ता है। विस्थापन, भय, असुरक्षा और मानसिक आघात ऐसी स्थितियाँ हैं, जो युद्ध के बाद लंबे समय तक समाज को प्रभावित करती हैं। बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उनके जीवन की सामान्य धारा बाधित हो जाती है, और वे एक अनिश्चित भविष्य की ओर धकेल दिए जाते हैं। सभ्यता, जो हजारों वर्षों में विकसित होती है, वह कुछ ही दिनों या महीनों में बिखर सकती है।

हाल के घटनाक्रम यह भी दशार्ते हैं कि बाहरी हमले और दबाव किसी देश को कमजोर करने के बजाय उसे और अधिक संगठित तथा आक्रामक बना सकते हैं। जब किसी राष्ट्र पर लगातार दबाव डाला जाता है, तो वहाँ राष्ट्रवाद की भावना प्रबल हो जाती है। लोग अपने आंतरिक मतभेद भुलाकर बाहरी खतरे के विरुद्ध एकजुट हो जाते हैं। इस प्रकार, जो रणनीति किसी देश को झुकाने के लिए अपनाई जाती है, वही उसे और अधिक सशक्त बना सकती है। यह युद्ध की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक है कि वह अपने घोषित उद्देश्यों को भी कई बार पूरा नहीं कर पाता। युद्ध का प्रभाव केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, व्यापार मार्ग और ऊर्जा आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र इससे सीधे प्रभावित होते हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील समुद्री मार्गों पर उत्पन्न संकट पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाएँ और निवेश में अनिश्चितता जैसे परिणाम वैश्विक स्तर पर दिखाई देते हैं। विकासशील देशों पर इसका प्रभाव और अधिक गंभीर होता है, क्योंकि उनकी अर्थव्यवस्था पहले से ही सीमित संसाधनों पर निर्भर होती है। जब महाशक्तियाँ किसी संघर्ष में शामिल होती हैं, तो स्थिति और अधिक जटिल हो जाती है। उनका हस्तक्षेप केवल सैन्य स्तर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कूटनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक आयाम भी ग्रहण कर लेता है। इससे छोटे और मध्यम देशों के लिए अपनी स्थिति स्पष्ट करना कठिन हो जाता है। वे अक्सर ऐसे संतुलन की तलाश में रहते हैं, जिसमें उनके राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें और वे किसी बड़े टकराव का हिस्सा भी न बनें। लेकिन यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होता, क्योंकि हर निर्णय के दूरगामी परिणाम होते हैं। पश्चिम एशिया इस प्रकार के जटिल संघर्षों का एक प्रमुख उदाहरण है, जहाँ राजनीतिक, धार्मिक और सामरिक कारणों से तनाव लगातार बना रहता है। यहाँ की परिस्थितियाँ यह संकेत देती हैं कि एक छोटी-सी चिंगारी भी व्यापक संघर्ष का रूप ले सकती है। विभिन्न देशों और संगठनों की सक्रियता ने इस क्षेत्र को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। यहाँ होने वाले किसी भी घटनाक्रम का प्रभाव केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाता है। ऐसे परिदृश्य में कुछ देशों ने संतुलित और परिपक्व कूटनीति का परिचय देने का प्रयास किया है। उन्होंने न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता को भी ध्यान में रखा। यह इस बात का प्रमाण है कि संवाद और कूटनीति के माध्यम से भी जटिल परिस्थितियों का समाधान खोजा जा सकता है। भले ही यह प्रक्रिया धीमी और चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन यही स्थायी शांति की दिशा में सबसे विश्वसनीय मार्ग है। वर्तमान समय में युद्ध का एक और महत्वपूर्ण आयाम सूचना और प्रचार का है। अब युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मीडिया और डिजिटल मंचों पर भी लड़ा जा रहा है। सूचनाओं का नियंत्रण, अफवाहों का प्रसार और जनमत को प्रभावित करने के प्रयास इस संघर्ष का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। इससे सत्य और असत्य के बीच अंतर करना और भी कठिन हो गया है। सोशल मीडिया के दौर में एक छोटी-सी भ्रामक सूचना भी बड़े स्तर पर भ्रम और तनाव उत्पन्न कर सकती है। इसके अतिरिक्त, युद्ध पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। बमबारी, रासायनिक हथियारों का उपयोग, और औद्योगिक ढाँचों का विनाश पर्यावरण को दीर्घकालिक नुकसान पहुँचाता है। जल, वायु और भूमि प्रदूषण के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है। जैव विविधता पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और कई बार यह नुकसान अपरिवर्तनीय होता है। इस प्रकार, युद्ध केवल वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करता है। अंततः यह स्पष्ट है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यह केवल अस्थायी जीत और स्थायी घाव छोड़ता है। मानवता, विकास और शांति के पथ पर अग्रसर होने के लिए आवश्यक है कि राष्ट्र संवाद, सहयोग और पारस्परिक समझ को प्राथमिकता दें। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका को भी मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि वे संघर्षों को रोकने और समाधान खोजने में अधिक प्रभावी हो सकें। आज की दुनिया को यह समझना होगा कि असली शक्ति विनाश में नहीं, बल्कि सृजन में निहित है। जो देश और समाज इस सत्य को स्वीकार कर लेंगे, वही भविष्य में स्थायी शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर पाएंगे। युद्ध के धुएँ में भले ही क्षणिक विजय का भ्रम दिखाई दे, लेकिन जब वह धुआँ छंटता है, तो पीछे केवल विनाश, पछतावा और अनिश्चितता ही शेष रह जाती है। यही युद्ध की सबसे बड़ी सच्चाई है–एक ऐसी सच्चाई, जिसे समझना और स्वीकार करना आज पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है।



# क्या भारतीय राजनीति में अब उम्र की सीमा तय होनी चाहिए?

**प्रो. आरके जैन**

6 अप्रैल को राज्यसभा के शपथ ग्रहण कक्ष में जो दृश्य दिखाई दिया, उसने पूरे देश को भीतर तक झकझोर दिया। 85 वर्षीय शरद पवार व्हीलचेयर पर बैठकर सदन में पहुंचे। सदन में अचानक सन्नाटा छा गया। दशकों तक महाराष्ट्र की राजनीति को अपनी रणनीति, दूरदर्शिता और प्रभाव से दिशा देने वाला यह बड़ा नेता उस दिन बेहद कमजोर और थका हुआ दिखाई दे रहा था। शपथ के शब्द बोलते समय उनकी आवाज कांप रही थी, शब्द लड़खड़ा रहे थे और चेहरा थकान से भरा हुआ था। वह केवल एक शपथ ग्रहण समारोह नहीं था; वह भारतीय राजनीति के सामने खड़ा एक कठोर और असहज प्रश्न था–क्या सत्ता का मोह इतना बड़ा हो सकता है कि शरीर जवाब दे देने के बाद भी नेता कुर्सी छोड़ने को तैयार न हों? यही वह क्षण था, जिसने राजनीति में सेवानिवृत्ति की आवश्यकता पर नई बहस खड़ी कर दी। जिस प्रकार सेना, न्यायपालिका, प्रशासन और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं में एक निश्चित आयु के बाद व्यक्ति को जिम्मेदारी छोड़नी पड़ती है, उसी प्रकार राजनीति में भी कोई स्पष्ट सीमा क्यों नहीं होनी चाहिए? क्या देश और राज्यों का भविष्य अनिश्चित काल तक कुछ ही लोगों के हाथों में रहना चाहिए? क्या लोकतंत्र का अर्थ केवल यही है कि एक ही पीढ़ी लगातार सत्ता में बनी रहे? राजनीति केवल अनुभव का क्षेत्र नहीं है; यह ऊर्जा, सक्रियता, त्वरित निर्णय और बदलते समय को समझने की क्षमता का भी क्षेत्र है। यदि व्यवस्था में समय पर परिवर्तन नहीं होगा, तो राजनीति धीरे-धीरे ठहराव का शिकार हो जाएगी। सबसे बड़ा सच यह है कि उम्र के साथ अनुभव बढ़ता है, लेकिन शरीर और मन की सीमाएं भी सामने आने लगती हैं। आज की राजनीति पहले जैसी नहीं रही। अब केवल भाषण देना या चुनाव जीतना काफी नहीं। नेता को तकनीक समझनी होती है, युवाओं की आकांक्षाएं सुननी होती हैं, बदलती अर्थव्यवस्था पर नजर रखनी होती है और तेज फैसले लेने होते हैं। ऐसे समय में यदि कोई नेता शारीरिक रूप से कमजोर हो, चलने-फिरने में कठिनाई हो या लंबे समय तक बोल न पाता हो, तो वह कितनी प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? केवल पद पर बने रहना और सक्रिय नेतृत्व करना, दोनों अलग बातें हैं। शरद पवार के मामले में यह सवाल इसलिए गंभीर हो जाता है, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र और देश की राजनीति में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाई है।

उनके अनुभव और राजनीतिक कौशल पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन राज्यसभा में शपथ के दौरान उनकी हालत ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कांपती आवाज और थकी हुई देह देखकर हर किसी के मन में एक ही सवाल उठा–क्या इस अवस्था में वे राज्यसभा में प्रभावी भूमिका निभा पाएंगे?

## विचार

# युद्ध के मुहाने से लौटी दुनिया

**महेन्द्र तिवारी**

दुनिया कभी-कभी ऐसे मोड़ों पर आ खड़ी होती है, जहाँ एक निर्णय पूरी सभ्यता के भविष्य को बदल सकता है। हाल के घटनाक्रम में यही स्थिति तब बनी जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर पहुँच गया। वातावरण इतना तनावपूर्ण था कि किसी भी क्षण युद्ध का विस्तार एक बड़े विनाश में बदल सकता था। अमेरिका की सेना और उसके रक्षा तंत्र पूरी तरह तैयार थे और संकेत का इंतजार कर रहे थे कि कब हमला शुरू किया जाए। दूसरी ओर ईरान भी अपनी रक्षा और जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार बैठा था। यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रह गया था, बल्कि पूरे क्षेत्र और विश्व व्यवस्था के लिए एक गंभीर संकट बन चुका था। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका ने ईरान को कड़ा संदेश देते हुए बड़े पैमाने पर हमले की चेतावनी दे दी थी। यदि यह हमला होता, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुँच सकता था। इसके परिणामस्वरूप ईरान की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया आती, जो पूरे मध्यपूर्व को युद्ध की आग में झोंक सकती थी। इस पूरे घटनाक्रम में आम लोगों की स्थिति सबसे अधिक भयावह थी। ईरान के भीतर लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की तलाश में निकलने लगे थे, जबकि खाड़ी क्षेत्र के देश भी संभावित हमलों से बचने की तैयारी कर रहे थे।

इसी बीच कूटनीतिक प्रयास भी तेजी से चल रहे थे। कई देशों ने इस संकट को टालने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य था कि किसी तरह दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी रहे और युद्ध टल सके। ईरान की ओर से एक प्रस्ताव सामने आया, जिसमें कई शर्तें रखी गई थीं। शुरू में इस प्रस्ताव को स्वीकार्य नहीं माना गया, लेकिन बातचीत की प्रक्रिया जारी रही। धीरे-धीरे यह स्पष्ट होने लगा कि दोनों पक्ष युद्ध से बचना चाहते हैं, भले ही सार्वजनिक रूप से वे कठोर रुख अपनाए हुए हों। इस पूरे घटनाक्रम की सबसे दिलचस्प बात यह रही कि निर्णय लेने की प्रक्रिया बेहद अनिश्चित और उलझी हुई थी। अमेरिका के भीतर भी यह स्पष्ट नहीं था कि अंतिम निर्णय क्या होगा। स्वयं उसके नेतृत्व के करीबी लोगों को भी यह अंदाजा नहीं था कि अगला कदम क्या होगा। एक ओर कठोर बयान दिए जा रहे थे, तो दूसरी ओर बातचीत के रास्ते खुले रखे जा रहे थे। यह द्वंद्व इस बात को दशार्ता है कि आधुनिक राजनीति में शक्ति और कूटनीति दोनों साथ-साथ चलते हैं। ईरान के भीतर भी निर्णय लेने की प्रक्रिया जटिल थी। वहाँ की सत्ता संरचना में अंतिम निर्णय शीर्ष नेतृत्व के हाथ में होता है। इस कारण अंतिम सहमति मिलने में समय लगा। लेकिन जब अंततः समझौते की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत मिला, तो बातचीत ने तेजी पकड़ ली। बताया जाता है कि यह निर्णय आसान नहीं था, क्योंकि इसमें सैन्य नेतृत्व और अन्य शक्तिशाली संस्थाओं को भी सहमत करना पड़ा। इसके बावजूद यह कदम उठाया गया, जो इस बात का संकेत है कि युद्ध की कीमत दोनों पक्ष समझ रहे थे। अंततः जो समझौता सामने आया, वह स्थायी शांति नहीं बल्कि अस्थायी विराम था। दोनों पक्षों ने कुछ समय के लिए संघर्ष रोकने पर सहमति जताई। इस समझौते के तहत समुद्री मार्ग को फिर से खोलने और आगे की बातचीत जारी रखने का रास्ता बनाया गया। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि इस मार्ग से विश्व का बड़ा हिस्सा तेल आपूर्ति पर निर्भर करता है। यदि यह बंद रहता, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता। हालाँकि यह समझौता होने के बाद भी स्थिति पूरी तरह शांत नहीं हुई। कई जगहों पर संघर्ष जारी रहने की खबरें सामने आईं और इस बात को लेकर भी मतभेद रहे कि समझौते की शर्तें क्या हैं और उनका पालन कैसे किया जाएगा। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल एक अस्थायी राहत है, न कि स्थायी समाधान। दोनों पक्षों के बीच कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर अभी भी गहरे मतभेद हैं, जैसे परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंध और क्षेत्रीय प्रभाव। इस पूरे घटनाक्रम से एक महत्वपूर्ण बात सामने आती है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि कूटनीति से भी लड़े जाते हैं। कई बार पर्दे के पीछे होने वाली बातचीत ही युद्ध को टाल देती है। इस मामले में भी अंतिम क्षणों में हुई बातचीत ने एक बड़े विनाश को रोक दिया।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर – 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई–मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# ईरान अमेरिका इजराइल युद्ध में दुविधा में भारत

**पंकज जायसवाल**

**जब से** इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर सैन्य कार्रवाई की है, भारत की स्थिति अत्यंत दुविधापूर्ण हो गई है। यह दुविधा केवल कूटनीतिक नहीं बल्कि रणनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा से जुड़ी हुई है। एक ओर इजराइल भारत का महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार है, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ भारत के संबंध हजारों वर्षों पुराने सांस्कृतिक और व्यापारिक संपर्कों पर आधारित हैं। ऐसे में किसी एक पक्ष के समर्थन का निर्णय भारत के लिए दूरगामी परिणाम ला सकता है। इजराइल पिछले कई वर्षों से भारत का विश्वसनीय रक्षा सहयोगी रहा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हो या सीमाई सुरक्षा के संवेदनशील मुद्दे, इजराइल ने कई अवसरों पर भारत का साथ दिया है। भारत की रक्षा प्रणाली में इजराइल से प्राप्त तकनीक और उपकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही कारण है कि भारत के सुरक्षा दृष्टिकोण से इजराइल को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार माना जाता है। यदि भारत खुलकर ईरान का समर्थन करता है, तो इस रक्षा सहयोग पर असर पड़ सकता है, जो भारत की सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

दूसरी ओर ईरान के साथ भारत के संबंध केवल आधुनिक राजनीति तक सीमित नहीं हैं। प्राचीन काल में भारतीय उपमहाद्वीप और पश्चिम एशिया के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संपर्क स्थापित थे। आधुनिक दौर में भी ईरान भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा है। भारत की तेल और गैस जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा इस क्षेत्र से आता है। इसके अतिरिक्त ईरान में चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुँच का वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती है। इसलिए ईरान के साथ संबंधों में किसी भी प्रकार का तनाव भारत के आर्थिक और सामरिक हितों को प्रभावित कर सकता है। इस पूरे परिदृश्य में अमेरिका की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। अमेरिका वैश्विक राजनीति में एक प्रभावशाली शक्ति है और उसके साथ भारत के संबंध पिछले वर्षों में मजबूत हुए हैं। ऐसे में भारत अमेरिका के साथ अनावश्यक तनाव पैदा नहीं करना चाहता।

# स्वैच्छिक संतानहीनता : समय की आवश्यकता

**डॉ. शैलेश शुक्ला**

**8 अप्रैल** 2026 की शाम, जब विश्व की जनसंख्या वास्तविक समय में बढ़ते अंकों के साथ लगभग 8.3 अरब को पार कर चुकी है, तब यह प्रश्न पहले से कहीं अधिक तीव्रता के साथ हमारे सामने उपस्थित है कि क्या मानव सभ्यता अपने ही विस्तार के बोझ तले दबने की ओर अग्रसर है। यह वृद्धि केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि एक गहन वैश्विक संकट का संकेत है–एक ऐसा संकट जो संसाधनों की सीमाओं, पर्यावरणीय असंतुलन और सामाजिक संरचनाओं की जटिलताओं को एक साथ उजागर करता है। हर वर्ष लगभग 7 करोड़ लोगों का इस ग्रह पर जुड़ना उस दबाव को कई गुना बढ़ा देता है, जिसे पृथ्वी पहले ही वहन करने में संघर्ष कर रही है। विशेष रूप से भारत जैसे देशों में, जहाँ जनसंख्या 1.47 अरब के आसपास पहुँच चुकी है, यह चुनौती और अधिक स्पष्ट तथा तीव्र रूप में दिखाई देती है। समस्या केवल जनसंख्या की संख्या नहीं है, बल्कि उस संख्या का पृथ्वी की धारण क्षमता पर पड़ने वाला प्रभाव है। आधुनिक अर्थशास्त्र और पर्यावरण विज्ञान में का सिद्धांत स्पष्ट करता है कि किसी भी पारिस्थितिकी तंत्र की एक सीमा होती है, जिसके आगे वह संतुलन बनाए नहीं रख सकता। जब यह सीमा पार होती है, तो परिणामस्वरूप संसाधनों का क्षय, पर्यावरणीय गिरावट और सामाजिक असमानताएँ उत्पन्न होती हैं। आज विश्व के अनेक महानगरों में भीड़, प्रदूषण, जल संकट और अव्यवस्थित जीवनशैली इसी असंतुलन के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। यह स्थिति केवल विकासशील देशों तक सीमित नहीं है; विकसित राष्ट्र भी अत्यधिक उपभोग और संसाधन-गहन जीवनशैली के कारण इस दबाव को और बढ़ा रहे हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से देखें तो प्रत्येक नया जन्म केवल एक जीवन का आगमन नहीं, बल्कि एक अतिरिक्त कार्बन फुटप्रिंट का निर्माण भी है। जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में यह तथ्य अब व्यापक रूप से स्वीकार किया जा चुका है कि जनसंख्या वृद्धि, ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन के बीच सीधा संबंध है।

## न्यूज फ्लैश

### स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन, खेल-खेल में होगी पढ़ाई: सुपरवाईजर सविता




**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका**: महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी के निर्देशन में गुहला के बार्ड नं 10 में स्थित आंगनवाड़ी प्ले स्कूल में रेडीनेस मेले (एसआरएम) का आयोजन किया गया, जिसका सुपरवाईजर सविता ने रिबन काटा और नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत की। इस कार्यक्रम के माध्यम से 3 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत की गई। आंगनवाड़ी प्ले स्कूल की संचालिका सविता रानी ने मुख्यातिथि सुपरवाईजर सविता व सुपरवाईजर सोनिया को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। सुपरवाईजर सविता ने बताया कि आंगनबाड़ी प्ले स्कूलों का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा देना है। उन्होंने कहा कि स्कूल रेडीनेस मेला नए सत्र का आगाज होता है, जिसमें बच्चों को पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित किया जाता है और कक्षाओं में बिठाकर खेल-खेल में शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों के वजन की जांच से हुई, जिसके बाद रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी की गई। इसके पश्चात बच्चों को कक्षाओं में बिठाकर खेल-खेल में शिक्षा दी गई। उन्होंने बताया कि इस अनोखी पद्धति से बच्चे शीघ्र ही चीजों को समझ लेते हैं और उनमें सीखने की रुचि विकसित होती है। बच्चों के अभिभावक भी इस पहल से काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने बताया कि जब वे अपने बच्चों को स्कूल में सक्रिय रूप से भाग लेते और तुरंत उत्तर देते हुए देखते हैं, तो उन्हें गर्व महसूस होता है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष इस प्ले स्कूल से बच्चे पढ़कर निकलते हैं और आगे की पढ़ाई के लिए पहली-दूसरी कक्षा में दाखिला लेते हैं। इस अवसर पर आंगनवाड़ी प्ले स्कूल शिक्षिका वर्षा, विद्या, कमलेश, महिलाएं व बच्चे भी मौजूद रहे।

### लाडवा अनाज मंडी से उठान कार्य किया शुरू, किसानों को सीजन में नहीं आने दी जाएगी कोई दिक्कत: अनुभव मेहता

**लाडवा, 9 अप्रैल (विजय कौशिक)** : एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनाज मंडी में गेहूं के सीजन के दौरान किसानों को हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए सख्त निर्देश दिए हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को मंडी में हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। आज मंडी में गेहूं की खरीद के साथ-साथ आज से उठान कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

अनाज मंडी से गेहूं उठान समय पर होने से किसानों को गेहूं डालने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी।

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि अनाज मंडी में किसानों को अनाज मंडी में गेहूं लाने में कोई दिक्कत परेशानी नहीं हो रही है। मंडियों के सभी गेटों पर गेटपास आसानी से हो रही है। इसके साथ ही किसानों के लिए ऐप भी लॉन्च की हुई है। इस ऐप के माध्यम से अपना फोन पर किसान स्वयं भी गेटपास बना सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसानों की फसल के एक-एक दाने की खरीद की जाएगी। सरकार ने प्रदेश में खरीद प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित तथा किसान हितैषी बनाने के लिए कई नई पहलें लागू की हैं। इन उपायों से फसल खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, अनधिकृत गतिविधियों पर रोक लगेगी तथा किसानों को सुविधाजनक और तेज सेवाएं मिलेंगी।

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि सभी मंडियों और गोदामों को जियो-फेंसिंग से जोड़ा गया है। इससे अनधिकृत उपयोग पर प्रभावी रोक लगेगी और लोकेशन आधारित निगरानी प्रणाली और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि मंडियों में माल की ट्रेसबिलिटी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए एंट्री गेट पास जारी करते समय वाहन नंबर और वाहन/लोड की फोटो दर्ज करना अनिवार्य किया गया है।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोपी गुहला के देविंद्र को जमानत

**जमानत**

- ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी संवेदशनशील जानकारी पाकिस्तान को सांझा करने के लगे थे आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के कथित आरोपी देविंद्र सिंह (24) को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि करीब 11 महीने पहले देविंद्र पर ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी संवेदशनशील जानकारी पाकिस्तान को सांझा करने के आरोप लगे थे।



जस्टिस विनोद एस भारद्वाज की एकल पीठ ने सुनवाई में पाया कि स्टेट की ओर से ऐसा कोई मजबूत तथ्य पेश नहीं किया जा सका, जिससे देविंद्र पर लगे आरोप साबित हो। साथ ही यह भी दर्ज किया कि आरोपी के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज हैं, अन्य आपराधिक मामला लंबित नहीं है। केवल आरोपों के आधार पर हिरासत में रखना न्यायसंगत नहीं है। बता दें कि देविंद्र पाकिस्तान में सिख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने गया था। आरोप था कि वहां एक युवती ने उसे हनीट्रैप में फंसा लिया। जानकारी के अनुसार युवती ने उसे पाकिस्तान में जासूसी की ट्रेनिंग दिलवाई और फिर उसका पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के 5 एजेंटों के साथ संपर्क करवा दिया। युवती ने उसे लालच दिया कि अगर वह खुफिया सूचनाएं देगा, तो उसकी फ्रेंडशिप ओर भी कई खूबसूरत युवतियों से करवाएंगे, इसके अलावा उसे रुपए भी मिलेंगे। देविंद्र के अनुसार, युवती ने उसे मोटा पैसा देने की बात भी कही थी। लड़की ने उसे 5 लोगों के नंबर दिए थे, वे सभी इसी एजेंट थे। उन्होंने बाकायदा जासूसी का प्रशिक्षण दिलवाया, वे लगातार उसके संपर्क में भी बने रहे, जिसके चलते वह लालच में आ गया और सेना से जुड़ी सूचनाएं भेजने लगा। युवक ने बताया कि उसे पंजाब के सैन्य क्षेत्रों की लिस्ट देकर उनकी जासूसी करने के लिए कहा गया था। उससे कहा गया कि कुछ खास क्षेत्रों की ही जानकारी भेजनी है। यह भी कहा कि वह सैन्य क्षेत्रों से निकलने वाले सामान की जानकारी भी जुटाए, जिसके बाद देवेंद्र ने पटियाला कैंट की जानकारी और फोटो भेजे। देविंद्र सिंह सोशल मीडिया पर अपनी लग्जरी लाइफ स्टाइल की फोटो शेयर करता रहता था और इसी के चलते पहले गुहला पुलिस ने उसके खिलाफ हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालने के आरोप में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था।

## गुहला में लगे समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला-चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि समाधान शिविर के आयोजन से आमजन काफी संतुष्ट नजर आ रहे हैं।



इन शिविरों में जहां आमजन की समस्याओं का निवारण मौके पर किया जाता है, वहीं उनको सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाती है। वीरवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम ने आमजन की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनका मौके पर ही निपटान करवाया जाता है और यदि किसी व्यक्ति की शिकायत उपमंडल स्तर पर दूर न हो, तो उसे जिला मुख्यालय भेजकर उसका निपटान करवाया जाता है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि आमजन इन शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निपटान मौके पर ही करवा सकते है।

यह समाधान शिविर हर सप्ताह सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जाते हैं। समाधान शिविर में आमजन प्रापर्टी आईडी, आधार कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र व बिजली आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवा सकते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला योजनाकार ने बताया कि विभाग की टीम ने डयूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस की अगुवाई में चार अवैध कॉलोनियों व एक अवैध निर्माण के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि पहली अवैध कॉलोनी सीएचडी सीटी के साथ गांव झंझाड़ी में लगभग 1.2 एकड़ में स्थित थी।

इस कालोनी में सभी डीपीसी, एक शैड व सडक को ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार से दूसरी अवैध कालौनी गांव पुण्डरक में लगभग 10 एकड़ में फैली थी, जिसमें दो डीपीसी व सडकों को ध्वस्त किया गया।

## शहर की सूरत बदलने का संकल्पः वार्ड-वार निरीक्षण अभियान तेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
करनाल। नगर निगम प्रशासन ने शहर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर, विकसित और आदर्श बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए मेयर प्रतिनिधि बृज गुप्ता की अगुवाई में वार्ड-वार निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में वीरवार को वार्ड नंबर 5 के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण कर विकास कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान कार्यों की प्रगति और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए निर्धारित समयावधि में सभी प्रकार की बाधाओं और समस्याओं के समुचित समाधान के दिशा निर्देश दिए गए।



निरीक्षण के दौरान मेयर प्रतिनिधि बृज गुप्ता, क्षेत्रीय पार्षद और निगम के अधिकारियों के साथ सबसे पहले क बोपुरा सामुदायिक केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और आम जन की आवश्यकताओं के अनुरूप किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया। इसके बाद वे श्री कृष्णा वृद्ध आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने आश्रम में वृद्धजनों से संवाद करते हुए उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी हासिल की।

इसी क्रम में निगम के कार्य क्षेत्र में आने वाले जलघर, पार्कों के सौंदर्यकरण कार्य, नगर निगम की भूमि, पॉम एन्कलेव की सडक, रावर रोड स्थित सीताराम कुटिया के पास लाइट व्यवस्था, अशोक विहार कॉलोनी, विकास कॉलोनी की स्ट्रीट लाइटें तथा कटेबाग-सूरज नगर की जोहड़ वाली गलियों का दौरा किया गया। इन सभी के संबंध में आवश्यकता के अनुरूप कार्य करवाने की हिदायत देते हुए मेयर प्रतिनिधि बृज गुप्ता ने कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और इनकी नियमित मॉनिटरिंग पर पूरा फोकस है।निरीक्षण में साफ-सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने, स्ट्रीट लाइटों की तुरंत मर मत व विस्तार, सडकों के सुधार और गली निर्माण कार्यों में तेजी लाने, पार्कों के सौंदर्यकरण को प्राथमिकता देने तथा जलापूर्ति व सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के स्पष्ट निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुगम सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें।

### संस्थापको ने दिखाया प्रगति का रास्ता : शम्मी बंसल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लिबर्टी शूज लिमिटेड के एमडी शम्मी बंसल ने कहा है कि लिबर्टी का देश की औद्योगिक प्रगति में अहम योगदान है। लिबर्टी ने अपनी यात्रा 1954 में शुरू की थी। वह लिबर्टीपुरम में आयोजित संस्थापक दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे।

इस यात्रा को शुरू करने वालों में डीपी गुप्ता, पीडी गुप्ता तथा राज कुमार बंसल थे। उन्होंने कहा कि 2026 तक आते आते यह कम्पनी विश्व की अपनी तरह की सबसे बड़ी शूज निमार्ता कंपनी बन गयी है। उन्होंने कहा कि जो कुछ संस्कार हमारे संस्थापकों ने दिए, उन्हीं को साथ लेकर चल रहे हैं। जो रास्ता हमें हमारे संस्थापकों ने दिखाया, उसी पर सभी को चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लिबर्टी देश की अपनी तरह की सबसे पुरानी स्वदेशी शूज निमार्ता कंपनी है। लिबर्टी शूज लिमिटेड के कुटेल के लिबर्टीपुरम स्थित फैक्ट्री परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आज सुबह संस्थापकों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सबसे पहले सुनील बंसल, ईडी, शम्मी बंसल एमडी, जीएस सैनी, अशोक चावला, राकेश चौहान, सुरजन सैनी, पंकज कुमार, पंकज मणि गोयल, सुरेश कांबोज, वीरेंद्र कांबोज, दिनेश कांबोज, गौरव जैन आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

## हमें अपने सनातन धर्म का करना चाहिए सम्मान: सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 9, अप्रैल (विजय कौशिक)** ब्राह्मण धर्मशाला में चलने वाली अमृतमयी श्री राम कथा के द्वितीय दिवस पर सुश्री सुदीक्षा सरस्वती जी ने आज हमें बताया कि भगवान की अनेक कथाएं हैं ,उनके अनेक नाम है, वह स्वयं अनेक है , भगवान का ना आदि है, ना मध्य है ,और ना ही अंत है।

संत लोग अपनी-अपनी बुद्धि से अपने-अपने ज्ञान से उनके नाम का और उनकी कथाओं का वर्णन करते हैं।



कोई भक्ति से, ज्ञान से, दान देने के महत्व को समझा कर उनकी कथाओं का वर्णन करते हैं ।

भगवान श्रीराम शबरी के आश्रम में जब पहुंचे तो वह कहती है कि ना मेरे पास गुण है न मेरे पास ज्ञान है न मेरे पास धन है और न हीं कोई साधन है। मैं एक नारी हूं, अबला हूं ।। तो भगवान श्री राम ने कहा कि मैं धन के वश में नहीं हूं , भक्ति के वश में हूं । जो प्राणी भक्ति करता है । मैं उसी का हो जाता हूं। भक्ति करने वाले को भगवान स्वयं आकर दर्शन देते हैं सूर्पणखां को आप सभी जानते हैं उसके पास अपार धन संपत्ति ऐश्वर्य था परंतु भक्ति नहीं थी, भगवान ने स्वयं उनके संबंध को स्वीकार नहीं किया , इसके विपरीत माता शबरी के आश्रम में स्वयं गए और उनको नवधा भक्ति का ज्ञान दिया नवधा भक्ति में प्रथम भक्ति है संतों का संग करना संतो के संग में रहेंगे तो सत्संग होगा और सत्संग को दूसरी भक्ति के अनुसार मन लगाकर सुनना , यह भी एक भक्ती है। तीसरी भक्ति गुरु के चरण कमल में सेवा करना है। हमेशा सद्गुरु के चरणों का ध्यान करना है। आज मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी भी सभा में उपस्थिति रही और उन्होंने बड़े ही मन लगाकर देवी जी की श्री राम कथा का अमृत पान किया

और देवी जी की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि आप जैसे संतों के कारण ही आज समाज इस कलयुग में भी राम नाम से जुड़ा हुआ है।हमें अपने सनातन धर्म का सम्मान करना चाहिए हमें सनातन धर्म को नहीं छोड़ना चाहिए और उन्होंने आश्वासन दिया की सभा की जो भी मांग है उसको शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। प्रधान सोम प्रकाश, सुरेश शर्मा ,संत शर्मा, विजेश शर्मा ,अश्वनी शर्मा, नगर पालिका अध्यक्षा साक्षी खुराना, डॉ गणेश दत्त अध्यक्ष मार्केट कमेटी लाडवा, सतप्रकाश शर्मा, ललितेस शर्मा, सन्नी कालड़ा, प्रसिद्ध समाजसेवी प्रदीप गर्ग, नीरज गर्ग, सुनील गर्ग, ज्ञान सिंह बरहान और शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## समाजसेवी भारद्वाज व डा.सुशीला ब्लड डायमंड डोनर के सम्मान से नवाजे गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** शहर की प्रमुख समाजसेवी संस्था नेकी की दीवार चीका की संस्थापक डा. सुशीला शर्मा एवं प्रधान सागर भारद्वाज को हर्ष फाउंडेशन ट्रस्ट महाराष्ट्र ने ब्लड डायमंड डोनर के सम्मान से नवाजा है। उक्त जानकारी देते हुए भारद्वाज ने बताया कि उनकी संस्था लम्बे समय से समाज की सेवा में लगी हुई है और संस्था के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए ही उन्हें उक्त पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्होंने बताया कि संस्था को हिम्मत ए हिन्द अवॉर्ड सम्मान व राष्ट्रीय सनशाइन मानवता रत्न



सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। भारद्वाज ने बताया कि उनकी संस्था पूरे भारत में लगातार लंबे समय से जरूरतमंद परिवारों की सेवा करने में लगी हुई है, जिसमें गरीब लोगों को कपड़े, दवाइयां उपलब्ध करवाना, गऊ सेवा, ब्लड डोनेशन, मैडिकल कैम्प लगवाना, एमरजेंसी ब्लड और प्लेटलेट्स उपलब्ध करवाना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था के भारत के लगभग सभी राज्यों में ऐसी ही समाजसेवी संस्थाओं से सम्पर्क हैं और वे सोशल मीडिया का सहारा लेकर पूरे भारत में कहीं पर भी ब्लड और प्लेटलेट्स की जरूरत पड? पर, उपरोक्त सेवाएं प्रदान करवाई जाती हैं। उन्होंने उन लोगों का आभार जताया, जो कि उनकी संस्था के साथ मिलकर सहयोग कर रहे हैं और लोगों की हर प्रकार से मदद कर रहे हैं।

**120 बार ब्लड और प्लेटलेट्स डोनेशन कर चुकाः**

सागर भारद्वाज ने बताया कि संस्था के दर्जनों सदस्य कई कई बार रक्तदान कर चुके हैं।

### मानसून से पहले सभी नालों व ड्रेन की होगी साफ-सफाई : शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
नगर निगम आयुक्त डॉ.वैशाली शर्मा ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए निगम अभियंतओं को एक आदेश जारी कर कहा कि शहर के सभी बड़े नाले, कर्ण कैनाल (मुगल कैनाल), ड्रेन नम्बर-1 तथा मध्यम व छोटे नालों की साफ-सफाई का कार्य शुरू किया जाए।

उन्होंने कहा कि शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित स्टोरम वाटर डिस्पोजल पम्प की मरम्मत इत्यादि कार्य भी समय रहते शुरू करवाए जाएं।

## चीका अनाज मंडी में 10 हजार 415 मीट्रिक टन गेहूं की हो चुकी आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि चीका अनाज मंडी में गेहूं खरीद कार्य जोरों पर चल रहा है। उन्होंने चेताया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य में किसी प्रकार की भी कोई लापरवाही न बरतें और मंडी में किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी व शौचालय की साफ-सफाई आदि निरंतर प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि चीका मंडी में अब तक 10 हजार 415 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। एसडीएम ने बताया कि




चीका मंडी में 3732 मीट्रिक टन तथा चीका की अतिरिक्त मंडी में 6683 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। चीका मंडी में हैफेड द्वारा 1641 मीट्रिक टन व खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 2091 मीट्रिक टन, चीका की अतिरिक्त मंडी में हैफेड द्वारा 4012 मीट्रिक टन, खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा 2671 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि किसान अपनी गेहूं को मंडी में सुखाकर लाएं, ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। गेहूं फसल कटाई के बाद कुछ किसान फसल अवशेषों में आग लगा देते हैं, जिससे काफी जान-माल की हानि पहुंचने की संभावना बनी रहती है। आग लगने की वजह से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर हो जाती है। उन्होंने किसानों का भी आह्वान किया कि वे फसल अवशेषों में आग न लगाएं तथा यदि उन्हें आग लगने की कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो प्रशासन के संज्ञान में लाई जाए।

# मुख्यमंत्री का उद्देश्य सोलर योजना के माध्यम से लाडवा वासियों को मुहैया करवाना है सस्ती ऊर्जा: सुमन सैनी

**लक्ष्य**

- परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लाडवा विधानसभा के नागरिकों को योजनाओं से करवाया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 9 अप्रैल (विजय कौशिक) :**
हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर घर पर सौर ऊर्जा पहुंचाने का लक्ष्य बनाया है। इस योजना के तहत नागरिकों को सस्ती ऊर्जा मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए





योजना में अधिक से अधिक आवेदन करने को कहा है।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी वीरवार को लाडवा विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में नागरिकों को संबोधित कर रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने इस दौरान नागरिकों की समस्याओं को सुना। नागरिकों की लिखित समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से विधानसभा की फीडबैक भी ली। उन्होंने नागरिकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। इसके साथ ही कार्यकताओं को इन योजनाओं का लाभ योग्य पात्रों तक पहुंचाने में अपना योगदान करने के निर्देश दिए।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिन परिवारों की आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है उन्हें दो किलोवाट तक का सोलर मुफ्त दिया जा रहा है। इस सोलर सिस्टम से घरों के बिजली के बिल शून्य आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी प्रति किलोवाट के लिए 30 हजार रुपए की सब्सिडी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के नागरिकों को इस योजना का और लाभ देने के लिए अतिरिक्त भार को अपने तरफ से दिया जा रहा है।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा चुनावों के दौरान जनता से जो वादे किए थे, उन्हें एक के बाद एक करके पूरा किया जा रहा है। महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपए देने का वादा किया था। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू किया और बहनों के साथ किए हुए वादे को पूरा किया। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस योजना का विस्तार भी करने जा रहे हैं। जिसकी घोषणा भी मुख्यमंत्री द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद और अधिक महिलाएं इस योजना की पात्र होंगे। मौजूदा समय में लगातार महिलाओं के खाते में इस योजना की किस्तें पहुंच रही हैं।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने आज लाडवा के वयोवृद्ध स्वयंसेवक आनंद गोयल के निवास पर पहुंचकर उनका हालचाल जाना। आनंद गोयल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवक रहे हैं और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे हैं।इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त, नगर पालिका अध्यक्षा साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, परमजीत कश्यप, अनिल, गुप्ता, अनुज गोयल, संजय, गर्ग, श्रवण कश्यप, अनिल माटा, पूनम सैनी, मोनिका गुप्ता, सन्नी कालड़ा भी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### नरवाना नई अनाज मंडी में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना पांचवें दिन भी जारी



**नरवाना, 9 अप्रैल राहुल**
नरवाना की नई अनाज मंडी में संयुक्त किसान मोर्चे के बैनर तले किसानों का धरना आज पांचवें दिन भी जारी रहा। धरने की अगुवाई अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह कर रहे हैं।
धरने के दौरान मंच साझा करते हुए मास्टर सतबीर ने कहा कि पहले भी उनके हमदर्द सांसद ने कहा था कि जब सड़कों पर सन्नाटा होता है तो संसद बेलगाम हो जाती है, और आज यह बात सच साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नायब सरकार द्वारा समय-समय पर तुगलकी फरमान जारी किए जा रहे हैं, जो किसानों के हितों के खिलाफ हैं और खेती-किसानी को कमजोर करने की दिशा में कदम हैं।
किसान नेताओं ने कहा कि इन नीतियों के खिलाफ किसानों को एकजुट होना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि हर गांव में किसान सभा को मजबूत किया जाए और हर किसान को इस आंदोलन से जोड़ा जाए, ताकि सरकार की नीतियों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।
धरने में किसानों ने प्रीपेड मीटर, कृषि बिजली वितरण निगम, सीड बिल, बिजली बिल 2025 और भारत-अमेरिका ट्रेड डील जैसे मुद्दों का विरोध करते हुए इन्हें वापस लेने की मांग की। कार्यक्रम में मास्टर बलजीत सिंह, रामधारी सिंह ढाकल, सुरजन, मांगेराम, सतबीर खरल, शीशपाल गुलाड़ी, रत्न सिंह, निहाल सिंह, जसवंत सिंह, बदन सिंह, फतेह सिंह, सतबीर चोपड़ा, सतबीर फौजी, साधु राम, दिनेश कर्मगढ़, हरिकेश, हवा सिंह, बलदेव सिंह ढाकल, राजेश सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### चरखी दादरी जिले के एक व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** चरखी दादरी जिले के एक व्यक्ति की बुधवार को खेत में कीटनाशक छिड़कते समय तबीयत बिगड़ गई। उन्हें महेंद्रगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने वीरवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।
चरखी दादरी जिले के बडराई गांव निवासी नवीन ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि बुधवार को उनके पिता संजय कुमार अपने खेत (बाग) में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गए थे। नवीन के अनुसार, उनके पिता संजय कुमार कीटनाशक घोल तैयार कर पौधों पर छिड़क रहे थे।

# नारकोटिक्स ब्यूरो ने पकड़ी करीब 60 लाख रूपए कीमत की 301.86 ग्राम हेरोइन

**गिरफ्तार**

❑ संजय कुमार, ने स्पष्ट किया है कि नशे की जड़ों को खत्म करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता




**फतेहाबाद, सिरसा (शुभम खटक)** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए फिर से एक और बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए, ब्यूरो की टीम ने थाना अग्रोहा जिला हिसार के अंतर्गत अग्रोहा से हिसार रोड नजदीक श्री वैष्णव अग्रसैन गौशाला अग्रोहा के पास से दो नशा तस्करों को गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 301.86 ग्राम हेरोइन को बरामद किया गया है। बरामद की गई नशीले पदार्थ की मात्रा ठऊढर अधिनियम के तहत व्यावसायिक श्रेणी की है।
ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अऊॠढ) श्री संजय कुमार, कढर के सख्त निदेशों पर व ब्यूरो पुलिस अधिक्षक श्री मोहित हाण्डा जी कढर के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में नशा तस्करों पर कार्यवाही की जा रही है। ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार, ने स्पष्ट किया है कि "नशे की जड़ों को खत्म करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।"
कार्यवाही का संचालन
यह कार्यवाही एसपी श्री मोहित हांडा, कढर के मार्गदर्शन और डीएसपी श्री जगजीत सिंह के निर्देशन में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद इंचार्ज उप निरीक्षक तरसेम सिंह की टीम द्वारा अंजाम दी गई। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए यूनिट फतेहाबाद इंचार्ज उप निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि थाना अग्रोहा एरिया में गश्त के दौरान, अरक महेश कुमार और उनकी टीम को मुखबिर खास से हेरोइन तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद, पुलिस टीम ने रणनीतिक ढंग से संदिग्धो को नशीले पदार्थ सहित काबू किया। कानूनी औपचारिकता पूरी करते हुए आरोपियों की तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से 301.86 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी बाजार कीमत करीब 60 लाख रूपए बताई जा रही है
गिरफ्तार आरोपियों कि पहचान 1.रमनजीत उर्फ लवली पुत्र सुरजीत सिंह निवासी पिरावाली जिला हिसार 2.नवीन उर्फ चीनू पुत्र राजेश निवासी वार्ड नं.11 ऋषि नगर कैथल के रूप मे हुई है। जिनके खिलाफ थाना अग्रोहा में एन.डी.पी.एस. अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत व्यावसायिक मात्रा का मामला संख्या 113 /2026 दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को माननीय न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लेने के बाद पुलिस अब आरोपियों से आगे की पूछताछ कर उनके नशा तस्करी नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य अपराधियों तक पहुँचने का प्रयास कर रही है। उप निरीक्षक इंचार्ज तरसेम सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में समाज का सहयोग अनिवार्य है। यदि आपको कहीं भी नशा व्यापार या तस्करी की जानकारी मिले, तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 90508-91508 पर सूचना दें।
सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

## सुप्रसिद्ध केरू धाम के गुरु जी हनुमान चौहान आएंगे श्री तारकेश्वरम धाम



**सिरसा (शुभम खटक)** उत्तर भारत के प्रमुख आध्यात्मिक एवं धार्मिक आस्था के केंद्र श्री तारकेश्वरम धाम में 10 व 11 अप्रैल को दो दिवसीय दिव्य हीलिंग एवं वेलनेस शिविर का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान के जोधपुर स्थित सुप्रसिद्ध केरू धाम के गुरु हनुमान चौहान इस शिविर में शिरकत करेंगे। शिविर के दौरान गुरु हनुमान चौहान द्वारा आस्थावान भक्तों की दीर्घकालिक मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक उलझनों के समाधान हेतु मार्गदर्शन करेंगे। यह जानकारी श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने दी। शिविर के लिए श्री बाबा तारा जी चैरिटेबल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन जारी है। साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी किए जा रहे है। विगत 28 फरवरी को आयोजित इस प्रकार के शिविर में वंचित रह गए लोगों को शिविर का लाभ मिलेगा। साथ दोबारा भी जरूरतमंद लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकेंगे। श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा ने बताया कि श्री बाबा तारा जी कुटिया में समय समय पर धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। क्षेत्र के काफी भक्तों ने जोधपुर स्थित केरू धाम के गुरु हनुमान चौहान के दिव्य हीलिंग एवं वेलनेस शिविर के पुनः आयोजन का निवेदन किया था। जिसके बाद केरू धाम के प्रमुख गुरु हनुमान चौहान से समय लिया गया। दस व ग्यारह अप्रैल को यह विशेष शिविर आयोजित होगा।

## मोहनपुर नांगल निवासी एक युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव मोहनपुर नांगल निवासी एक युवक की पेट में दर्द होने से मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने वीरवार को नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है, हालांकि अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। मृतक की पहचान गांव मोहनपुर नांगल निवासी 18 वर्षीय पवन कुमार के रूप में हुई है। पवन आईटीआई करके अप्रेंटिस कर रहा था। उसके पिता संदीप कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि बुधवार रात करीब 12 बजे पवन को अचानक उल्टी और हल्का पेट दर्द शुरू हुआ। दर्द बढ़ने पर पवन को महेंद्रगढ़ के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। संदीप के अनुसार, जब पेट दर्द ठीक नहीं हुआ तो ड्यूटी डॉक्टर ने किसी अन्य डॉक्टर से फोन पर बात करके, बिना किसी जांच के, दर्द रोकने के लिए तीन-चार इंजेक्शन लगा दिए। इससे कुछ समय के लिए दर्द ठीक हो गया। अस्पताल ने रात तीन बजे पवन को घर ले जाने को कहा, यह कहते हुए कि वह अब सोएगा और कोई दिक्कत होने पर दोबारा दिखा सकते हैं। घर पहुंचते ही पवन के शरीर में तेज झनझनाहट होने लगी और दर्द व उल्टियां पहले से भी ज्यादा बढ़ गईं। संदीप सुबह लगभग 4:30 बजे पवन को वापस उसी अस्पताल ले गए।

# आमजन की दिक्कतों और समस्याओं का समाधान करें सभी अधिकारी

**नरवाना 9 अप्रैल राहुल**
समाधान शिविर केवल आपसी संवाद का माध्यम ही नहीं है बल्कि जनसाधारण की समस्याओं का निवारण करने का सर्वोत्तम मंच है। लिहाजा आमजन की दिक्कतों और समस्याओं का समाधान कर सभी अधिकारी अपनी कुशलतम कार्यशैली का परिचय दें। यह निर्देश एसडीएम जगदीश चंद्र ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते हुए दिए। एसडीएम ने स्पष्ट तौर पर कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का हर हालत में निवारण होना चाहिए। शिविर में प्राप्त किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। यह पूर्णतया नाकाबिल-ए बर्दाश्त माना जाएगा और इसके लिए संबंधित अधिकारी सीधा तौर पर स्वयं जवाबदेह होगा। एसडीएम ने बताया कि कई बार लंबित शिकायतें एक से अधिक विभागों से संबंधित मिलती है, इसमें विभागों के अधिकारी एक दूसरे की जिम्मेदारी समझ टाल- मटोल का रवैया अपनाते नजर आते हैं, जो



कि सरासर गलत है। असल में समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य ही यह है कि अंतर्विभागीय लंबित समस्याओं का समाधान कर आमजन को राहत दी जा सके। इसलिए सभी अधिकारी अंतर्विभागीय समस्याओं के संबंध में पल्ला झाड़ व्यवहार को छोड़कर सामूहिक जिम्मेदारी के साथ उस समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। कभी-कभी ऐसी जनसमस्या सामने आ जाती है, जिसका समाधान करने में विभागीय नॉर्मज एवं नियम पूरा नहीं उतरते, उस स्थिति में अधिकारी या तो मुख्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त करें या फिर अपने विवेकानुसार समाधान का ऐसा रास्ता तलाशें जिससे विभागीय नियम भी बने रहे और फरियादी को राहत भी मिल जाए। इससे जनसाधारण की प्रशासन और सरकार के प्रति विश्वसनीयता बनी रहती है, जो सभी प्रशासनिक अधिकारियों का नैतिक फर्ज भी है। एसडीएम ने यह भी बताया कि माननीय मुख्यमंत्री राज्य स्तर पर स्वयं समाधान शिविर की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं और उनका स्पष्ट संदेश है कि प्रदेश की जनता को समाधान शिविर का पूरा लाभ मिले।
गौरतलब है कि वीरवार को माननीय मुख्यमंत्री वी सी के माध्यम से स्वयं समाधान शिविर में विभिन्न जिलों के अधिकारियों से सीधा तौर पर जुड़े।

# विद्यार्थियों ने वर्मी-कम्पोस्टिंग यूनिट का किया शैक्षणिक भ्रमण

**नरवाना 9 अप्रैल राहुल**
के.एम. गवर्नमेंट कॉलेज, नरवाना के प्राणीशास्त्र विभाग के प्राध्यापकों के नेतृत्व में बी.ए. एवं बी.एससी. लाइफ साइंस के विद्यार्थियों का एक शैक्षणिक भ्रमण बसंत विहार स्थित ह्रप्योर थार ऑर्गेनिकह्र वर्मी-कम्पोस्टिंग यूनिट में आयोजित किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जैविक अपशिष्ट प्रबंधन, वर्मी-कम्पोस्टिंग की वैज्ञानिक प्रक्रिया तथा उसके व्यावहारिक उपयोगों




की जानकारी देना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को केंचुओं की प्रमुख प्रजाति सेनिया फोटिडा के बारे में विस्तार से बताया गया, जो वर्मी-कम्पोस्टिंग के लिए अत्यंत उपयुक्त मानी जाती है। विद्यार्थियों ने जाना कि यह प्रजाति किचन वेस्ट, कृषि अपशिष्ट और गोबर को खाकर उसे पोषक तत्वों से भरपूर जैविक खाद में परिवर्तित करती है। इस पूरी प्रक्रिया को विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा, जिससे उन्हें इस तकनीक की उपयोगिता को समझने का अवसर मिला। यूनिट के संचालक पवन एवं सुनील ने वर्मी-कम्पोस्टिंग की संपूर्ण प्रक्रिया—जैसे बेड तैयार करना, केंचुओं का प्रबंधन, नमी और तापमान का संतुलन बनाए रखना तथा तैयार खाद को अलग करने की विधि—के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस तकनीक को छोटे स्तर से लेकर बड़े स्तर तक कैसे अपनाया जा सकता है।

**तकनीक**

❑ तैयार खाद को अलग करने की विधि—के बारे में विस्तार से जानकारी दी

# गुहला पुलिस द्वारा गांव खरकां में की गई पैदल गश्त, नशा तस्करों को चेतावनी

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार कानून व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से गुहला थाना प्रभारी पीएसआई शनेष की अगुवाई में गांव खरकां में विशेष पैदल गश्त की गई। इस सम्बन्ध में पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान करीब 30 पुलिस कर्मचारियों की टीम ने पूरे गांव में पैदल मार्च करते हुए मुख्य गलियों व सार्वजनिक स्थानों का दौरा किया। पुलिस टीम की मौजूदगी से ग्रामीणों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ तथा असामाजिक तत्वों में भय पैदा हुआ। गश्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा



ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया और लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने आसपास भी नशे को बढ़ावा न दें। साथ ही युवाओं को विशेष रूप से नशे से बचने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि नशे का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी नशे की खरीद-फरोख्त या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## पाथेड़ा स्कूल में लगा मौखिक स्वास्थ्य जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** मौखिक स्वास्थ्य माह के उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाथेड़ा में एक मौखिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. दीक्षा शर्मा डेंटल सर्जन एमडीएस विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ को मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शिविर के दौरान सभी विद्यार्थियों के दांतों और मुंह की जांच की गई। जांच के दौरान जिन विद्यार्थियों में किसी प्रकार की समस्या पाई गई, उन्हें उपचार के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी पर रेफर किया गया।

# भाविप नरवाना की प्रथम आम बैठक संपन्न

**नरवाना 9 अप्रैल राहुल**
भारत विकास परिषद, केशव शाखा नरवाना की नई कार्यकारिणी द्वारा आयोजित प्रथम आम बैठक अप्रैल माह उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, सचिव नाथूराम गोयल, कोषाध्यक्ष अभिनव गुप्ता सहित जिला सह-समन्वयक सुमित शर्मा व शाखा के सभी सम्मानित सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक का शुभारंभ सचिव नाथूराम गोयल ने विधिवत रूप से किया। इस दौरान प्रेस प्रवक्ता नवीन बंसल ने बैठक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि नई कार्यकारिणी के गठन के बाद यह पहली आम बैठक थी, जिसमें संगठनात्मक



मजबूती और आगामी गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गई।
अध्यक्ष प्रदीप गर्ग एवं वित्त सचिव अभिनव गुप्ता ने नई कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय करवाते हुए उन्हें परिषद की विभिन्न गतिविधियों के दायित्व सौंपे। उपस्थित सदस्यों ने तालियों की गूंज के साथ सभी का उत्साहवर्धन किया। बैठक में संस्कार, सेवा, संपर्क, पर्यावरण एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विभिन्न प्रकल्पों के लिए गतिविधि संयोजकों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। इसके साथ ही कई अहम निर्णय भी लिए गए।
परिषद द्वारा आगामी 12 अप्रैल को खाटू श्याम मंदिर, पतराम नगर में भव्य कीर्तन आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा वर्ष भर सदस्यों की वर्षगांठ मनाने, एनीमिया जांच एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने, गोकास्ट मशीन प्रोजेक्ट को सुचारू रूप से चलाने तथा 10 निर्धन बच्चों की शिक्षा का दायित्व उठाने का संकल्प लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक माह एक आम बैठक किसी सदस्य के निवास स्थान पर आयोजित की जाएगी। अगली बैठक मई माह के प्रथम रविवार

**विशेष चर्चा**

❑ यह पहली आम बैठक थी, संगठनात्मक मजबूती और आगामी गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गई

# नरवाना में सीआईए की बड़ी कार्रवाई: 22 अवैध कारतूसों के साथ युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 9 अप्रैल राहुल**
जिला जींद के नरवाना क्षेत्र में सीआईए स्टाफ ने एक बड़ी और सतर्क कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान के तहत एक युवक को 22 जिंदा कारतूसों सहित काबू किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें पुलिस की मुस्तैदी साफ तौर पर देखने को मिली।
सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि उनकी टीम, मुख्य सिपाही हरदीप सिंह के नेतृत्व में इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक धरौदी फाटक, टोहाना रोड पर संदिग्ध हालत में खड़ा है और उसके पास अवैध कारतूस मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर युवक घबराकर तेज कदमों से आगे बढ़ने लगा, जिससे शक और गहरा गया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया।
पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहित पुत्र बलिंद्र, निवासी मोर पट्टी नरवाना बताया। तलाशी के दौरान उसकी लोअर की दाहिनी जेब से .315 बोर के कुल 22 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।




आरोपी से जब इन कारतूसों के संबंध में लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत करने को कहा गया, तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर नरवाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी इन कारतूसों को कहां से लाया और किसे सप्लाई करने की फिराक में था।
पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है, जिससे और भी अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। जींद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।
पुलिस का कहना है कि आमजन के सहयोग से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है।

**काबू**

❑ पुलिस का कहना है कि आमजन के सहयोग से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है

## नागरिक अस्पताल में पीएमएसएमए कैंप का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** नागरिक अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जयप्रकाश के दिशा निर्देश में पीएमएसएमए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कैंप का आयोजन हुआ। पीपीसी में कार्यरत रणसिंह मालडा ने बताया कि यह एक सरकारी पहल है जो हर महीने की 9-10-23 तारीख व महीने के अंतिम दिन 30 या 31 तारीख को गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल प्रदान करती है। इन निश्चित तिथि को कोई सरकारी छुट्टी होती है तो उससे अगले दिन



इस कैंप का आयोजन होता है। कैंप में डॉक्टर ज्योति, डॉक्टर रितिका और डॉ. स्वाती ने 122 गर्भवती महिलाओं की जांच की, जिनमें 98 महिलाओं के अल्ट्रासाउंड करवाए है। इसके साथ-साथ परिवार नियोजन कैंप का आयोजन भी किया गया है। पीपीसी इंचार्ज रणसिंह मालडा ने बताया कि परिवार नियोजन कैंप में सर्जन डॉक्टर कवर सिंह चौहान एवं महिला विशेषज्ञ डॉक्टर मोना यादव ने पांच महिलाओं की नसबंदी की है।

# डिजिटल काटे से गेंहू मापतौल से किसानों ने जताई खुशी तो आढ़ती नाखुश

**पारदर्शिता**

- आढ़ती कर रहे है पूरा प्रयास, सीजन में नही हो डिजिटल काटें से नापतोल





**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सरकार के सख्त आदेश के बाद कि गेंहू खरीद के दौरान पूरी तरह पारदर्शिता बनी रहे इसके लिए गेंहू का अनाज मंडियों में पूरे प्रदेश में नापतोल डिजिटल काटे से ही किया जाए, इसके लिए गन्नौर मंडी में एसडीएम व अन्य अधिकारी भी सख्त आदेश दे चुके है लेकिन उसके बाद भी मंडी के आढ़ती चाहते है कि डिजिटल की बजाय पहले वाले पुरानी प्रणाली के काटे से खरीद हो। लेकिन विधायक व एसडीएम से गुहार लगा रहे है लेकिन दोनो की तरफ से भी बोला गया कि सरकार के आदेश है और इससे किसान भी खुशी है तो डिजिटल काटें का ही नापतोल में प्रयोग किया जाए। वहीं किसानों ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया और बताया कि इससे सभी किसान अपने गेंहू के कट्टे की भराई के समय डिजिटल काटे में वजन को स्क्रीन पर पढ़कर अनुमान लगा लेंगे। लेकिन पुराने काटे का मापतौल उनकी समझ में नही आता। इसलिए उनकी भी मांग की मंडी में डिजिटल काटे से मापतौल ही करवाया जाए। उन्होंने मांग की कि इसके लिए संबधित विभागों के अधिकारी भी सख्त रहे।

**सख्त दिए है आदेश आढ़तियों को डिजिटल काटा प्रयोग के : एसडीएम**

- एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि सरकार के आदेश अनुसार मंडियों में गेंहू खरीद के दौरान डिजिटल काटें प्रयोग के आदेश दिए है। इसके बाद भी कोई पहले वाले काटे का प्रयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रपाई की जाएगी।

**मापतौल किसानों की समझ में आएगा, सरकार की आभार : किसान**

पुरखास गांव के किसान सुरेश व महेन्द्र ने बताया कि वे सरकार का आभार व्यक्त करते है कि डिजिटल काटे के प्रयोग से कट्टे का वजन वे आसानी से समझ पाएगे। पहले वाले काटे का वजन उन्हें समझ नही आता था। इससे पारदर्शिता आएगी।

# गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग, डेढ़ एकड़ फसल जलकर राख

**भारी नुकसान**

गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से किसान को भारी नुकसान झेलना पड़ा।



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव अगवानपुर में वीरवार को गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से किसान को भारी नुकसान झेलना पड़ा। आग की चपेट में आने से किसान श्रीभगवान की करीब 1.5 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार श्रीभगवान ने अपने खेत में गेहूं की फसल उगा रखी थी। घटना के समय खेतों के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक फसल में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया। आग को फैलने से रोकने के लिए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चलाकर आसपास की फसल को बचाने का प्रयास किया। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। पीड़ित किसान ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## न्यूज फ्लैश

### एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में सुनील कुमार व प्रिंस ने जीते कांस्य पदक

**गन्नौर।** किर्गिस्तान के बिश्केक में 6 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित सीनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में क्षेत्र के दो पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। गन्नौर के डबरपुर गांव निवासी अर्जुन अवार्डी पहलवान सुनील कुमार ने 87 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में पदक जीता। पहलवान सुनील कुमार की इस उपलब्धि से उनके गांव डबरपुर में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवार के लोगों ने पूरे गांव में लड्डू बांटकर जश्न मनाया और ग्रामीणों ने इसे गर्व का क्षण बताया। मां अनीता देवी व भाई सुमित कुमार ने सुनील कुमार के प्रदर्शन पर खुशी मनाई और अगली प्रतियोगिता में उसके स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद जताई। रेलवे कुश्ती कोच एवं अर्जुन अवार्डी कृपाशंकर बिश्नोई के अनुसार, सुनील कुमार अब तक सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कुल 6 पदक जीत चुके हैं, जिनमें एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

### - नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने में किसी प्रकार की कोताही ना बरतें अधिकारी: डीसी साहिल गुप्ता



**भिवानी, 09 अप्रैल।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनहित से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता व ध्यानपूर्वक सुनें और उनके समाधान के लिए तुरंत प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जाता है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी वीसी के माध्यम से जुड़े। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए अधिकारी शिकायतों को अपने पास लंबित ना रखें और शिकायतों का अतिशीघ्र समाधान करें।

मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करना है, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुए समयबद्ध तरीके से उनका समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों को पूरी गंभीरता से सुना जाए और उनका प्रभावी समाधान किया जाए। समाधान शिविर में डीसी के समक्ष करण सिंह ने सिटी रेलवे स्टेशन से सुभाष चंद्र बोस चौक तक नवीनीकरण व अनावश्यक कटों से संबंधित समस्या रखी। अमित ने फैमिली आईडी से अनजान सदस्य हटाने व पंचायती जमीन से कब्जे हटवाने की बात रखी। भीम सिंह ने डिफेंस कॉलोनी में ट्रांसफार्मर की स्थिति सुधारने की मांग की। सुनील वर्मा नंबरदार ने हांसी गेट के आसपास क्षेत्र के साथ-साथ शहर में विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण की समस्या रखी। राजेंद्र ने गैस सिलेंडर बुकिंग की समस्या बताई, जबकि नरेश कुमार ने निजी जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगाई। रामपाल ने तोशाम बाईपास पर सीवरेज व पानी निकासी की समस्या उठाई। हरीकिशन ने राशन कार्ड कटने की शिकायत दी। महेश कुमार ने कृष्णा कॉलोनी क्षेत्र में रात्रि पुलिस व्यवस्था की मांग की। भगवान दास कालिया ने सडकों की मेंटेनेंस व नए पटवार खाने बनवाने की मांग रखी। राजवीर कौशिक ने गौशाला के पीछे बिजली के पोल हटवाने का मुद्दा उठाया। गौरव ने बजरंग बली कालोनी क्षेत्र में अवैध कब्जे हटवाने व सार्वजनिक रास्ते से अवैध दीवार हटाने की मांग की। इसी प्रकार से विक्रम व मोनिका ने फैमिली आईडी में आय कम करवाने की मांग रखी, जबकि रामचंद्र ने अतिरिक्त प्लॉट को रिकॉर्ड से हटवाने की बात कही।

# श्रीमद्भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है: जैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 9 अप्रैल। सेक्टर 15** पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बहुत ही भक्ति भाव से किया जा रहा है । इस अवसर पर कथावाचक श्रद्धेय विष्णु दत्त गोड़ जी महाराज द्वारा श्रीमद भागवत का गायन संगीत के साथ किया जा रहा है ।

इस अवसर पर नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें सभी ग्रंथों का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है।

कथावाचक परम श्रद्धेय विष्णु दत्त गोड़ जी महाराज जी ने प्रवचन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलयुग में श्री मद भागवत कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ की आयोजन समिति द्वारा राजीव जैन का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी वासी भक्तगण क्रमशः पुरुषोत्तम शर्मा, राजेंद्र कुच्छल, श्रीराम गुप्ता (मुरथल वाले), सुरेंद्र गुप्ता,, सुमित्रा, संतोष, कृष्णा, रुक्मणि, शीला, शांति देवी, सुलोचना, रचना गोयल सहित सैंकड़ो कृष्ण भक्त महिलाएं उपस्थित रही ।

# सुप्रीम कोर्ट सहीत देश की तमाम अदालतों में हिंदी में भी अपना पक्ष रखने की अनुमति हो :- वीरेश

**अम्बाला** 'एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत को भेजे पत्र में मांग की है की उनके पत्र को जनहित याचिका मानते हुए 140 करोड़ लोगो को राहत देते हुए मिल पत्थर आदेश पारित करे एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया एवं विश्व हिन्दू तख़्त के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शडिल्य ने हिंदुस्तान की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत को पत्र लिख कर मांग की है की सुप्रीम कोर्ट सहित देश के तमाम हाई कोर्ट व अदालतो में वकीलों सहित आम आदमी को भी हिंदी में अपना पक्ष रखने का आदेश जारी करे. वीरेश शांडिल्य ने कहा विश्व में भारत एक ऐसा देश है जिसका लोकतंत्र सबसे मजबूत है और ऐसे में सुप्रीम कोर्ट व भारत के तमाम उच्च न्यालयों में वकीलों सहित आम लोगो को भी हिंदी में अपनी याचिका पेश करने और अपना पक्ष रखने का अधिकार मिले भारत हिंदी भाषाई देश है और ऐसे में हरियाणा की मिट्टी में जन्मे जस्टिस सूर्यकांत को जो सुप्रीम कोर्ट में बतौर चीफ जस्टिस अपनी सेवाएं देकर पुरे भारत में नाम रोशन कर रहे है

# करनाल के युवक की रूस में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के बसंत विहार निवासी युवक की रूस में मौत हो गई।

युवक टूरिस्ट वीजा पर 16 मार्च को विदेश गया था। परिवार को उसकी मौत की सूचना वॉट्सऐप ग्रुप के माध्यम से मिली। बताया जा रहा है कि युवक की गिरने से मौत हुई है, लेकिन परिजन इसे संदिग्ध मान रहे हैं और पूरे मामले की जांच की मांग कर रहे हैं।

परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए परिवार ने शासन और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

बसंत विहार निवासी 17 वर्षीय देव पुंडीर कुछ समय पहले रूस गया था। उसकी बहन ने बताया कि शनिवार को आखिरी बार भाई से बात हुई थी। उस समय वह बिल्कुल ठीक था और उसने कहा था कि वह सोने जा रहा है। इसके बाद रात में अचानक वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए मौत की खबर मिली, जिससे परिवार सदमे में है। देव पुंडीर की मां का कहना है कि उनके बेटे के साथ वहां कोई अनहोनी हुई है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की गहराई से जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। परिवार लगातार इस घटना को लेकर चिंता और शंका जता रहा है।

देव पुंडीर के पिता इलेक्ट्रॉनिक का काम करते हैं, जबकि मां सिलाई का काम कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। परिवार में दो छोटे भाई-बहन भी हैं।

# स्नेह ने बीकाम प्रथम सेमेस्टर में हासिल किए 96 प्रतिशत अंक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में जैन गर्ल्स कालेज गन्नौर की छात्रा स्नेह ने बीकाम प्रथम सेमेस्टर में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। स्नेह की इस सफलता पर कालेज परिसर में खुशी का माहौल है। प्राचार्य डा. मनोज कुमार व स्टाफ सदस्यों ने स्नेह को पुष्प भेंट कर बधाई दी और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। कामर्स विभाग की अध्यक्ष प्रीति ने बताया कि स्नेह शुरू से ही मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बीकाम में कालेज की अधिकतर छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

वहीं एमकाम में कुमारी शालू ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए। कालेज प्राचार्य ने इन होनहार छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष स्कालरशिप देने की घोषणा की है।

# मृतकों के शव लेने से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले में पश्चिमी यमुना नहर के पास हुए एक सडक हादसे के बाद मामला तूल पकड़ गया है। दो लोगों की मौत के बाद परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी तक शव उठाने से इनकार कर दिया। परिवार का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर कार्रवाई में देरी कर रही है। बुधवार को हुए इस हादसे के बाद गुरुवार को मोर्चरी हाउस में विरोध शुरू हो गया। परिवार ने चेतावनी दी कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होती तब तक शव को नहीं उठाएंगे। बता दें कि करनाल के शिव कॉलोनी निवासी जगत सिंह और भीम सिंह बुधवार को कैथल रोड पर पश्चिमी यमुना नहर के पास पैदल सैर कर रहे थे।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर दुख सुख में हमेशा खड़े किसानों के साथ: सुमन सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 9 अप्रैल (विजय कौशिक) :** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के किसानों के साथ हमेशा हर दुख सुख में खड़े हैं। मुख्यमंत्री खुद किसान परिवार से संबंध रखते हैं और किसानों की हर पीड़ा को भली भांति जानते हैं। उन्होंने एसडीएम अमन कुमार को गत दिवस हुई बरसात व ओलावृष्टि से फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए स्पेशल गिरदावरी करवाने के निर्देश दिए।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने वीरवार को लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव सोंटी, गांव बीड सोंटी, गांव गिरधारपुर, गांव दबखेड़ा, गांव लोहारा व गांव बीड खैरी में पहुंच कर किसानों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन गांव मथाना व आसपास के क्षेत्र में हुए नुकसान की भी जानकारी हासिल की। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने लाडवा क्षेत्र के खेतों का दौरा किया और ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का जायजा लिया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी का गांवों में पहुंचने पर किसानों ने स्वागत किया और अपनी समस्याओं को विस्तार से बताया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मौके पर ही एसडीएम अमन कुमार को किसानों की समस्याओं के संबंध में निर्देश दिए और प्रभावित खेतों का जल्द से जल्द स्पेशल गिरदावरी करवाने के निर्देश दिए।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत और मुआवजा प्रदान किया जाए। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तक पहुँचाया जाएगा और हर संभव मदद दिलाने की कोशिश की जाएगी।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसानों की फसल के एकझ्एक दाने की खरीद सुनिश्चित की जाएगी। सरकार ने खरीद प्रणाली में व्यापक सुधार लागू किए हैं तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रत्येक मंडी में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों को जिलों की मंडियों की नियमित निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है और उपायुक्तों को जिला स्तर पर खरीद व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंत्री और विधायक भी लगातार मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने की जिम्मेदारी दी हैं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सरकार पूरी पारदर्शिता, जवाबदेही और सुव्यवस्थित ढंग से खरीद कार्य को सफलतापूर्वक संचालित कर रही है तथा सभी फसलों की खरीद सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में खरीद प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित तथा किसान हितैषी बनाने के लिए कई नई पहलें लागू की हैं। इन उपायों से फसल खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, अनधिकृत गतिविधियों पर रोक लगेगी तथा किसानों को सुविधाजनक और तेज सेवाएं मिलेंगी।

इस मौके पर एसडीएम अमन कुमार, मार्केट कमेटी के चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी गुरनाम सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व किसान मौजूद रहे।

# तोशाम में जनगणना-2027 की जानकारी के लिए तीन दिवसीय शिविर शुरू: एसडीएम संदीप



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम, 09 अप्रैल।**एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा की जा रही जनगणना-2027 के लिए नागरिक घर बैठे ही स्वजनणना कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल सेनसेसइंडियाडोटजीओवीडोटइन 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक खुला रहेगा। एसडीएम ने स्वगणना को लेकर कहा कि डिजिटल जनगणना 2027 के स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकरण करने की स्टेप-टू-स्टेप प्रक्रिया में सबसे पहले आधिकारिक सेनसेसइंडियाडोटजीओवीडोटइन पोर्टल पर जाएं या मोबाइल ऐप डाउनलोड करें। मोबाइल नंबर से लॉगिन करने के लिए अपना सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज करें। आपके नंबर पर एक वन टाइम पासवर्ड आएगा, उसे भरकर वेरीफिकेशन पूरा करें। प्रारंभिक जानकारी में परिवार के मुखिया का नाम चुनें, अपना राज्य (हरियाणा), जिला और तहसील सिलेक्ट करें, यूजर आईडी और पासवर्ड वेरिफिकेशन के बाद, आपको एसएमएस के जरिए एक यूर्जर आइडी और पासवर्ड मिलेगा। इसका उपयोग करके पोर्टल पर लॉगिन करें। उन्होंने बताया कि एक मोबाईल से एक परिवार की ही जानकारी दी जा सकती है।

उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि स्वगणना के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। विशेषकर विद्यार्थियों को स्वगणना की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को भी स्वगणना के लिए जागरूक किया जाएगा, इसके लिए मुख्यालय से प्रचार-प्रसार सामग्री भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी स्वयं के साथ-सथ उनके संपर्क के लोगों को स्वगणना के लिए जागरूक करें। उन्होंने बताया कि स्वगणना के बाद प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी हासिल करेंगे। आपके द्वारा की गई स्वगणना की जानकारी प्रगणक को दें और यदि कहीं सही जानकारी नही दी गई है तो उसके संसोधन किया जा सकता है। डिजिटल जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास गणना की जाएगी। जबकि एक से 30 मई 2026 तक चलेगा। एसडीएम संदीप कुमार के मार्गदर्शन में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के दौरान मकानों का सूचीकरण और आवास गणना को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए मतगणना से जुड़े कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय उपमंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर स्थानीय आईटीआई, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल व राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुरू किए गए हैं। विशेष ट्रेनरो द्वारा इन शिविरों में जनगणना की बारीकियों बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

# धरनास्थल पर पहुंचे एनएचएआई अधिकारी, वार्ता रही बेनजीता



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लगभग दो महीने बीत जाने के बाद आज एनएचएआई के अधिकारीयों की टीम आंदोलनरत किसानों से मिलने पहुंची, किसानों से एक घंटे तक वार्ता हुई, आंदोलनकरी किसानों का नेतृत्व उत्तरी हरियाणा प्रभारी मेहताब कादयान ने की । एनएचएआई की ओर से एग्जिक्यूटिव इंजीनियर राहुल, भानु प्रताप ने मौखिक आश्वासन देते हुए कहा कि प्रस्ताव मंजूरी के लिए केंद्र के पास भेजा गया है। स्वीकृति के पश्चात सर्विस लेन बना दिया जाएगा। आंदोलनकारी किसानों ने एक स्वर में एनएचएआई अधिकारियों के इस प्रस्ताव को सिरे से नकारते हुए कहा कि जब तक सर्विस लेन का निर्माण कार्य नहीं शुरू होता, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा, हम किसी भी प्रकार के झांसे या बहकावे में नहीं आएंगे। इससे पूर्व भी हमारे साथ लिखित तौर पर धोखा हो चुका है एनएचएआई के अधिकारी किसानों को मानने में नाकामयाब रहे और वापिस बैरंग लौट गए ।

गौरतलब है कि गांव सोहना के समीप करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन बनाए जाने की मांग को लेकर चल रहा धरना दो माह पूरे कर गया है। यह धरना भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में चलाया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### वैकल्पिक खेती के तौर पर मशरूम को अपनाएं किसान, 85 प्रतिशत तक सरकार दे रही अनुदान

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
किसानों की आय बढ़ाने और वैकल्पिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्यान विभाग, हरियाणा द्वारा मशरूम उत्पादन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार अलग-अलग स्तर पर मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण और संरचना निर्माण के लिए किसानों को आर्थिक सहायता दी जा रही है।
ट्रे आधारित मशरूम उत्पादन पर अनुदान, बटन मशरूम के अलावा अन्य किस्मों पर सहायता
मशरूम ट्रे पर 300 रुपये प्रति ट्रे की इकाई लागत निर्धारित की गई है। इस पर सामान्य क्षेत्रों में 75 प्रतिशत से 85 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसके तहत किसानों को 225 रुपये प्रति ट्रे की सहायता मिलेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 100 ट्रे (सामान्य वर्ग) तथा 255 रुपये प्रति ट्रे (अनुसूचित वर्ग) तक निर्धारित है। बटन मशरूम के अलावा अन्य मशरूम ट्रे पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसमें 300 रुपये प्रति ट्रे की लागत पर 150 रुपये प्रति ट्रे की सहायता मिलेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 100 ट्रे तक रखी गई है।
कम लागत वाली शेड संरचना पर अनुदान, मशरूम उत्पादन इकाई पर सहायता
सीजनल मशरूम की खेती के लिए कम लागत वाली फूस की झोपड़ी (साईज (30ह्मम15ह्म) 3 लाइन रैक प्रत्येक लाइन में 2 मंजिल) के निर्माण हेतु 30,000 रुपये प्रति यूनिट लागत निर्धारित है। इस पर सामान्य वर्ग को 75 प्रतिशत (22,500 रुपये) और अनुसूचित वर्ग को 85 प्रतिशत (25,500 रुपये) तक अनुदान दिया जाएगा। मशरूम उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए 30 लाख रुपये की लागत पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसके तहत किसानों को 12 लाख रुपये प्रति इकाई की सहायता मिलेगी, जो बैंक ऋण से जुड़ी होगी।
मशरूम कवक निर्माण इकाई पर अनुदान, छोटे स्तर पर उत्पादन के लिए विशेष योजना
मशरूम कंपोस्ट निर्माण इकाई (20 लाख रुपये लागत) पर 40 प्रतिशत अनुदान के रूप में 8 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वहीं, मशरूम खाद निर्माण इकाई (30 लाख रुपये लागत) पर 40 प्रतिशत अनुदान के तहत 12 लाख रुपये तक की सहायता उपलब्ध होगी।
छोटे किसानों के लिए 2 लाख रुपये प्रति इकाई लागत (200 वर्ग फुट संरचना) पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के तहत 1 लाख रुपये प्रति इकाई की सहायता मिलेगी तथा एक लाभार्थी को अधिकतम 5 इकाइयों तक लाभ दिया जा सकेगा।
जिला उद्यान अधिकारी दीन मोहम्मद ने बताया कि उद्यान विभाग की ये योजनाएं उन किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी हैं, जो कम जमीन और कम लागत में अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं। मशरूम उत्पादन को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने के लिए सरकार लगातार प्रोत्साहन दे रही है। किसान इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं और आधुनिक कृषि की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

### यूएलबी के अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक मीणा से मिले सिरसा नगर परिषद के चेयरमैन वीर शांति वरूप

**सिरसा (शुभम खटक) सिरसा** नगर परिषद के अध्यक्ष वीर शांति स्वरूप ने आज अतिरिक्त मुख्य सचिव (यूएलबी) अशोक मीना (आईएएस) से मुलाकात कर शहर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। शहर के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से आज अतिरिक्त मुख्य सचिव (यूएलबी) अशोक मीणा (आईएएस) से मुलाकात कर विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों से जुड़ी लंबित फाइलों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान नगर परिषद स्तर पर अटकी हुई परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया गया, ताकि शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध हो सकें.बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के पुनर्निर्माण का रहा। इस संबंध में लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से नई सड़कों के निर्माण की फाइल लंबे समय से लंबित थी। अधिकारियों से इस फाइल को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर कार्य शुरू करवाने का आग्रह किया गया, जिससे शहर की प्रमुख सड़कों की हालत सुधर सके और लोगों को आवागमन में राहत मिले। नगर परिषद भवन को लेकर भी जोरनगर परिषद की वर्तमान कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने और नागरिक सुविधाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई नगर परिषद बिल्डिंग के निर्माण की फाइल भी लंबित पड़ी हुई थी। इस विषय को भी प्रमुखता से उठाते हुए जल्द स्वीकृति दिलाने का अनुरोध किया गया

# विधायक कादियान ने किया मंडी का दौरा, किसानों व आढतियों से की वार्ता

**आवक**

गेहूं की आवक तेजी से बढ़ रही है और अब तक 45 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं पहुंच चुका है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नई अनाज मंडी में गेहूं की आवक तेजी से बढ़ रही है और अब तक 45 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं पहुंच चुका है। हालांकि, नमी और अन्य तकनीकी कारणों के चलते खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। इससे किसानों,



आढ़तियों और मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने मंडी का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उनके साथ एसडीएम प्रवेश कादियान, डीएफसी विंशल सहरावत, हैफेड के डीएम उमाकांत, मार्केट कमेटी सचिव शिव कुमार राठी और मंडी प्रधान सुरेंद्र गोयल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। दौरे के दौरान विधायक ने गेहूं खरीद के नए नियमों को लेकर विस्तार से जानकारी ली और मार्केट कमेटी कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक भी की।
विधायक ने मंडी में पहुंची गेहूं की ढेरियों की नमी की जांच भी की। मंडी के एंट्री गेट पर गेटपास, बायोमेट्रिक और अन्य प्रक्रियाओं का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि एफसीआई की टीम द्वारा यूआरएस, सिकुड़ा हुआ और लस्टर लॉस जैसे मानकों की जांच के लिए सैंपल लिए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट जल्द आने की संभावना है। मौसम को देखते हुए फिलहाल गेहूं को बोरों में भरवाने का काम कराया जा रहा है ताकि किसानों की फसल सुरक्षित रह सके। इस अवसर फुड सप्लाई से हरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, विनोद कुमार, सुरेश बत्रा, रोहताश चिरस्मी, अनिल कौशिक, कमल जैन, प्रवीन गोयल, विनोद जैन, कृष्ण गोयल आदि मौजूद रहे।
असम में भाजपा 100 से अधिक सीटें जीतने जा रही है : कादियान
विधायक देवेन्द्र कादियान ने अपने हालिया असम दौरे का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वे चुनाव ड्यूटी पर असम गए थे और वहां के माहौल को देखते हुए दावा किया कि भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री

## जनगणना केवल आंकड़े नहीं, देश की सामाजिक-आर्थिक संरचना का आधार

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में जनगणना 2027 के तहत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना विभाग चंडीगढ़ के डिप्टी डायरेक्टर प्रमोद कुमार, मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार एवं जिला समन्वयक अनिकेत ने औचक निरीक्षण कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों के आगमन पर राजकीय हिंदी अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष एवं सहायक चार्ज ऑफिसर राजेश शर्मा झाड़ली, हरियाणा मास्टर वर्ग संगठन के जिला प्रधान दीपक कुमार शर्मा, तहसील कार्यालय के कानूनगो नरेश सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव, शंकर, फील्ड ट्रेनर प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, प्रो. सोमवीर, प्रो. डॉ. शमशेर सिंह एवं प्रवक्ता दिनेश शर्मा द्वारा उनका स्वागत किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एसडीएम योगेश सैनी के दिशा-निर्देशन तथा चार्ज ऑफिसर जनगणना एवं तहसीलदार अजय कुमार की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि जनगणना 2027 एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी व समर्पण के साथ करें। उन्होंने यह भी कहा कि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े ही विकास योजनाओं की मजबूत नींव होते हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।

## इनेलो ने दिया आढतियों के धरने को समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(रणबीर खटक)** इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार फसल खरीद के लिए जिन नियमों का प्रावधान किया है, वे किसानों और आढतियों को बर्बाद करने वाले हैं मगर इनेलो ऐसे संकट में दोनों वर्गों के साथ है और इस अन्याय को कतई सहन नहीं किया जाएगा। वे गुरुवार को रानियां अनाजमंडी में मार्केट कमेटी रानियां कार्यालय के समक्ष आढतियों द्वारा नियमों के खिलाफ दिए जा रहे धरने को समर्थन देते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा शासन में किसानों द्वारा मंडी में लाई जा रही गेहूं की फसल में नमी का हवाला देकर व चमक के नाम पर गेहूं की कटौती कर रहे हैं जो गैर तार्किक है। इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि बायोमेट्रिक के नाम पर भी किसानों के साथ भद्दा मजाक किया जा रहा है जो पूरी तरह से निंदनीय है। इनेलो जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी 14 अप्रेल को इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला सिरसा अनाजमंडी में किसानों की समस्याएं सुनेंगे। जस्सा ने कहा कि सरकार की ओर से किसानों व आढतियों पर लगाई गई गैर तार्किक शर्तों के कारण दोनों वर्गों को खासी दिक्कतें आ रही हैं मगर सरकार की ओर से अभी तक इन कानूनों को हटाने में कोई कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इनेलो किसी भी हालत में किसानों व आढतियों को अकेला नहीं छोड़ेगी और उनके हितों के लिए सडक से सदन तक संघर्ष किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ इनेलो के रानियां हलकाध्यक्ष हरमीत सिंह पंडोरीवाला, पवन बठला, जेपी कंग, टहल सिंह विर्क, निक्कूराम खीचड़, राकेश दहिया, मंगल विर्क, सुरजीत, मंजीत, यादविंद्र बाजवा, सुखविंद्र बाजवा, नरेश मुंजाल, सुखविंद्र सिंह अबूतगढ़ आदि मौजूद थे।

## हकेवि में एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा 45 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह पहल वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित ह्लसैमसंग इनोवेशन कैंपसह्न कार्यक्रम के अंतर्गत फोकल स्किल डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से संपन्न हुई। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के उद्योग-अकादमिक सहयोग भविष्य के लिए तैयार इंजीनियरों के निर्माण में भूमिका निभाते हैं

## सिरसा में धूमधाम से मनाया जाएगा जिला स्तरीय बैसाखी उत्सवः एडीसी अर्पित संगल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में 14 अप्रैल को बैसाखी उत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस२ जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को एडीसी कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।
बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बैसाखी पर्व की गरिमा के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पारंपरिक



लोक नृत्य, संगीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हों। उन्होंने सीडीएलयू ऑडिटोरियम में मंच सजावट, बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था लेकर संबंधित विभागों को पुख्ता प्रबंध करने के लिए कहा।
एडीसी अर्पित संगल ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल तक जनता की सुगम आवाजाही, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से भी अवगत करवाना है।

# जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष, चाचा - पक्ष के हमले में भतीजे की मौत

**विवाद**

इस हिंसक झगड़े में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं,

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले के थाना रोजका मेव क्षेत्र के गांव बड़का अलीमुद्दीन में जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस हिंसक झगड़े में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज



अलग - अलग अस्पतालों में चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 12 नामजद आरोपियों सहित अन्य के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है
प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी आबिद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता की वर्ष 2011 में मृत्यु हो चुकी है। परिवार में सात भाई - बहन हैं। उनके दादा के नाम करीब दो किला जमीन थी, जिसे उनके ताऊ यूसुफ ने कथित रूप से बहला - फुसलाकर अपने नाम करवा लिया। बाद में कई बार कहने के बावजूद जमीन का हिस्सा वापस नहीं दिया गया, जिससे दोनों पक्षों में रंजिश बढ़ती गई। उन्होंने बताया गया कि 8 अप्रैल की दोपहर करीब 3 से 3:30 बजे के बीच बच्चों के झगड़े को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा। आरोप है कि यूसुफ अपने परिवार के कई लोगों के साथ लाठी - डंडे, सरिया और फरसा लेकर आबिद के घर में घुस आया और हमला कर दिया। इस दौरान आमीन के सिर पर फरसे से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद उस पर लाठियों से लगातार हमला किया गया। हमले में तारिफ और आबिद को भी गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूंह ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने आमीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं तारिफ की हालत गंभीर होने के चलते उसे पहले नल्हड़ मेडिकल कॉलेज और बाद में दिल्ली के अस्पताल में रेफर किया गया, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आबिद की शिकायत के आधार पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। इस घटना से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## गोकशी मामलों में नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे, सूचना के आधार पर ही होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** - जिला मुख्यालय पर बृहस्पतिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने गोकशी से जुड़े मामलों को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अब जिले में गोकशी के मामलों में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा और किसी भी कार्रवाई से पहले उसी की सूचना और निर्देश के आधार पर पुलिस आगे कदम उठाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेवात क्षेत्र गोकशी के मामलों को लेकर पहले से संवेदनशील रहा है और इस तरह के विवाद कई बार आपसी भाईचारे में बाधा उत्पन्न करते हैं। कई बार छोटी - छोटी शिकायतें बड़े विवाद का रूप ले लेती हैं। इन घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए यह नई व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब यदि किसी को गोकशी से संबंधित कोई जानकारी मिलती है, तो उसे सीधे नोडल अधिकारी को सूचित करना होगा। नोडल अधिकारी के संज्ञान में मामला आने के बाद ही संबंधित थाना पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि कई बार गोरक्षा दल से जुड़े लोग खुद ही संदिग्ध वाहनों को रोकते हैं और कार्रवाई करते हैं, जिससे स्थिति बिगड़ जाती है। अब ऐसा नहीं होगा। किसी भी व्यक्ति या संगठन को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं होगी। सभी को पहले नोडल अधिकारी को सूचना देनी होगी, जिसके बाद पुलिस कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करेगी। प्रेस वार्ता में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बाहरी राज्यों से आने वाली पुलिस टीमों के लिए भी डीएसपी स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया

## किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर जागरुक बैठक आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया महेंद्रगढ़।** गांव बचीनी की आंगनबाड़ी केंद्र में किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर एक जागरुक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिथलेश व माया देवी ने की। इस बैठक में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर मंजू कुमारी मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन आशा वर्कर सुमन देवी व पिंकी ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उदेश्य किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, प्रजनन स्वास्थ्य और शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। बैठक में महावारी के दौरान स्वच्छता, पौष्टिक आहार लेने, एनीमिया (खून की कमी) से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुपरवाइजर मंजू कुमारी ने बताया कि किशोरी मासिक धर्म पर सुरक्षित महावारी के लिए सेनेटरी पैड का उपयोग करने और गंदे कपड़ों के कारण होने वाले संक्रमण से बचाव के लिए विस्तार से जानकारी दी।

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ के फार्मास्युटिकल साइंस विभाग द्वारा जैव रसायन विभाग एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से गुरुवार को ह्यफार्मास्युटिकल ड्रग साइकिल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई): यूएसएफडीए एवं ईएमए के नवीनतम दृष्टिकोणह्न विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया।
इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने



संबोधन में दवा खोज से लेकर पोस्ट-मार्केटिंग सर्विलांस तक फार्मास्युटिकल ड्रग साइकिल के विभिन्न चरणों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान में बहुविषयक दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित करते हुए फार्मास्युटिकल साइंस विभाग की इस पहल की सराहना की, जो जीवन विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है।
आयोजन में विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. पी. एस. मारुति साई ने फार्मास्युटिकल ड्रग डेवलपमेंट साइकिल में एआई की भूमिका पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि एआई तकनीकें उद्योग को अधिक तेज, सटीक एवं किफायती बना रही हैं। साथ ही, उन्होंने बड़े डेटा सेट्स के विश्लेषण के माध्यम से संभावित दवा अभ्यर्थियों की पहचान और उनके व्यवहार के पूवार्नुमान लगाने में एआई के उपयोग को विस्तार से समझाया।

## नूंह हिंसा मामलों में निष्पक्ष जांच की मांग, कांग्रेस विधायक ने एसपी से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
नूंह जिले में वर्ष 2023 की सांप्रदायिक हिंसा से जुड़े मामलों को लेकर कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन से उनके कार्यालय में मुलाकात की। करीब आधे घंटे तक चली इस बैठक में हिंसा से जुड़े मामलों की जांच और हालिया गिरफ्तारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक ने एसपी से मांग की कि कार्रवाई केवल दोषियों के खिलाफ ही की जाए और किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशान न किया जाए।
मुलाकात के बाद आफताब अहमद ने बताया कि 31 जुलाई



2023 को ब्रज मंडल शोभायात्रा के दौरान जिले में दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी, जिसके बाद पुलिस ने कई मुकदमे दर्ज कर बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां की थीं। उन्होंने कहा कि उस समय कुछ निर्दोष लोगों को भी गलत तरीके से आरोपी बनाया गया था और हाल ही में भी 10 -12 युवकों की ऐसी ही गिरफ्तारी सामने आई है, जिनका घटनाओं से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के पक्ष में हैं, लेकिन निदोर्षों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।
विधायक ने यह भी मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उच्च स्तरीय टीम का गठन किया जाए। इस पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने आश्वासन दिया कि एडिशनल एसपी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की जाएगी, जो निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करेगी।
उन्होंने कहा कि जांच में जिसकी भी भूमिका सामने आएगी, उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।
गौरतलब है कि नूंह में 31 जुलाई 2023 को हुई हिंसा के दौरान बड़े स्तर पर आगजनी और उपद्रव की घटनाएं हुई थीं। इस संबंध में करीब 60 मुकदमे दर्ज किए गए थे और करीब 300 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। अब इन मामलों में दोबारा जांच शुरू हो चुकी है और नई गिरफ्तारियां भी की जा रही हैं। विधायक ने गोकशी और नशा तस्करी जैसे मुद्दों पर भी पुलिस को सहयोग देने की बात कही, साथ ही पुलिस प्रशासन से निष्पक्षता के साथ काम करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक डॉ अर्पित जैन ने कहा कि इस मामले में डीएसपी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्दोष को तंग नहीं किया जाएगा और दोषी को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक आफताब अहमद ने इस मामले को लेकर उनसे मुलाकात की है।

## फसल बीमा राशि को लेकर भड़के किसानः गांगोली के किसानों का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
**नूंह** जिले के गांगोली गांव के किसान पिछले तीन वर्षों से खराब हुई फसल की बीमा राशि के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। बुधवार को दर्जनभर किसान नूंह लघु सचिवालय पहुंचे और अपनी समस्याओं को लेकर विरोध जताया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बीमा कंपनी और कृषि विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। किसानों ने बताया कि वर्ष 2025 - 2026 की रबी गेहूं फसल के लिए कृषि विभाग और रिलायंस बीमा कंपनी द्वारा



सभी प्लॉटों में नियमानुसार क्रॉप कटिंग (कोप कटिंग) की गई थी। यह प्रक्रिया सभी मापदंडों के अनुसार पूरी की गई थी, लेकिन इसके बावजूद रिलायंस बीमा कंपनी ने किला नंबर 71//6 सहित कई प्लॉटों पर द-फ्री (ऑब्जेक्शन) लगा दी, जिससे किसानों को बीमा राशि नहीं मिल पा रही है। किसानों का आरोप है कि जहां एक ओर कृषि विभाग के प्राइमरी वर्कर ने प्लॉटों की पैमाइश कदमों से की, वहीं बीमा कंपनी के अधिकारियों ने इसे नजरअंदाज करते हुए फीते से माप कराया, जो नियमों के खिलाफ है। किसानों ने कहा कि मौके पर मौजूद बीमा कंपनी और कृषि विभाग के अधिकारियों ने उन्हें वीडियो या फोटो बनाने पर द-फ्री लगाने की धमकी भी दी। ग्रामीणों का कहना है कि जिन - जिन किसानों की जमीन पर द-फ्री लगाई गई है, उन्हें आज तक बीमा क्लेम का भुगतान नहीं मिला है।

## न्यूज फ्लैश

### ऐरिया मॉल में सजा बैसाखी दा मेला का पाँचवाँ जश्न

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर 68 स्थित ऐरिया मॉल अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक उत्सव 'बैसाखी दा मेला' के पाँचवें संस्करण के साथ इस बार फिर फसल कटाई के पर्व बैसाखी को भव्य रूप से मना रहा है। 3 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक चलने वाले इस उत्सव में पंजाब की जोशभरी संस्कृति को इंटरैक्टिव गतिविधियों, पारंपरिक सजावट और धमाकेदार प्रस्तुतियों के जरिए साकार किया गया है। बैसाखी पंजाबी नववर्ष के साथ-साथ नेमत का अहसास, बरकत और नई शुरूआत का प्रतीक है यही भावना इस बार ऐरिया मॉल के परिसर में एक पंजाबी पिंड के माहौल में उतरती नजर आ रही है। थीमेटिक इंस्टॉलेशन, रंग-बिरंगे फोटो जोन और ग्रामीण पंजाब की छाप छोड़ने वाले क्यूरेटेड एक्टिविटी जोन इस उत्सव को एक यादगार अनुभव बना रहे हैं। उत्सव का मुख्य आकर्षण हर आयु वर्ग के दर्शकों के लिए तैयार की गई इंटरैक्टिव गतिविधियाँ हैं, जो प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलती हैं। इनमें बलून शूटिंग, जेंगा, मेज गेम, ढोल मेकिंग, मिट्टी के बर्तन बनाना और फ्रिज मैगनेट पेंटिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल हैं।सप्ताहांत पर उत्सव की रौनक और भी बढ़ जाती है; धमाकेदार भांगड़ा प्रस्तुतियाँ, पारंपरिक पगड़ी बाँधने का अनुभव और लोकप्रिय 'लस्सी चैलेंज' जैसी गतिविधियाँ आगंतुकों के बीच खासी पसंद की जा रही हैं। ये सभी अनुभव आगंतुकों को निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं।



मॉल प्रबंधन का कहना है कि संस्कृति, रचनात्मकता और सामुदायिक जुड़ाव की इस तिकड़ी ने 'बैसाखी दा मेला' को गुरुग्राम के सबसे लोकप्रिय त्योहारी आयोजनों में शुमार कर दिया है। पाँच साल में यह मेला अब एक परंपरा बन चुका है।

### ऐक्सिस म्यूचुअल फंड ने पेश किया ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड

**गाजियाबाद।** भारत की प्रमुख एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में से एक, ऐक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपना नया फंड - ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह एक खुली अवधि का इंडेक्स फंड है जो निफ्टी इंडिया डिफेंस टीआरआई के घटकों में निवेश करता है। यह एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए 10 अप्रैल 2026 को खुलेगा और 24 अप्रैल 2026 को बंद होगा। ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड का उद्देश्य व्यय से पहले ऐसे रिटर्न देना है जो ट्रैकिंग एरर के अधीननिफ्टी इंडिया डिफेंस टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के प्रदर्शन के बहुत करीब हों। यह फंड निवेशकों के लिए एक सस्ता, आसान और पारदर्शी तरीका है। इसके जरिए वे रक्षा क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलावों जैसे कि दुनिया भर में रक्षा पर बढ़ता खर्च, भारत में सेना का आधुनिकीकरण और सरकार द्वारा मेक इन इंडिया व निर्यात को बढ़ावा देने की नीतियों का फायदा उठा सकते हैं। यह उन लोगों के लिए बेहतरीन मौका है जो इस क्षेत्र में लंबी अवधि के लिए निवेश करना चाहते हैं। इस फंड के लॉन्च पर, ऐक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ, बी. गोपकुमार ने कहा, भारत का रक्षा क्षेत्र एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिसे बढ़ते बजट, मजबूत नीतिगत इरादे और निर्यात के बढ़ते अवसरों का समर्थन प्राप्त है।

ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड के जरिए हम निवेशकों को इस संरचनात्मक विकास में भाग लेने के लिए एक कम लागत वाला और नियम-आधारित तरीका प्रदान कर रहे हैं। यह फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो लंबी अवधि का नजरिया रखते हैं और अपने पोर्टफोलियो को भारत की रणनीतिक और विनिर्माण प्राथमिकताओं के साथ जोड़ना चाहते हैं।

# हत्या मामले की गुत्थी सुलझी, लालडू पंजाब वासी दो आरोपी भाई गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)**

पुलिस ने नरवाना ब्रांच नहर डल्ला माजरा में मिली लाश के हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कुरुक्षेत्र पुलिस ने डल्ला माजरा नहर में मिली लाश के हत्या मामले को सुलझाते हुए हत्या करने के आरोपी राजेन्द्र कुमार व राकेश कुमार वासीयान गोलू माजरा थाना लालडू जिला मोहाली पंजाब को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।




जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि 20 मार्च 26 को पुलिस को सूचना मिली थी कि नरवाना ब्रांच नहर डल्ला माजरा मे एक व्यक्ति की नाश तैर रही है जिसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची। गोताखोर प्रगट सिहं की सहायता से नाश को बाहर निकाला गया। पुलिस की सीन आफ क्राईम टीम व एफएसएल के द्वारा जांच की गई। गोताखोर प्रगट सिहं वासी दबखेडी की शिकायत पर थाना इस्माईलाबाद में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। लाश का पोस्ट मार्टम करवाया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच के लिए अपराध अन्वेषण शाखा-2 व थाना इस्माईलाबाद की टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने अलग अलग एंगल से मामले की जांच की। जांच के दौरान लगातार तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचनाओं के आधार पर सुराग जुटाए गए जिससे जांच को निर्णायक दिशा मिली। मृतक की पहचान गुरमुख सिंह वासी गोलू माजरा थाना लालडू जिला मोहाली पंजाब के रूप में हुई थी।दिनांक 8 अप्रैल 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्ग-निर्देश में उप निरीक्षक प्रेम चंद, पीएसआई प्रमोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, राम कुमार की टीम ने गहन जांच के बाद हत्या का सफलतापूर्वक खुलासा किया। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आरोपी राजेन्द्र कुमार व राकेश कुमार वासीयान गोलू माजरा थाना लालडू जिला मोहाली पंजाब को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। मृतक की दिमागी हालत ठीक न होने के कारण परिवार था परेशान पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गुरमुख सिंह पढाई करते समय 7वीं कक्षा में फैल हो गया था। जिस कारण वह दिमागी तौर पर पागल हो गया था। करीब 17/18 साल से गुरमुख सिंह का कई हस्पतालो में व कई अन्य जगहो पर काफी ईलाज करवाया गया परन्तु ठीक नहीं हुआ। पागल होने के कारण गुरमुख सिंह परिवार के सभी सदस्यों व बच्चों को मारने पीटने लग गया था।

## होम्योपैथी को एकीकृत करने का आह्वान किया

**टीम एक्शन इंडिया**

विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर पद्म श्री डॉ. मुकेश बत्रा ने 2047 तक भारत के किफायती, निवारक और आत्मनिर्भर स्वास्थ्य सेवा के लक्ष्य में होम्योपैथी को एकीकृत करने का आह्वान किया विश्व में होम्योपैथी क्लीनिकों की सबसे बड़ी श्रृंखला, डॉ. बत्राज हेल्थकेयर के संस्थापक पद्म श्री डॉ. मुकेश बत्रा ने विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर कार्रवाई का आह्वान किया है। यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने कहा है कि भारत के विकसित भारत 2047 के स्वास्थ्य एजेंडा के केंद्र में होम्योपैथी होनी चाहिए।

ॉ2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के लक्ष्य के लिए न केवल आर्थिक विकास, बल्कि स्वास्थ्य आत्मनिर्भरता भी आवश्यक है - 1.4 अरब लोगों के लिए सुलभ, किफायती और निवारक स्वास्थ्य सेवा। केंद्रीय बजट 2026-27 में स्वास्थ्य सेवा पर लगभग 1000 अरब रुपये (जीडीपी का लगभग 2%) खर्च किए जाने और स्वास्थ्य व्यय का लगभग 65% नागरिकों द्वारा अपनी जेब से वहन किए जाने (अनुमानित 5000 अरब रुपये प्रति वर्ष) के साथ, होम्योपैथी जैसी लागत प्रभावी, सुरक्षित और विस्तार योग्य प्रणालियों का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। डॉ. बत्राजऽ हेल्थकेयर के संस्थापक, पद्मश्री डॉ. मुकेश बत्रा ने कहा, "सवाल वैकल्पिक चिकित्सा बनाम आधुनिक चिकित्सा का नहीं है। सवाल यह है कि कौन सा संयोजन सभी के लिए स्थायी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करता है? 1.4 अरब की आबादी वाले राष्ट्र के लिए, स्वास्थ्य सेवा का भविष्य किफायती, निवारक, समग्र और मानवीय होना चाहिए।" भारत होम्योपैथी की विश्व राजधानी है, लेकिन इसकी पहुँच वास्तव में वैश्विक है।

### ममाज टीम सदस्य अनेय सिगड़ा को लगा पितृ शोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव सिगडा निवासी मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम सदस्य अनेय के पिता दलीप सिंह का हृदय गति रुकने की वजह से आकस्मिक निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सिगड़ा में किया गया। वे अपने पीछे अपनी पत्नी, एक पुत्र, दो पोता, दो पोती सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर प्रभु चरणों में विलीन हो गए। ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान, मनोज देवास, अनूप रिवासा, महेंद्र सिंह नांगल सिरोही, राज बीरेंद्र, संजय, मनपाल, सरपंच राजेंद्र सिंह, डॉ. अनिल कुमार, सुनील कुमार, प्रो. अश्विनी, लोग एवं रिस्तेदार उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए और अपनी श्रद्धांजलि दी।

## एसवीएसयू में हुआ विश्व स्तरीय लैंग्वेज लैब का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को विश्व स्तरीय लैंग्वेज लैब का उद्घाटन हुआ। इस पर लगभग 50 लाख रुपए से भी ज्यादा की लागत आई है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं अंग्रेजी के प्रख्यात विद्वान प्रोफेसर भीम सिंह दहिया ने इस लैब का उद्घाटन किया। इस लैब के लिए एचडीएफसी बैंक की ओर से सीएसआर के अंतर्गत सच फॉउण्डेशन द्वारा अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित कंप्यूटर प्रदान किए गए हैं। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने इस पहल का स्वागत किया।



लैब का उद्घाटन करते हुए प्रोफेसर भीम सिंह दहिया ने कहा कि यह लैब विद्यार्थियों के लिए अद्भुत उपहार है। इसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी कम्युनिकेशन स्किल को निखार सकेंगे। प्रोफेसर भीम सिंह दहिया ने विद्यार्थियों को निरंतर भाषा पढ़ने और उसे अपनी बोलचाल में निरंतर इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हम भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे तो वह हमारे भीतर से विलुप्त हो जाएगी। प्रोफेसर भीम सिंह दहिया ने बताया कि वह कैसे रोहतक जिले के पिछड़े गांव से अमेरिका में अंग्रेजी में शोध करने गए और उन्होंने अमेरिकियों को अंग्रेजी पढ़ाने का गौरव हासिल किया। प्रोफेसर भीम सिंह दहिया ने अंग्रेजी और अपने जीवन से जुड़े कई प्रेरक अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पहुंचने पर प्रोफेसर भीम सिंह दहिया का भव्य स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रोफेसर भीम सिंह दहिया अंग्रेजी के वह पुरोधा हैं, जिनके सान्निध्य में तीन पीढ़ियां अंग्रेजी सीख और समझ पाई हैं। उन्होंने प्रोफेसर दहिया के शिक्षा जगत में योगदान का महत्वपूर्ण उल्लेख किया।

### अनधिकृत मजारों पर कार्रवाई और लाउडस्पीकर नियंत्रण पर भी चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** नगर परिषद पलवल की बैठक बुधवार को अध्यक्ष डॉ. यशपाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें शहर के विकास, सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं से जुड़े 43 प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आधुनिक शहरी ढांचे को मजबूत बनाने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में सार्वजनिक पुस्तकालय, एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (क्ऌउउ), वरिष्ठ नागरिक क्लब, सखी निवास (वर्किंग वूमन हॉस्टल), मल्टीलेवल पार्किंग, रैन बसेरा, स्ट्रीट वेंडर्स के पुनर्वास, स्मार्ट बस शेल्टर, स्मार्ट वेस्ट बिन, वर्टिकल गार्डन और मियावाकी पद्धति से शहरी वन विकसित करने जैसे प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा जोहड़ों के पुनर्जीवन, ओपन एयर एम्फीथिएटर, ओपन जिम, डिजिटल प्रॉपर्टी प्लेट, क्विक रिस्पांस टीम, स्वागत द्वार और सामुदायिक भवन सहित विभिन्न जनसुविधाओं से जुड़े विषय भी एजेंडा में शामिल रहे।

बैठक के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर बनी अनधिकृत मजारों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने के विषय पर भी चर्चा की गई।

## पलवल में अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई, कई एकड़ में निर्माण किए ध्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** जिला नगर योजनाकार पलवल अनिल मलिक के निर्देशन में जिला में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में 8 एवं 9 अप्रैल 2026 को विभिन्न गांवों में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई।

कार्रवाई के दौरान गांव किठवाड़ी, बामनीखेड़ा और कुशलीपुर क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। इन स्थानों पर लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बने करीब 40 डीपीसी, बाउंड्री वॉल और रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। इसके अतिरिक्त बामनीखेड़ा में करीब 6 एकड़ तथा कुशलीपुर में लगभग 2.5 एकड़ क्षेत्र में अवैध निमार्णों को हटाया गया, जिसमें डीपीसी, बाउंड्री वॉल, सडक नेटवर्क तथा बिजली के खंभे शामिल थे।



इसी प्रकार 9 अप्रैल को गांव सोलड़ा में भी अवैध रूप से काटी गई 4 कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। यहां लगभग 22 से 25 एकड़ क्षेत्र में करीब 150 डीपीसी, 10 से 15 बाउंड्री वॉल तथा विकसित किए जा रहे रोड नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। यह पूरी कार्रवाई हरियाणा शहरी क्षेत्र अधिनियम, 1975 के तहत की गई। अभियान के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट, जिला नगर योजनाकार कार्यालय का फील्ड स्टाफ तथा पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, जिससे कार्रवाई को सुचारू रूप से अंजाम दिया जा सका। जिला नगर योजनाकार अनिल मलिक ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्ती बरती जाएगी।

## अर्जुन चौटाला का सरकार पर हमला, किसानों के मुद्दों पर उठाई आवाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** रानियां से विधायक एवं इनेलो नेता अर्जुन चौटाला ने पलवल अनाज मंडी का दौरा कर किसानों और पार्टी कार्यकताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए।

सभा को संबोधित करते हुए अर्जुन चौटाला ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां किसानों के हित में नहीं हैं। उन्होंने इनेलो की विचारधारा का जिक्र करते हुए चौधरी देवीलाल के सामाजिक और आर्थिक न्याय के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया।




उन्होंने बताया कि एक अप्रैल से प्रदेश की मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए कष्ट निवारण केंद्र शुरू किए गए हैं, ताकि नए नियमों के कारण किसानों को होने वाली परेशानियों का समाधान किया जा सके। मंडियों में अंगूठा लगवाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए उन्होंने इसे किसानों के लिए असुविधाजनक बताया और व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता बताई। मुआवजे के मुद्दे पर चौटाला ने कहा कि फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को प्रति एकड़ पचास हजार रुपये मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### अवैध हथियार सहित दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित मामले में दो आरोपियों आरोपियों अहसान पुत्र जिन्दा पुत्र सिब्बा निवासी गांव हमजागढ़, थाना गंगोह, जिला सहारनपुर यूपी व अनश पुत्र नौसाद पुत्र बदरूदीन निवासी गांव बोडपुर, थाना गंगोह, जिला सहारनपुर यूपी को ग्रीन बेल्ट सेक्टर 6 से काबू किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से दो देशी कट्टे .315 बोर, 6 जिंदा कारतूस .315 बोर तथा एक पिकअप बोलेरो गाड़ी बरामद की गई।

## विधायक कृष्णा गहलावत ने नाहरी सब खरीद केंद्र का निरीक्षण कर जायजा लिया

**राई ।** विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को नाहरा स्थित सब खरीद केंद्र में स्थित गेहूं खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंडी में फसल खरीद, उठान व्यवस्था और किसानों को मिल रही सुविधाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने देखा कि किसान अपनी फसल लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि फसल की तौल और खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी में अनाज के ढेर न लगें, इसके लिए खरीदी गई फसल का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक कृष्णा गहलावत ने मंडी परिसर में पेयजल, छाया और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य मिलना चाहिए और भुगतान समय पर होना चाहिए।



विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा, किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनकी मेहनत का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता है। सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि अनाज मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के समय सोनीपत मार्केटिंग कमेटी के सचिव जितेंद्र तथा खरीद एजेंसी हेफेड के अधिकारी राहुल त्यागी, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल तथा प्रवेश मौजूद थे।

भारतीय सेना/ INDIAN ARMY
पशु चिकित्सा कोर में अल्प सेवा कमीशन
SHORT SERVICE COMMISSION IN REMOUNT & VETERINARY CORPS

1. भारतीय सेना के पशु चिकित्सा कोर में 95वां अल्प सेवा कमीशन कोर्स हेतु पुरुष और महिला पशु चिकित्सा स्नातकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन कृपया वेबसाईट -www.joinindianarmy.nic.in पर देखें। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जाएंगे और आवेदन प्रक्रिया निम्नलिखित अवधि तक होगी:-
   2.1. अल्प सेवा कमीशन (आरवीसी) कोर्स (महिला) - **15 अप्रैल 2026 से 15 मई 2026**
   2.2. अल्प सेवा कमीशन (आरवीसी) कोर्स (पुरुष) - **17 अप्रैल 2026 से 18 मई 2026**

यदि कोई पूछताछ करनी हो तो, महानिदेशालय पशुचिकित्सा सेवाएं, क्वार्टरमास्टर जनरल शाखा, एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय (थल सेना), पश्चिमी खण्ड-3, आर के पुरम , नई दिल्ली - 110066 से लिखित अथवा ई मेल आई डी: **persvet-1779@nic.in** में संपर्क किया जा सकता है।

1. Applications are invited from male and female veterinary graduates for 95th Short Service Commission Course in Remount & Veterinary Corps of the INDIAN ARMY.
2. For Detailed notification please visit www.joinindianarmy.nic.in. Applications will only be accepted via online mode and will remain open as under :
   2.1. SSC (RVC) Course (Women) - **15 Apr 2026 to 15 May 2026**
   2.2. SSC (RVC) Course (Men) - **17 Apr 2026 to 18 May 2026**

Queries if any be sought from Dte Gen RVS, QMG Branch, IHQ of MoD (Army), West Block-3, RK Puram, New Delhi-110 066 in writing OR through E-mail ID : **persvet-1779@nic.in**

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

Note :-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

cbc 10601/11/0001/2627

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 10 अप्रैल 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## उत्तर प्रदेश के बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करना प्राथमिकता : योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में परिणामोन्मुख, क्लस्टर-आधारित नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी को गुरुवार हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने



अवगत कराया कि प्रदेश में लगभग 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं। उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में छठवें स्थान पर है। कालीन, दरी एवं मैट के उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग और ब्लैंकेट जैसे उत्पादों में भी राज्य की मजबूत उपस्थिति है। वर्ष 2024-25 में देश का कुल हथकरघा निर्यात 1178.93 करोड़ रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश का योगदान 109.40 करोड़ (लगभग 9.27 प्रतिशत) रहा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर पूर्ण वैल्यू चेन के रूप में विकसित हों, जहां डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच एक ही ढांचे में सुनिश्चित हो। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)

**निर्यात**

**देश के हथकरघा निर्यात में उत्तर प्रदेश का लगभग 9.27 प्रतिशत योगदान**

तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो। डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। उन्होंने डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव तथा डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए बेहतर प्रयासों की जरूरत भी बताई। संबंध में हतकरघा विभाग और पॉवर कॉर्पोरेशन मिलकर कार्ययोजना तैयार करेंगे।

## सीएम युवा पहल से आत्मनिर्भर बन रहे युवा, नए क्षेत्रों में बढ़ रही भागीदारी

**भूमिका**

**उत्तर प्रदेश अब आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीएम युवा योजना के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश में इनोवेशन आधारित स्टार्टअप तेजी से उभर रहे हैं, जिससे हजारों युवाओं को न केवल रोजगार मिल रहा है बल्कि वे खुद रोजगार सृजनकर्ता भी बन रहे हैं। सीएम युवा योजना के माध्यम से प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक इनोवेटिव उद्यम स्थापित किए जा चुके हैं, जो यह दशार्ता है कि युवाओं में उद्यमिता को लेकर आत्मविश्वास तेजी से बढ़ा है। खास बात यह है कि युवा पारंपरिक व्यवसायों से आगे बढ़कर नए और आधुनिक क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं।

**25 प्रतिशत उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य**

सीएम युवा के नोडल अधिकारी और ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार, सीएम युवा जैसी योजनाओं के माध्यम से न केवल रोजगार के अवसर बढ़े हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश अब आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम युवा के माध्यम से अब तक स्थापित कुल उद्यमों में 10 प्रतिशत इनोवेटिव मॉडल पर आधारित उद्यम हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मौजूदा वित्तीय वर्ष में इसे 25 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अगर सेक्टरवार आंकड़ों पर नजर डालें तो फूड और रेस्टोरेंट व्यवसाय युवाओं की पहली पसंद बनकर उभरा है, जहां सर्वाधिक 763 उद्यम स्थापित हुए हैं।

इसके अलावा कंप्यूटर ट्रेनिंग (370), पैथोलॉजी सैंपलिंग (260), फास्ट फूड (253), फ्रेंचाइजी आधारित मॉडल (253) और ऑनलाइन टीचिंग (189) जैसे क्षेत्रों में भी युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है।

## नवकार महामंत्र जैन धर्म की आध्यात्मिक परम्परा का प्रतीक : केशव



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर गुरूवार को जन भवन के गांधी सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नवकार महामंत्र आध्यात्मिक जागृति, अहिंसा और आस्था का मूल आधार है। यह महामंत्र जैन धर्म की महान आध्यात्मिक परम्परा का प्रतीक है, जो मानव जीवन में शांति, संयम, करूणा एवं सदभाव का संदेश देता है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहाँ हम सम्पूर्ण मानवता व सबके कल्याण की कामना करते हैं। अपने यहां कोई भी आयोजन होता है तो सम्पूर्ण विश्व का कल्याण हो। यह उदघोष किया जाता है। जैन, बुद्ध व सिख परम्परा के लोग हों सबने सबके कल्याण की

**शांति**

**आज हम धैर्य व शांतिपूर्वक आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व है**

कामना की है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब पूरे विश्व में तनाव व युद्ध का महौल है, उस समय भारत की एक ऐसी धरती है, जहां शांति के लिए आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि हम सब एकजुट होकर आगे बढ़ें तो निश्चित रूप से लक्ष्य प्राप्त करेंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है कि गरीब आदमी भी अमीर बने। जो अभावग्रस्त हैं उनका अभाव दूर हो। आज हम धैर्य व शांतिपूर्वक आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व है।

## खटीमा में मुख्यमंत्री धामी ने किया सीएसडी कैंटीन व सैनिक मिलन केंद्र का लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को ऊधमसिंह नगर जिले के खेतलसंडा स्थित सीएसडी कैंटीन में आयोजित गौरव सैनिक सम्मान समारोह में प्रतिभाग करते हुए पूर्व सैनिकों को बड़ी सौगात दी। इससे पहले उन्होंने 715.51 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीएसडी कैंटीन एवं 162.26 लाख रुपये की लागत से बने सैनिक मिलन केंद्र का लोकार्पण किया। सेवा संकल्प धारिणी फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्व. सूबेदार शेर सिंह धामी की छठी पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित



किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने अपने पिता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बलिदानियों को नमन किया और वीर नारियों और सैनिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में 60 वीर नारियों एवं 80 वीर योद्धाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री ने इसे भावुक क्षण बताते हुए कहा कि उनके पिता के आदर्श और संघर्षपूर्ण जीवन उन्हें निरंतर प्रेरित करते हैं।

**सौगात**

**गौरव सैनिक सम्मान समारोह में प्रतिभाग करते हुए पूर्व सैनिकों को बड़ी सौगात दी**

उन्होंने कहा कि एक सैनिक के लिए उसकी वर्दी सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक होती है, यह सीख उन्हें अपने पिता से मिली।

उन्होंने बताया कि उनके पिता ने महार रेजिमेंट में 28 वर्षों तक सेवा देते हुए भारत-चीन युद्ध 1962, भारत-पाक युद्ध 1965, भारत-पाक युद्ध 1971, ऑपरेशन ब्लूस्टार और ऑपरेशन रक्षक जैसे अभियानों में योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि रक्षा उत्पादन 2014-15 के 46 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि रक्षा निर्यात भी 38 हजार करोड़ रुपये तक बढ़ा है और भारत अब 80 से अधिक देशों को रक्षा सामग्री उपलब्ध करा रहा है।

## झूठ और धोखे की राजनीति कर रही कांग्रेस : मुख्यमंत्री सरमा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार देर रात सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अपनी ही हरकतों के कारण पवन खेड़ा को जेल की ओर धकेल रहे हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने अपने पोस्ट में कहा कि कांग्रेस नेताओं की हताशा इस हद तक बढ़ गई है कि वे पूरी तरह से मनगढ़ंत दस्तावेज जारी कर रहे हैं, जिन्हें उनकी टीम पहले ही उजागर कर चुकी है। उन्होंने कहा कि यह अब राजनीति नहीं रह गई है, बल्कि यह खुला धोखा है।



सरमा ने आगे कहा कि कांग्रेस का पूरा तंत्र अपनी जिम्मेदारी की भावना खो चुका है और जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि कुछ ही घंटों में असम की जनता इस धोखे का करारा जवाब देगी।

## फार्मेसी शिक्षा और शोध से बदलेगी स्वास्थ्य व्यवस्था: जायसवाल

**सृजन**

**संस्थानों और उद्योग के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे नए अवसरों का सृजन हो सके**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर आज गुरुवार को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित फार्मा अन्वेषण 2026 कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी




जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी द्वारा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की थीम फ्यूचर फार्मा इकोसस्टिम : एकेडेमयि, इंडस्ट्री, रसिर्च, रेगुलेटरी एंड प्रैक्टसि के बीच समन्वय रही, जिसमें फामेर्सी शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग के बेहतर तालमेल पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि फामेर्सी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है और आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था में इसकी भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के साथ-साथ फामेर्सी शिक्षा और रिसर्च को भी प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने युवाओं और शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नवाचार (इनोवेशन) और अनुसंधान के माध्यम से ही हम बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अकादमिक संस्थानों और उद्योग के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे नए अवसरों का सृजन हो सके।

## नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना: महिलाओं को मिलेंगे स्वरोजगार के अवसर

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को नया उद्यम स्थापित करने, मौजूदा व्यवसाय के विस्तार, विविधीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए बैंकों के माध्यम से अनुदानयुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना तथा रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना है।



योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत महिला आवेदकों के साथ-साथ महिला स्वयं सहायता समूह, उनके क्लस्टर, फेडरेशन, महिला स्वामित्व वाली फर्म, पार्टनरशिप, एलएलपी एवं कंपनियां भी पात्र होंगी। योजना के तहत विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार आधारित उद्यमों के लिए अधिकतम एक करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा सकेगा। व्यक्तिगत महिला आवेदकों के लिए अधिकतम 50 लाख रुपये तथा स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर एवं फेडरेशन के लिए एक करोड़ रुपये तक ऋण की व्यवस्था की गई है। योजना के अंतर्गत कुल परियोजना लागत पर 25 प्रतिशत

**उद्यम प्रोत्साहन**

**राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही**

तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विधवा, परित्यक्ता, दिव्यांग एवं हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए यह अनुदान 30 प्रतिशत तक निर्धारित किया गया है। अनुदान की अधिकतम सीमा 15 लाख रुपये तय की गई है। दस लाख रुपये तक के ऋण पर सामान्यतः कोलेट्रल सिक्योरिटी की आवश्यकता नहीं होगी। ऋण राशि का उपयोग मशीनरी, उपकरण, कार्यशील पूंजी, भवन निर्माण, फर्नीचर एवं कच्चे माल आदि के लिए किया जा सकेगा।

योजना का लाभ लेने के लिए महिला आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होना आवश्यक है तथा वह राजस्थान की मूल निवासी होनी चाहिए। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी तथा जिला स्तरीय महिला अधिकारिता कार्यालयों के जरिए योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। पात्र आवेदनों को बैंकों के माध्यम से स्वीकृत कर ऋण वितरण किया जाएगा।

## संघर्ष विराम की कामयाबी के लिए इजराइल पर नियंत्रण रखे अमेरिका: मुख्यमंत्री उमर

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष विराम की कामयाबी के लिए अमेरिका को इजराइल पर नियंत्रण रखना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह संघर्ष ईरान ने शुरू नहीं किया गया था, बल्कि उस पर थोपा गया था। श्रीनगर के एसकेआईसीसी में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने बढ़ते तनाव, विशेष रूप से लेबनान में इजराइल की कार्रवाइयों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगर संघर्ष विराम विफल



होता है, तो यह ईरान की गलती नहीं होगी, बल्कि केवल इजराइल की जिम्मेदारी होगी। अमेरिका को इजराइल पर लगाम लगानी होगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया टिप्पणियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री उमर ने कहा कि वाशिंगटन से आ रहे बयानों में एकरूपता नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सुबह कुछ और कहते हैं, दोपहर में कुछ और और शाम को कुछ और। उनकी भाषा किसी को भी शोभा नहीं देती, राष्ट्रपति को तो बिल्कुल भी नहीं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि ऐसे व्यवहार के कारण आम उपयोगकताओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ब्लॉक कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोग अमेरिकी राष्ट्रपति से डरते हैं, इसीलिए बार-बार धमकियों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

## साय सरकार की पहल से श्रद्धालुओं को मिल रही है अयोध्या व काशी दर्शन की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** रायपुर रेलवे स्टेशन पर उस समय भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला, जब कैबिनेट मंत्री श्री राजेश अग्रवाल एवं श्री टंकराम वर्मा ने 850 तीर्थयात्रियों के दल को विशेष रामलला दर्शन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया। जय श्री राम के जयघोष से पूरा स्टेशन गूंज उठा और श्रद्धालुओं के चेहरों पर पहली बार प्रभु श्रीराम के दर्शन की खुशी साफ झलक रही थी। तीर्थयात्रियों में अयोध्या जाने को लेकर अत्याधिक उत्साह का वातावरण था। अधिकांश श्रद्धालु पहली बार रामलला के दर्शन करने जा रहे थे और उन्होंने इस अवसर के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने यात्रियों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और यात्रा के संबंध में चर्चा करते हुए उनकी सुविधाओं का भी जायजा लिया।

यह तीर्थयात्रा अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ-साथ काशी में बाबा




**जयघोष**

**जयघोष से पूरा स्टेशन गूंज उठा और श्रद्धालुओं के चेहरों पर पहली बार प्रभु श्रीराम के दर्शन की खुशी साफ झलक रही थी**

विश्वनाथ के दर्शन का भी अवसर प्रदान करेगी। राज्य सरकार द्वारा आईआरसीटीसी एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के माध्यम से भोजन, आवास, चिकित्सा और भ्रमण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का बेहतर प्रबंध किया गया है। यात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारी श्रद्धालुओं की सहायता में तत्पर नजर आए और यात्री भी व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। साय सरकार की रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक 52 ट्रेनों के माध्यम से लगभग 44,200 श्रद्धालु इस यात्रा का लाभ ले चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली ट्रेन के रूप में रायपुर से 850 श्रद्धालु रवाना हुए हैं और अब तक कुल 53 ट्रेनों में 45,050 श्रद्धालु इस पावन यात्रा का हिस्सा बन चुके हैं। छत्तीसगढ़ को प्रभु श्रीराम का ननिहाल माना जाता है और यहां के लोग उन्हें ्भांचा राम् कहकर संबोधित करते हैं, जिससे प्रदेशवासियों का भगवान श्रीराम के प्रति गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव झलकता है। साय सरकार इस आस्था को सम्मान देते हुए लगातार तीसरे वर्ष श्रद्धालुओं को अयोध्या और काशी दर्शन का अवसर प्रदान कर रही है। रायपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई यह विशेष ट्रेन न केवल एक यात्रा का प्रारंभ है।